

राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 रिलायंस इंडस्ट्रीज को 19,299 करोड़ का शुद्ध मुनाफा, पहली बार ...

ईद के मौके पर नूर अहमद ने किया आईपीएल में डेब्यू... 11

वर्ष : 10 | अंक : 338 | पटना, रविवार, 23 अप्रैल, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

पीएसएलवी-सी55 लॉन्च : इसरो ने सिंगापुर के दो सैटेलाइट को किया लॉन्च, भारत की अंतरिक्ष ताकत बढ़ी

प्रात: किरण

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-सी55 (पीएसएलवी-सी55) के साथ शनिवार को सिंगापुर के दो सैटेलाइट टेलीओएस-2 और ल्यूमलाइट-4 को लॉन्च किया गया। पीएसएलवी कोर अलोन वैरिएंट रॉकेट 741 किलोग्राम सिंथेटिक एपर्चर रडार सैटेलाइट टीएलओएस-2 को प्राइमरी पैजेंसर के रूप में और को-पैजेंसर के रूप में 16 किग्रा ल्यूमिलाइट-4, एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन नैनो सैटेलाइन ने दोपहर 2.20 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरी। इस लॉन्चिंग के बाद 1999 के बाद से 36 देशों से संबंधित ऑर्बिट में भेजे जाने वाले विदेशी सैटेलाइट की संख्या बढ़कर 424 पहुंच गई है। इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ ने पीएसएलवी-सी55 के प्रक्षेपण के मौके पर कहा कि हम बहुत खुश हैं कि इसने बहुत अच्छा किया। हम चाहते हैं कि भारत के निजी लोग अंतरिक्ष में आएं... इससे अधिक रोजगार, उद्योग और व्यवसाय पैदा होंगे। बताया कि पीएसएलवी सी55 ने सिंगापुर के दो उपग्रहों को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। भारत के अंतरिक्ष विभाग की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड की ओर से शनिवार को रॉकेट लॉन्चिंग दोनों पक्षों के साथ कॉन्ट्रैक्ट करके संभव हुआ। इन दो सैटेलाइट के अलावा, सात नॉन सेपरेबल एक्सपेरिमेंट

पेलोड हैं जो रॉकेट के अंतिम चरण (पीएस 4) का हिस्सा हैं। वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी), बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस, ध्रुव अंतरिक्ष और भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान से संबंधित हैं।

इसरो पीएसएलवी रॉकेट के अंतिम चरण (पीएस4) को ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंट के लिए एक ऑर्बिट प्लेटफॉर्म के रूप में उपयोग करता है और इसे पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंट मॉड्यूल (पीओईएम) नाम दिया है। 228 टन वजनी 444 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी55 रॉकेट धीरे-धीरे पहले लॉन्चपैड से आसमान की ओर बढ़ा। रोलिंग थंडर साउंड का उत्सर्जन करते हुए रॉकेट ने गति प्राप्त की। पीएसएलवी रॉकेट वैकल्पिक रूप से ठोस (पहले और तीसरे चरण) और तरल (दूसरे और चौथे चरण) ईंधन की ओर से संचालित होता है।

शनिवार को जिस रॉकेट ने उड़ान भरी, वह बिना किसी स्ट्रैप-ऑन मोटर के पीएसएलवी की 57वीं उड़ान और कोर अलोन वैरिएंट का 16वां मिशन था। इसरो के अनुसार, टीएलईओएस-2 सैटेलाइट डीएसटीए (सिंगापुर सरकार का प्रतिनिधित्व) और एसटी इंजीनियरिंग के बीच एक साझेदारी के तहत विकसित किया गया है। एक बार तैनात और चालू होने के बाद, इसका उपयोग सिंगापुर सरकार के भीतर अलग-अलग एजेंसियों की उपग्रह इमेजरी आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए किया जाएगा।

मौसम अधिकतम तापमान 38.0°C न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,995
चांदी	72,500
सेंसेक्स	57,635
निफ्टी	16,986

संक्षिप्त खबरें

तिरूपति से दानापुर एवं सिकंदराबाद से रक्सौल के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

पटना। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा सिकंदराबाद से रक्सौल एवं तिरूपति से दानापुर के लिए एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 07419/07420 तिरूपति-दानापुर-तिरूपति स्पेशल ट्रेन (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 07420 दानापुर-तिरूपति स्पेशल ट्रेन 24 अप्रैल, 01 मई एवं 08 मई को दानापुर से 14.00 बजे खुलकर बुधवार को 07.45 बजे तिरूपति पहुंचेगी । गाड़ी सं. 07419 तिरूपति-दानापुर स्पेशल ट्रेन 29 अप्रैल एवं 06 मई को तिरूपति से 07.15 बजे खुलकर रविवार को 23.15 बजे दानापुर पहुंचेगी । इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 03, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 11 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे । गाड़ी संख्या 07007/07008 सिकंदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन (सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. के रास्ते) - गाड़ी सं. 07007 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन 23 अप्रैल, 30 अप्रैल एवं 07 मई को सिकंदराबाद से 10.30 बजे खुलकर सोमवार को 23.45 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए मंगलवार को 06.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 07008 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन 25 अप्रैल, 02 मई एवं 09 मई को रक्सौल से 19.15 बजे खुलकर बुधवार को 01.15 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए गुरूवार को 14.30 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी । इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे ।

नालंदा में बम ब्लास्ट, तेज धमाके से थर्रा उठा पहाड़पुर

नालंदा। नालंदा जिले के बिहारशरीफ के पहड़पुरा मोहल्ले में बम विस्फोट का मामला प्रकाश में आया है। घटना बिहार थाना के पहाड़पुरा मोहल्ले की बताई जा रही है। अचानक विस्फोट होने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि इस विस्फोट में दो लोग घायल हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही डीएम शशांक शुभंकर और एसपी अशोक मिश्रा मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं। स्थानीय लोगों की माने तो मौके पर खून के धब्बे और बारूद बिखरे हुए हैं। आशंका जाहिर की जा रही है कि बम बनाने के दौरान विस्फोट हुआ। डीएम के मुताबिक एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा। सीसीटीवी फुटेज में हल्का धुआं दिख रहा है। आसपास जहां घटना की बात बताई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने दी ईद के अवसर पर सभी को मुबारकबाद, कहा- सभी लोग आपसी प्रेम एवं भाईचारा के साथ ईद मनायें

समाज के हर तबके के उत्थान के लिए करते हैं काम : नीतीश

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। ईद-उल-फितर के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गाँधी मैदान पहुँच कर इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी से मुलाकात कर उनसे मोसाफा किया और ईद की मुबारकबाद पेश की। इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी ईद की मुबारकबाद दी तथा बिहार की सुख, समृद्धि, प्रगति, उन्नति एवं विकास की कामना की। इससे पूर्व इदैन कमिटी के सदर महमूद आलम ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गुलदस्ता भेंटकर एवं साफा पेश कर उनकी इज्जत अफजाई की।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तमाम नमाजियों सहित मुस्लिम भाई-बहनों एवं बिहारवासियों तथा देशवासियों को ईद की मुबारकबाद एवं बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लोगों से गले मिलकर, हाथ मिलाकर भी ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, पटना प्रमंडल के आयुक्त कुमार रवि, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राकेश राठी, पटना के जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि ईद के अवसर पर मैं सभी को मुबारकबाद देता हूँ। वर्ष 2006 से ही ईद के मौके पर हम यहां आते रहे हैं। पिछले दो वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना के कारण इसका आयोजन नहीं हो पाया था। ईद के मौके पर यहां आकर मुझे खुशी होती है। यहां अच्छा माहौल है। रमजान के इस पवित्र महीने में लोग एक माह तक रोजा रखते हैं। इस दौरान हम अनेक जगहों पर जाते हैं। सभी लोग प्रेम के साथ इस पर्व को मनाते हैं। आपस में प्रेम और भाईचारा का भाव बना रहना चाहिये। सभी लोग प्रेम एवं भाईचारा के साथ ईद मनायें। समाज के हर तबके के उत्थान के लिए हम काम करते हैं। चाहे किसी भी धर्म के माननेवाले हों, सबका सम्मान करते हैं, सबकी इज्जत करते हैं। आपस में प्रेम और भाईचारा का भाव बना रहे, इसके लिए जो संभव हो प्रयास करते हैं। ईद के अवसर पर हमारी सभी को शुभकामनाएं हैं।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जगहों का किया भ्रमण, लोगों से मुलाकात कर दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को ईद-उल-फितर के अवसर पर खानकाह-मुजीबिया फुलवारीशरीफ जाकर वहां के सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह आयतुल्ला कादरी से मुलाकात कर उनकी दुआयें ली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री इमारत-ए-शरिया, फुलवारीशरीफ जाकर वहां के नायब अमीर-ए-शरीयत शमशाद रहमानी, कार्यकारी सचिव मौलाना शिब्ली कासमी सहित अन्य लोगों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सुल्तानगंज स्थित इदारा-ए-शरिया पहुंचकर वहां के सदस्य डॉ फरीद अमानुल्लाह एवं पूर्व विधान पार्षद गुलाम रसूल बलियावी से मुलाकात कर ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इदारा-ए-शरिया के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और राज्य की तरक्की के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उन्हें आभार पत्र भी सौंपा। इसके बाद मुख्यमंत्री मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह-ए-मुनएमिया पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं सैयद शाह शमीमुद्दीन अहमद मुनअमी के साथ मिलकर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की दुआ की। साथ ही वहां मौजूद लोगों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं। इसके बाद मुख्यमंत्री तकिया शरीफ, मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह बारगाहे इश्क पहुंचकर वहां के

सज्जादा नशीं आमिर शाहिद सहित अन्य लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके बाद मुख्यमंत्री एक्जिविशन रोड स्थित डॉ अहमद अब्दुल हई के आवास, आशियाना दीघा रोड स्थित डॉ मो ग्यासुद्दीन रई साहब के आवास, आशियाना-दीघा रोड स्थित सांसद श्री अहमद अषफाक करीम के आवास एवं दानापुर छावनी स्थित हाजी मोहम्मद इलियास उर्फ सोनू बाबू के आवास पर जाकर ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं। ईद-उल-फितर के अवसर पर विभिन्न जगहों के भ्रमण के दौरान सूचना एवं जन-सम्पर्क सह जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पटना के जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह एवं पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

ईद की मुबारकबाद देने फुलवारी पहुंचे तेजस्वी, कहा-आपस में मिलजुल कर रहें

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद शनिवार को देर शाम ईद की मुबारकबाद देने फुलवारीशरीफ पहुंचे। इमारत शरिया और खानकाह ए मुजीबिया में धार्मिक विद्वानों से मुलाकात कर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद ने ईद की मुबारकबाद पेश की। उप मुख्यमंत्री के साथ पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी भी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद पहले इमारत शरिया पहुंचे, जहां नायब अमीरे शरियत मौलाना शमशाद रहमानी कासमी एवं कार्यवाहक नाजिम मौलाना शिब्ली अल कासमी ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। यहां उपमुख्यमंत्री ने धार्मिक विद्वानों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इमारत शरिया से उप मुख्यमंत्री का काफिला निकलकर खानकाह ए मुजीबिया फुलवारीशरीफ पहुंचा, जहां खानकाह के प्रबंधक हजरत मौलाना मिन्हाजउद्दीन कादरी ने उनका स्वागत किया और पीर हजरत मौलाना आयतुल्लाह कादरी से मुलाकात कराने उनके हुजरे में ले गए। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद खानकाह ए मुजीबिया के पीर हजरत मौलाना सैयद शाह आयतुल्लाह कादरी से मुलाकात कर उन्हें ईद की मुबारकबाद पेश की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मजबूती का पैगाम लेकर आता है। समाज में एक दूसरे को मदद करने एवं आपस में मिलजुल कर त्यौहार मनाने की अपील करते हुए सभी लोगो को ईद की मुबारकबाद दी।

संसद सदस्यता प्रकरण : राहुल गांधी ने खाली किया सरकारी आवास

बोलें- सच बोलने की चुकानी पड़ी है कीमत

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। संसद सदस्यता जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सांसद के तौर पर मिला अपना आधिकारिक आवास खाली कर दिया है। राहुल गांधी ने खुद गेट को लॉक किया और चाबी लोकसभा सचिवालय के अधिकारी को सौंपी। अधिकारी को चाबी देने के बाद राहुल गांधी माँ सोनिया गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ के लिए रवाना हो गये।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 2013 के एक फैसले में कहा था कि अगर कोई भी सांसद या विधायक निचली अदालत में दोषी पाया गया तो वह संसद या विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य होगा। इसी नियम के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द हुई। जिसके बाद उन्होंने अपने सरकारी बंगले को खाली कर दिया और चाबी लोकसभा के अधिकारी के हाथों में सौंपकर तुगलक रोड से 10 जनपथ स्थित मां के घर रहने के लिए चले गये। तुगलक रोड स्थित बंगला को छोड़ने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत की। राहुल गांधी ने कहा कि 2004 में अमेठी से सांसद बनने के बाद 2005

में यह बंगला उन्हें मिला था। देश की जनता के आशीर्वाद से 19 साल तक इस घर में रहा। इसके लिए देश की जनता को धन्यवाद देना हूं। राहुल गांधी आगे कहते हैं कि उन्हें सच बोलने की कीमत चुकानी पड़ी है। वे अब भी सच ही बोलेंगे। सच बोलने के लिए कोई भी कीमत चुकाने के लिए वे तैयार हैं। वही, उनकी बहन प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरे भाई राहुल गांधी ने जो कुछ बताया वो बिल्कुल सही है। जब से उन्होंने सरकार की सच्चाई सबके सामने लाई तब से उनके साथ यह सब हो रहा है। लेकिन मुझे मालूम हैं कि मेरा भाई काफी हिम्मतदार हैं, वे किसी से डरने वाले नहीं है और ना ही हम किसी से डरेंगे। बिना डरे हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे। एक ना एक दिन जीत सच्चाई की ही होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के तुगलक लेन स्थित अपना सरकारी बंगला खाली करने पर कहा कि वे अब यह घर किसी को भी दे सकते हैं। जिस तरह से मोदी सरकार और अमित शाह राहुल गांधी को निशाना बना रहे हैं, वह पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध है। राहुल गांधी के इस कदम की कांग्रेस नेता शशि थरूर ने तारीफ की है। थरूर ने कहा कि राहुल का ये कदम अनुकरणीय है। राहुल गांधी के सरकारी बंगला खाली करने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्वीट किया, राहुल गांधी ने लोकसभा के आदेश पर तुगलक लेन में स्थित अपने सरकारी बंगले को खाली कर चुके हैं। अदालत ने उन्हें अपील के लिए 30 दिन का समय दिया था। हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट उन्हें पुनः बहाल कर सकती है, लेकिन उनका बंगला छोड़ने का निर्णय, नियमों के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है।

सत्यपाल मलिक प्रकरण पर सियासत तेज, जदयू व कांग्रेस ने कसा तंज

पटना। रिलायंस बीमा घोटाला मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को नोटिस मिलने के बाद सियासत तेज हो हो गई। इस प्रकरण पर कांग्रेस व जदयू ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि केंद्र पर सवाल उठाने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। ललन सिंह ने ट्वीट कर कहा कि कायर अपने विरोधियों को निशाना बनाने के लिए सरकारी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक साहब लड़ रहे हैं लेकिन कायर अपने विरोधियों को निशाना बनाने के लिए सरकारी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता कि देश की जनता उन्हें देख रही है। आपके खिलाफ कार्रवाई अंदेशा उसी दिन हो गया था जिस दिन आपने (पुलवामा घटना से संबंधित) तथ्य का खुलासा किया। उन्होंने कहा, सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है। वहीं, दूसरी ओर केंद्र पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने भी एक ट्वीट किया है। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि आखिरकार पीएम मोदी संयम नहीं बरत सके। सत्यपाल मलिक ने पूरे देशवासियों के सामने उनका पदार्फाश किया और इसलिए सीबीआई ने उन्हें बुलाया है।

दर्दनाक सड़क हादसे में 2 की मौत, सात जख्मी

नवादा। नवादा में शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के मुताबिक भीषण कार दुर्घटना में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार सभी लोग रजरप्पा मंदिर में पूजा अर्चना कर वापस अपने घर बिहारशरीफ लौट रहे थे। हादसे में घायल लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रजरप्पा मंदिर में पूजा कर वापस लौटने के क्रम में रजौली थाना क्षेत्र के कारीगांव मोड़ के निकट हादसा हुआ। बताया गया है कि सड़क पर गिट्टी रहने के कारण कार चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया। जिसके कारण कार सड़क किनारे जाकर पलट गयी। इस हादसे में खुशबू कुमारी और प्रतिमा कुमारी की मौत हो गई। दोनों नालंदा जिले के नूरसराय की रहने वाली थी। सभी सात घायलों की स्थिति गंभीर : सड़क दुर्घटना में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। डीएसपी पंकज कुमार और अन्य पुलिस कर्मियों के सहयोग से सभी घायलों को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही हैं। घायलों में दो बच्चे भी शामिल है। दुर्घटना के बाद घायल लोग अपना नाम भी नहीं बता पा रहे थे। बाद में जानकारी मिली कि वे सभी बिहारशरीफ के नूरसराय के रहने वाले थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कार्यक्रम पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने जनसंख्या कानून सहित कई ज्वलंत मुद्दों पर रखी अपनी बात

जनसंख्या का संतुलन स्वाभाविक रूप से होगा, जबरदस्ती के उपायों से नहीं : स्वामी

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी एक कार्यक्रम में भाग लेने के शनिवार को पटना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण समेत देशभर के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के आंकड़ों के मद्देनजर जनसंख्या कानून की आवश्यकता के सवाल पर दो टूक में कहा कि जनसंख्या का संतुलन स्वाभाविक रूप से होगा, जबरदस्ती के उपायों से नहीं। आगे उन्होंने कहा कि आज हमारी जनसंख्या वृद्धि की तुलना 50-60 साल पहले से करें। यदि अर्थव्यवस्था 10 प्रतिशत या उससे अधिक की दर से बढ़ती है, तो जनसंख्या का संतुलन स्वाभाविक रूप से होगा।

यूएनएफपीए के ताजा आंकड़ों के अनुसार 142.86 करोड़ की आबादी के साथ भारत जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का पहले नंबर का देश बन गया है और उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है। जनसंख्या नियंत्रण के लिए

कानून की आवश्यकता के बारे में पूछे जाने पर स्वामी ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसकी आवश्यकता है। जबरदस्ती के उपायों से जनसंख्या नियंत्रित नहीं हो सकती। हमें इंदिरा गांधी के ऐसे प्रयासों को नहीं भूलना चाहिए जिसके खतरनाक परिणाम हुए थे। उन्होंने कहा कि 50 साल पहले जिस रफ्तार से जनसंख्या बढ रही थी, उसमें कमी आई है। उन्होंने कहा कि आर्थिक प्रगति से ये अपने आप कम होती जाती है। यूपी में कानून व्यवस्था में सुधार : उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार होने की बात करते हुए कहा कि अतीक अहमद की हत्या कर दी गई। इस मामले की अब जांच हो रही है। उन्होंने राजधानी पटना में अतीक अहमद के समर्थन में लगे नारों को लेकर बस इतना ही कहा कि लोकतंत्र हैं तो कोई कुछ भी कह सकता है। नारे लगा सकते हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि वे अपना ही बुरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे मूर्ख व्यक्ति हैं। यह सर्वविदित है कि अतीक किस प्रकार का आदमी था। उसके हत्यारे भी पकड़े गए हैं और उन्हें उचित कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। हमें इस तरह के नारे लगने से ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। यदि नारे राष्ट्र-विरोधी हैं, तो प्रशासनिक तंत्र संज्ञान ले सकता है और उचित कार्रवाई कर सकता है। उसके बाद सुब्रमण्यम स्वामी ने कई सवालों के जवाब दिये।

सुब्रमण्यम स्वामी ने एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ओवैसी एक मित्र हैं, जो अत्यधिक बुद्धिमान हैं। मैं अकसर उनसे मजाक में कहता हूं कि वह एक देशभक्त हैं, जो प्रायः खुद को मुसलमानों के नेता के रूप में स्थापित करने के लिए राष्ट्र हित के खिलाफ काम करते हैं।

लेकिन वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें सम्मान के साथ सुना जा सकता है। सुब्रमण्यम स्वामी से जब पत्रकारों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विपक्षी दलों की ओर से प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर सवाल किया तब उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है। वे मेरे अच्छे मित्र हैं। नीतीश कुमार जेपी मूवमेंट के समय से ही उनके मित्र हैं। नीतीश कुमार की ओर से 2024 में प्रधानमंत्री को टक्कर देने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री ऐसा कभी नहीं कहा। स्वामी ने कहा कि वे जब नीतीश कुमार से मिलेंगे तो जरूर इस बारे में पूछेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि नीतीश कुमार भविष्य में प्रधानमंत्री बन सकते हैं इस पर स्वामी ने मुस्कराते हुए जवाब दिया कि मैं कैसे कह सकता हूं जब तक कि नीतीश खुद ऐसी इच्छा व्यक्त नहीं करते ?

संक्षिप्त खबरें

एक-दूसरे के गले मिलकर दी ईद मुबारक

फतुहा। भाईचारे का पर्व ईद उल फितर शनिवार को प्रखंड में धूमधाम से मनायी गई। ईद की नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही रंग बिरंगी टोपियां एवं कुर्ता-पजामा आदि नए वस्त्र पहन कर युवा, वृद्ध और बच्चे ईदगाह, मदरसा और मस्जिदों में पहुंचने लगे। जहां पर निर्धारित समय के साथ कतार में खड़े होकर ईद की नमाज अदा की और अल्लाह से गांव, प्रखंड, जिला में अमन चैन की दुआ मांगी। तत्पश्चात हर कोई ईर्ष्या, द्वेष को भुलाते हुए गले मिलकर एक दूसरे को ईद का मुबारकबाद दिया। इसके बाद नमाजियों के साथ बच्चों, युवाओं और महिला-पुरुषों ने मस्जिद के प्रांगण में गरीबों को खैरात बांटा। इसके बाद एक दूसरे के घर जाकर ईद की बधाई देते हुए सेवइयां लक्षा का सेवन किया। मौके पर प्रशासन के साथ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश के नेतृत्व में पुलिस बल के जवान इलाके में पेट्रोलिंग करते नजर आए।

श्री शनि शांति महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली

फतुहा। प्रखंड के मोजीपुर में ग्यारह दिवसीय श्री शनि शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पहला दिन गांव के देवी मंदिर से श्री शनि शांति महायज्ञ को लेकर एक विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लिया। वहीं 1100 कलश पात्र लेकर बैंड बाजे के साथ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पहुंचे तथा कलश पात्र में गंगाजल भरकर वापस महारानी चौक होते हुए मोजीपुर लौट गये। रविवार को महायज्ञ का अनुष्ठान शुरू होगी तथा महायज्ञ की पूर्णाहुति दो मई को होगी। ग्यारह दिन चलने वाले महायज्ञ के दौरान संतो व महात्माओं द्वारा प्रवचन की व्यवस्था की गयी है। साथ ही रासलीला का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजकों में मोजीपुर गांव के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूरा मोजीपुर ग्राम भक्तिमय हो गया है।

रुपए बढ़ाने का झांसा देकर व्यक्ति को लगाया 23.5 लाख का चूना

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत चित्रकुट नगर निवासी मनीष कुमार ने अज्ञात साइवर बदमाश के खिलाफ लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसके व्यापार में काफी घाटा होने से परेशान था। तभी फेसबुक के माध्यम से ट्राई वाहयूडी आईडी के संपर्क में आया। जहां एक महिला ने चैट द्वारा संपर्क कर बताया गया कि आप जितना पैसा लगाओगे तो तुम्हारा रुपया तीन से पांच गुना होकर मिलेगा। वे पहली बार में यूपीआई के माध्यम से साढ़े तीन लाख रुपए भेज दिया। लेकिन महिला द्वारा कुल 23.50 लाख रुपए देने की बात कही। वह महिला के झांसे में आकर तीन बार में साढ़े तेईस लाख रुपए बैंक के माध्यम से भेज दिये। महिला द्वारा फिर तेरह लाख रुपए की मांग की जाने लगी। उसे समझ में आया कि कही वह ठगी का शिकार तो न हो गया। वह जब अपना रुपया वापस मांगा तो साइवर बदमाश द्वारा चैट आईडी बंद कर दिया। पीड़ित सारे मामले को साइवर क्राइम में भी लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर छानबीन की जा रही है।

तत्काल टिकट के साथ एक दलाल गिरफ्तार

दानापुर। पाटलिपुत्र आरपीएफ रेल पुलिस ने टिकट दलालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए दीघा दानापुर रोड के व्यवहार न्यायालय दानापुर के पूरब स्थित प्रदूषण जाँच केंद्र सेएक दलाल आनंद कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दलाल के पास से 3 अदद तत्काल टिकट के साथ नगद रुपए व अन्य सामग्री बरामद की गई है। जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर एस. ए. पटेल ने बताया है कि जानकारी मिली कि दीघा दानापुर रोड के दक्षिण व्यवहार न्यायालय दानापुर के पूरब स्थित प्रदूषण जाँच केंद्र सह उरउ सेंटर दुकान में तत्काल टिकट काटने का कार्य किया जा रहा है। छापेमारी के दौरान अभियुक्त के दुकान से पर्सनल आईडी, 3 तत्काल टिकट, जिसका कुल मूल्य लगभग 1116.45 रुपया।

तख्तश्री कमेटी के चुनाव को ले वोटर लिस्ट में नाम अब 30 तक जुड़ेगा

तीन निर्वाचन क्षेत्र के जिम्मेवार ने महासचिव को पत्र लिख गर्मी व पर्व का दिया हवाला

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के मतदाता सूची तैयार करने के आदेश के निर्धारित तिथि को विस्तारित किया है। अब पांचों हलका के मतदाता सूची तैयार करने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित किया गया है। हालांकि जिम्मेवार लोगों ने पत्र भेजकर 15 से 20 दिनों की तिथि विस्तारित करने की मांग की थी। कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने 22 अप्रैल को तपस3/4918/23 पत्र जारी किया। इसमें कहा गया कि तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की मतदाता सूची तैयार करने से संबंधित हलका संख्या एक, दो और तीन के अलावा उत्तरी बिहार एवं दक्षणी बिहार के चुनाव से संबंधित वोटर लिस्ट फाइनल करने के लिए निर्धारित जिम्मेदार व्यक्तियों और वोटरों के द्वारा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल अपराह्न पांच बजे तक निर्धारित की गई थी। मगर लगातार अनुरोध पत्र आने और 15-20 दिनों के लिए समय बढ़ाए जाने की मांग की गई।

इस पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया कि फॉर्म जमा करने की तिथि में विस्तार करते हुए 30 अप्रैल को अपराह्न पांच बजे तक फॉर्म जमा कराया जा सकता है। इसके बाद वोटर लिस्ट फाइनल करने के बाद चुनाव पदाधिकारी को देने से संबंधित अगली कार्रवाई अधोहस्ताक्षरी के द्वारा की जाएगी। इसकी सूचना पटना सिटी एसडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी, तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, हलका दो के हरबंश सिंह, हलका तीन के गुरुविंदर सिंह, जगजीवन सिंह, उत्तरी बिहार के लखविंदर सिंह, रंजीत सिंह, करनैल सिंह, दक्षिणी बिहार के इंद्रजीत सिंह और तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के चुनाव पदाधिकारी अधिवक्ता गुरमीत सिंह को भी दी गई है। विदित हो कि मतदाता सूची तैयार करने और जमा कराने की अंतिम समय 23 अप्रैल रखा गया था। इसे कम से कम 15 दिन बढ़ाने का अनुरोध उत्तरी बिहार के बड़े क्षेत्र होने और गर्मी के कारण सफर करना प्रबंधकों से मिलना संभव नहीं हो पा रहा है। पर्व के कारण भी सीख व्यवसाई समय नहीं दे पा रहे हैं। इस कारण से लखविंदर सिंह ने 15 दिनों के लिए समय बढ़ाए जाने की मांग की थी। वहीं हलका संख्या तीन से भी गुरुविंदर सिंह ने महासचिव को पत्र सौंपकर कहा कि मतदाता सूची 23 अप्रैल तक तैयार करके सुपुर्द करना संभव नहीं है। इसलिए नया नाम जोड़ने, अकाल चलाना किए लोगों का नाम हटाने आदि से संबंधित फॉर्म या लिखित जानकारी जमा करने की तिथि में कम से कम 15 से 20 दिनों का समय बढ़ाई जाए। वहीं हलका दो से हरबंश सिंह ने भी कहा कि उनका चुनाव क्षेत्र काफी बड़ा है और दिए गए समय में मतदाता सूची तैयार करने से संबंधित काम पूरा करना मुश्किल है। इसलिए कम से कम 20 दिनों का समय बढ़ाने की बात कही गई है। मिले आवेदनों पर विमर्श करने के बाद अंततः एक सप्ताह का समय महासचिव इंद्रजीत सिंह ने बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इसके बाद तिथि में किसी तरह का कोई विस्तार नहीं किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया को जल्द से जल्द समय से पूरा कराया जाना है।

भाईचारगी और अमन के साथ मनाई गई ईद

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत शनिवार को ईदगाह व मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की। नमाज पढ़ने वालों की संख्या काफी अधिक थी। ईदगाह मे भाईचारगी और अमन के साथ नमाज अदा किया गया। जिसकी नमाज हजरत मौलाना सैयद ओवेस अहमद फिरदौसी, मनेर शरीफ ने पढ़ाई।

इस अवसर पर मो. शाहनवाज आलम उर्फ रिंकु के द्वारा नमाजियों के लिये पानी, कोल्ड ड्रिंक एवं खजूर का व्यवस्था नमाजियों के लिए किया गया था साथ ही नमाजियों की सेवा में सामाजिक कार्यकर्ता चंदु प्रिंस, हारिश ईमाम उर्फ नवाब, मोहम्मद, आसिफ, शेरू, मोहम्मद सोहराब, भुन्ना, पिंटू, तौसीफ अख्तर ने सहयोग किया। प्रबंध समिति के सचिव शोएब कुरैशी, कोषाध्यक्ष सज्जाद आलम उर्फ गुड्डू, उपाध्यक्ष इरफान सिद्दीकी, मो. सुल्तान उर्फ विक्की, शकील अहमद, सज्जाद आलम, मोहम्मद पिंटू, मो. सुल्तान आईटीआई, सोहराब, , शाहनवाज आलम, मौलाना सरफराज कासमी, ईमाम व खतीब, जामा मस्जिद, छोटी खगौल, मोआज्जिन मोहम्मद शमशेर, नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार, पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुनील कुमार ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी और सभी ने देश में एकता, भाईचारगी और अमन रहने की दुआ की।

उद्योगपति निखिल जालान की खुदकुशी से हर कोई मर्माहत, हुआ अंत्येष्टि

एफएसएल की टीम ने कमरे की जांच कर उठाया नमूना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाथदाता



चौक थाना क्षेत्र के किला रोड स्थित जालान किला हाउस में शुक्रवार की रात प्रमुख उद्योगपति में 45 वर्षीय निखिल जालान के खुदकुशी किए जाने की घटना से हर कोई स्तब्ध है। निखिल बेहद हंसमुख, मिलनसार और व्यक्तित्व के धनी थे। उनका परिवार, कारोबार और समाज पर खासा नियंत्रण था और अपनी मिलनसारिता के कारण हर किसी को वह अपना मुरीद बना लेते थे।

हर किसी के मन में एक ही सवाल था कि आखिर कौन सी ऐसी बात रही कि निखिल को पंखे से झूल कर अपनी जान गवानी पड़ी। इस संबंध में चौक थाना से पूछे जाने पर बताया गया कि अभी तक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अनेक बिंदुओं पर छानबीन और काम कर रही है। शनिवार को फारेंसिक की टीम भी जालान हाउस पहुंची और पड़ताल की है। बताया जाता है कि फॉरेंसिक की टीम ने जांच को कुछ नमूना भी उठा कर अपने साथ ले गई है। पुलिस ने नालंदा मेडिकल कॉलेज में शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। वहां राजद नेता और पूर्व मंत्री श्याम रजक भी पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शोक जताया। अंतिम संस्कार खाजेकलां घाट पर हुआ। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों के बीच एक ही बात की चर्चा थी कि खुशमिजाज निखिल ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया। पुलिस ने बताया कि निखिल जालान घर के बेड रूम में बिस्तर के ऊपर लगे सिलिंग फैन से ओढ़नी का फंदा बना कर लटक गए थे। चौक थानाध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता ने बताया कि किला हाउस में रहने वाली चचेरी बहन सुमति जालान का बयान लिया गया है। उन्होंने बताया है कि शुक्रवार की रात लगभग नौ चचेरा भाई निखिल जालान की बेटी आद्या जालान ने उसके मोबाइल पर फोन कर बोली कि पापा का कमरा चेक कीजिए। वह कॉल नहीं उठा रहे हैं। रास्ता से घर पहुंचने पर चचेरी बहन निखिल जालान के कमरे की ओर देवेंद्र सहित अन्य कर्मियों के साथ गई। दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने और मोबाइल पर कॉल करने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिलल। इसके बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेटी आद्या ने कहा कि किसी तरह से दरवाजा तोड़ कर देखो। पीछे बालकोनी के रास्ते पर जाने पर देखा कि निखिल जालान अपने बेड रूम में कमरे में सिलिंग फैन से लटके हैं। वहीं पर आक्सीजन सिलेंडर की मदद से प्राथमिक उपचार का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। तब परिजन उसे लेकर निजी उपचार केंद्र की ओर भागे। यहां डाक्टरों ने मृत करार दिया। पुलिस ने बताया कि कमरे में एक लोहा का स्टूल जमीन पर बिस्तर के सामने गिरा पड़ा था। जिस समय घटना घटी, उस समय घर में कोई नहीं था। चौक थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

समाज में संतुलन, संस्कार व धर्म की रक्षा के लिए भगवान परशुराम का जन्म

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। हरिमंदिर गली स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर धार्मिक आयोजन किया गया। 11 आचार्यों के द्वारा भगवान परशुराम की वैदिक मंत्रों से पूजा-अर्चना एवं अर्घ्य दान हुआ। अष्ट चिरंजीवी की विधिवत पूजा की गई। आचार्य में छोटी पटनदेवी मंदिर के महंत अनंत अभिषेक द्विवेदी, पंडित घनश्याम पाठक प्रभाकर मिश्र नर्मदेश्वर मिश्र, मधुसूदन मिश्र उर्फ बुलाकी बाबा, पंडित कमलेश त्रिपाठी, पंडित शशिकांत पांडेय, पंडित सुबोध मिश्रा और पंडित गोपाल पाठक थे। मंगलानुशासक में पंडित उमेश चंद्र मिश्र एवं बड़ी पटनदेवी मंदिर के महंत पंडित विजय शंकर गिरी ने कहा कि समाज में संतुलन, संस्कार एवं धर्म की रक्षा के लिए भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। जजमान के रूप में मौजूद अधिवक्ता सत्येंद्र मिश्र ने कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र दोनों विधाओं में पुरोधा थे। उन्होंने कहा कि जब भी युद्ध होगा, अधर्म के विरुद्ध धर्म के साथ होता है, कभी भी धर्म और धर्म का युद्ध नहीं हो सकता। इस दौरान आनंद मोहन झा, डा राजीव गंगोल, राजेश शुक्ला टिल्लू, सुबोध मिश्र, संतोष मिश्र आदि मौजूद थे।

खानकाह पहुंच सीएम नीतीश ने दी ईद की मुबारकबाद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

ईद उलफित्र के मौके पर शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मितन घाट स्थित खानकाहे मुनएमिया और वारगाहे इश्क तकियाशरीफ खानकाह पहुंचे। उनके साथ जल संसाधन मंत्री श्री झा भी थे। पहले वे खानकाहे मुनेमिया पहुंचे। यहां उनका स्वागत सज्जादानशीं सैयद शाह शमीम अहमद मुनएमी ने किया। इसके साथ ही वे दरगाह पर जाकर चादर चढ़ाया और फूल अर्पित करने के बाद दुआ की। सैयद शाह शमीमउद्दीन अहमद मुनएमी ने दुआ पढ़ी। इसके बाद मुख्यमंत्री लोगों से मिले और मुबारकबाद देते हुए पास में स्थित खानकाहे वारगाहे इश्क तकियाशरीफ के गद्दीनशीं सैयद आमिर शाहिद से मिल कर सीएम ने ईद की मुबारकबाद दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा, शांति का माहौल बना रहे, यही दुआ करते हैं। इस दौरान कांग्रेस नेता शारीफ अहमद रंगरेज ने मुख्यमंत्री को दोशाला ओढ़ा अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री के साथ डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह, एसएसपी राजीव मिश्र, एसडीओ गुंजन सिंह, एएसपी शरथ आरएस सहित अन्य अधिकारी व जदयू नेता उपस्थित थे।

अकीदत से अदा हुई ईद उल फित्र की नमाज, तकरीर भी

नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलती बधाई दिन भर चला एक दूसरे के घर आना-जाना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

ईदगाह, खानकाह और मस्जिदों में शनिवार को ईद उल फित्र की सामूहिक नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। शिया समुदाय की ओर से कबूतरी मस्जिद काठ के पुल, बावली इमामबाड़ा, गुलजारबाग बफ्फ स्टेट, नौजर कटरा मस्जिद, पत्थर की मस्जिद, मुरादपुर मस्जिद, गोलकपुर महेंद्रू मस्जिद व हज्जन साहिब मस्जिद, खाजेकलां, मो जान की मस्जिद आदि में नमाज अदा की गई। इसके अलावा शनिचरा ईदगाह, माखनपुर ईदगाह, मितन घाट खानकाहे मुनेमिया, खानकाहे एमादिया मंगल तालाब, वारगाहे इश्क तकिया शरीफ, मितन घाट, माखनपुर ईदगाह गुलजारबाग, मदरसा गली शाही ईदगाह, खानकाह फैयाजिया सिमली, पीरदमरिया खानाकाह शनिचरा ईदगाह, माखनपुर ईदगाह के अलावा अनेक जगहों पर ईद की नमाज अदा की गई। महिलाओं ने आलमगंज शीशमहल मदरसा में ईद की नमाज अदा की। नमाज के दौरान तकरीर का आयोजन हुआ। शिया मस्जिद के मौलाना सैयद मुजफ्फर रजा व शाही संगी पत्थर की मस्जिद में इमाम सैयद दिलबर रजा ने तकरीर की। खानकाह मुनएमिया मितन घाट दरगाहशरीफ के सज्जदानशीं सैयद शाह शमीम उद्दीन अहमद मुनएमी, खानकाह फैयाजिया सिमली मालसलामी के सज्जादानशीं सैयद शाह फैयाज हुसैन फैयाजी, दरगाह शाह अरजानी के गद्दीनशीं सैयद प्रो शाह हसीन अहमद, मंगल तालाब स्थित खानकाह एमादिया के सज्जादानशीं सैयद शाह मिसबाह उल हक एमादी व वारगाहे इश्क तकिया शरीफ मितन घाट के सज्जादानशीं सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद ने तकरीर की। ईद की नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिल कर मुबारक बाद दिया। मुस्लिम मुहल्लों में ईद की खुशी देखी जा रही थी। खासतौर पर सुल्तानगंज, दरगाह रोड़, आलमगंज, पीरबैश, दादर मंडी, नौजर कटरा, तारणी प्रसाद लेन, सदर गली, लोदी कटरा, दोरूखी गली, मोगलपुरा, फौजदारी कुआं, मदरसा गली, शेखा का रोजा, लोदीकटरा समेत दर्जनों मुहल्ले में ईद की खुशी दिख रही थी।

शिविर लगा कराया भोजन

पटना सिटी (प्राकि)। अक्षय तृतीया के के अवसर पर सेवा परमो धर्मः के भाव को चरितार्थ करते हुए मां अन्नपूर्णा की थाली सेवा शिविर लगाया गया। झाऊगंज पोस्ट ऑफिस के पास गरीब, भूखे व जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। भोजन में लोगों को पूरी, सब्जी बूंदियां परोसा गया। करीब पांच सौ से अधिक लोगों ने भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रदीप काश, राजेश जायसवाल, नवल किशोर सिन्हा, संजय अवस्थी, जयप्रकाश, नैयर इकबाल आदि शामिल हुए।

ईद पर रही पुलिस प्रशासन की चौकसी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

ईद को लेकर अनुमंडल के शहरी क्षेत्र में पुलिस प्रशासन के अधिकारी, पदाधिकारी से लेकर बल भी खासा चौकसी सुबह पांच बजे से ही शुरू हो गई थी। विभिन्न इबादत स्थलों के पास मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और बल की तैनाती की गई थी। इसके पूर्व मध्य रात्रि में ही नमाज वाले भीड़भाड़ वाले खानकाह, ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सफाई कर चूना का छिड़काव नगर निगम के सिटी अंचल, अजीमाबाद अंचल और बांकीपुर अंचल के द्वारा किया गया था। खुद एसडीओ गुंजन सिंह और एएसपी शरथ आरएस पुलिस पदाधिकारी और बल के साथ विभिन्न स्थानों पर स्टैटिक रूप में या गश्त करते देखे गए। मध्याह्न के बाद जब सभी लोग खानकाह, ईदगाह और मस्जिद परिसर से नमाज अदा कर पूरी तरह से चले गए, इसके बाद ही वहां से मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी लौटे।

इधर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जल संसाधन मंत्री संजय झा के पटना सिटी आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन खासा चौकस दिखा। उनके आने और लौटने वाले रूट में आधा घंटा पहले यातायात को पूरी तरह से रोक दिया गया। इस दौरान पर्व मनाने वाले और जनता को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि प्रोटोकॉल के तहत यह जरूरी था। कारण कि अशोक राजपथ और मितन घाट का रास्ता खासा संकरा है। ऐसे में यातायात बंद नहीं किए जाने पर मुख्यमंत्री के कारकेड को ब्रेक लग सकता था। हालांकि इस दौरान लगातार फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों ने खाजेकलां के पानी टंकी से लेकर शहीद भगत सिंह चौक मोड़ तक बिल्कुल साफ दिखा। ऐसे में लोगों का कहना था कि वीवीआईपी मूवमेंट रोज हो और सड़कें और फुटपाथ इसी तरीके से अतिक्रमणमुक्त हो, तो अशोक राजपथ पर जाम का सामना लोगों को न के बराबर करना पड़ेगा।

ईद मिलन में दिखा सामाजिक सद्भाव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। ईद के दिन ईद मिलन का भी आयोजन किया गया। नारी युवा मंच की प्रदेश अध्यक्ष पूनम मेहता की अध्यक्षता व कोषाध्यक्ष साजिदा बानो के संचालन में झाऊगंज स्थित मदरसा गली में ईद मिलन का आयोजन किया गया। इसमें महासचिव सत्यम सिंह, खुशीर्दा खातून, मेहरु निशा, नासरीन खातून, प्रिया कुमारी, शायरा खातून, शिफा खातून, गुलाम गौस, रहमतुल्लाह, निधि कुमारी आदि उपस्थित थीं। मानस पथ में मो मेराज जेया और फौजदारी कुआं में महताब आलम की अध्यक्षता में ईद मिलन हुआ। बाग कालू खां में कांग्रेस के वरीय नेता परवेज अहमद के नेतृत्व में भी ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जदयू नेता इलियास बाबर और मुख्तार की ओर से भी ईद मिलन का आयोजन किया गया। पाटलिपुत्र नगर विकास समिति में भुट्टो खान की अध्यक्षता व रितेश कुमार बबलू के संचालन में ईद मिलन किया गया। माखनपुर शाही ईदगाह में नमाज के बाद मंगल तालाब स्थित खानकाहे एमादिया के सज्जादानशीं सैयद शाह मिसबाह उल हक एमादी व नमाज अदा करने आए लोगों से महापौर सीता साहू व प्रतिनिधि शिशिर कुमार ने मुबारकबाद दिया।

माले ने मनाया स्थापना दिवस

पटना सिटी (प्राकि)। शहीद पीर अली ग्राउंड में भाकपा माले चौक कमेटी के बाड़े की गली शाखा ने पार्टी का 54वां स्थापना दिवस मनाया। इसमें मिथिलेश सिंह ने पार्टी का झंडा फहराया। इसके बाद स्थापना दिवस की शुरूआत हुई। आयोजन में चौक कमेटी के सचिव मुजफ्फर आलम, शाखा सचिव रामबाबू, ललन यादव, रामनारायण सिंह, बजरंगी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद यादव, उमा गोप, रघुनाथ प्रसास, मोहित कुमार, रोहित कुमार, अजय वर्मा आदि मौजूद थे। इस दौरान संघर्ष का भी संकल्प लिया गया।

दो की स्मृति में लगाया गया ठंडे पानी की मशीन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रोटरी पटना सिटी सम्राट के अध्यक्ष के नेतृत्व में मिशन स्वच्छ जल अभियान को आगे बढ़ाते हुए दो जगह पर अपने पूर्वज के नाम पर स्वच्छ एवं शीतल जल के लिए वाटर कूलर मशीन का उद्घाटन किया गया।

इसमें पहला वाटर कूलर स्व रीना बरनवाल की पुण्य स्मृति में चमडोरिया मोड़ पर प्रकाश बरनवाल के सौजन्य से लगाया गया। इसका उद्घाटन चार्टर प्रेसिडेंट विजय यादव के द्वारा किया गया। दूसरा व्यवसायी एवं समाजसेवी रहे स्वर्गीय नवनीत बल्लभ की स्मृति में मारुफगंज में देवराज बल्लभ के सौजन्य से लगाया गया। इसका उद्घाटन माधवी बल्लभ के द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रेसिडेंट गोविंद चौधरी के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि आगे भी जहां पेयजल की जरूरत होगी, रोटरी सम्राट वहां पर वाटर कूलर उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष दिनेश भदानी, सुधीर प्रभात, देवराज बल्लभ, बिंदेश्वरी कपूर, राजेश कुमार, बिनय लांबा, संजय सिन्हा, राजेश कुमार, संजीव कुमार यादव, अभिषेक गोलवारा आदि रोटेरियन उपस्थित थे।

गणित कार्यशाला आयोजित

पटना सिटी (प्राकि)। सैनिक स्कूल केशव सरस्वती विद्या मंदिर में दो दिवसीय बिहार झारखंड +2 स्तरीय गणित आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन शिशु शिक्षा प्रबंध समिति के प्रदेश मंत्री भरत पूर्व और गणित विभाग प्रमुख डॉ रमेश मणि पाठक ने किया। मंच का संचालन स्कूल के प्राचार्य मनोज कुमार मिश्र ने किया। इस आचार्य कार्यशाला में बिहार और झारखंड के लोगों ने भाग लिया। यहां शिक्षक साल में किस तरह से सरल भाषा में गणित पढ़ाएं, ताकि शिक्षक के साथ छात्रों का भी सर्वांगीण विकास हो सके, क्योंकि छात्र गणित से भागे नहीं, बल्कि करीब आएं। शिक्षक का मकसद गणित में अभिरुचि रख छात्रों का मानसिक विकास कर सकें, ताकि किसी भी परिस्थिति में गणित को आसान समझ कर परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकें।

तख्तश्री कमेटी के प्रवक्ता को मातृ शोक

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के प्रवक्ता सुदीप सिंह की माताजी जोगिंदर कौर का निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। श्री सुदीप ने बताया कि भोग और अंतिम अरदास दिल्ली के रानी बाग स्थित गुरुद्वारा भाई लालो साहिब जी में पूर्वाह्न 11 से अपराह्न दो के बीच होगा। सरदारिन जोगिंदर कौर के निधन पर तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य चरणजीत सिंह, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, डॉ गुरमीत सिंह, राजा सिंह के अलावा सूरज सिंह नलवा, महाराजा सिंह सोनू, दीपक लांबा, तख्तश्री पटना साहिब के कार्यकारी जत्थेदार भाई बलदेव सिंह, मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, एडिशनल हेड ग्रंथी सुखदेव सिंह, रोशन सिंह, कथावाचक सतनाम सिंह, दलजीत सिंह, गुरुद्वारा बाललीला के स्थानीय प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा मिंटा सिंह, राजन सिंह, आरएस जीत, मनोहर सिंह बग्गा, आदि ने शोक जताया है।

बच्चों की छोटी गलतियों पर आंख न मूंदें

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। बच्चों की छोटी-छोटी गलतियों पर माता-पिता को आंख मूंद लेना बड़ी गलतियों के लिए प्रेरित करता है। नुकसान पीढ़ी दर पीढ़ी भुगतना पड़ सकता है। यह बात शनिवार को प्राचीन ठाकुरबाड़ी मेहंदीगंज में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कैमरी आश्रम हरियाणा से आए श्री राजदास जी महाराज ने कही।

उन्होंने कहा कि घृतराष्ट्र के साथ उनकी पत्नी गांधारी की आंखों पर पट्टी बांध लेने से बच्चों पर पड़े दुष्प्रभाव की संगीतमय व्याख्या करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा की कई बातें यद्यपि सही होती हैं, पर संभल कर बोलनी चाहिए। उन्होंने दौपद्री द्वारा अंधे का बेटा अंधा कहे जाने को महाभारत का मुख्य कारण बताया। इस दौरान नशा पान, ईर्ष्या, जलन और अनेक सामाजिक बुराइयों पर विभिन्न कथाओं के माध्यम से रोचक और संगीतमय ढंग से कही। इस दौरान कथा सुनने आयी महिलाओं की भीड़ अनुशासनबद्ध दिखी। इससे पूर्व मंगलाचरण व राधे कृष्ण की अनेक संगीतमय भजन आकर्षण का केंद्र बनी रही।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ईद-उल-फितर के अवसर पर राजधानी में विभिन्न जगहों पर लोगों से मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी

भामाशाह की जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में समारोह का आयोजन

भामाशाह का परिवार भाजपा को सींचने का किया काम : सम्राट

- देश परतंत्र कैसे हुए यह जानने की जरूरत: विजय सिन्हा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

महादानवीर भामाशाह जी की जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पटना में एक शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में भामाशाह जी के विचारधारा को अपनाने पर जोर दिया गया है तथा अपना दानकर समाज को खडा करने का संकल्प लिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भामाशाह जी को याद करते हुए कहा कि आज से करीब 500 साल पहले देश को बचाने और देश के निर्माण में अपना सर्वस्व न्योछावर कर सहयोग किया उससे हमें आज शिक्षा लेने की दरकार है। उन्होंने कहा कि अगर आज दनियों की बात होती है तो पहला नाम दानवीर कर्ण का है तो दूसरा नाम भामाशाह जी का है। उन्होंने भामाशाह जी के परिवार जनों का आभार जताते हुए कहा कि 1980-82 में जब लोग भाजपा को वोट देने से भागते थे तब भी भामाशाह का परिवार भाजपा के साथ खडी थी। कांग्रेस की लाठी, गोली खाकर अत्याचार सहकर भी यह परिवार भाजपा को सींचने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज देश को प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिला है जिन्होंने यह साफ संदेश दे दिया है कि हम अपनी विरासत को पूरी तरह संजोने का काम करेंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह उत्तर प्रदेश में सरकार आतंवादियों और माफियाओं को मिट्टी में मिला रही है उसी तरह अगले चुनावों में नीतीश को राजनीति रूप से मिट्टी में मिला देने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि आज हमें संकल्प लेना है कि बिहार में डबल इंजन की लोकप्रिय सरकार बनानी है। इधर, भाजपा विधानमंडल दल के नेता विजय कुमार सिन्हा ने भामाशाह को देश का गौरव बताते हुए कहा कि हमें कई महापुरूषों से भी अलग रखा गया। उन्होंने कहा कि आज हमें विचार करने की जरूरत है कि हमारा विरासत क्यों ठहर गया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आज इतिहास में देश की आजादी कैसे पाई गई इसे तो पढाया जाता है लेकिन हम परतंत्र कैसे हुए यह नहीं बताया जाता है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने कहा कि भाजपा ने निर्णय लिया है कि देश की सभी विभूतियों को उनसभी के कार्यक्रमों को कर सम्मानित किया जाए, इसी उद्देश्य को लेकर भामाशाही जी की जयंती बडे धूमधाम से मनाई जा रही है। इससे पूर्व महादानवीर भामाशाह की जयंती पर पटना के पुनाईचक स्थित उनकी प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद वहां से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद, पूर्व मंत्री मंगल पांडेय, नितिन नवीन, विधायक अरूण कुमार सिन्हा, डॉ संजीव चौरसिया समेत प्रदेश पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

योगी मॉडल वाले सार्वजनिक पाठ करने से क्यों घबराते हैं : नीरज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री नीरज कुमार के आवास पर शनिवार को ईद-उल-फितर के मौके पर गुरु गोरखनाथ परंपरा के तहत नाथ रहस्य (नाथ संप्रदाय) के मोहम्मद बोध का अपने सरकारी आवास पर सामूहिक पाठ किया गया। आसन मंत्र, गुरु वंदना, गणेश आवाहन एवं गायत्री मंत्र से पूजन प्रारंभ किया गया। श्री कुमार ने कहा कि नाथ संप्रदाय से दीक्षित व्यक्ति रमजान के दिनों में मोहम्मद बोध का पाठ करते हैं। इसमें कहा गया है कि राम तो रहीम है और हिंदू के गुरु मुस्लिम के पीर हैं। 786 बार जो पाठ करता है उसे मनोवांछित फल मिलता है। मैं तो योगी मॉडल वाली भाजपा को आईना दिखा रहे हैं।

आज तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मोहम्मद बोध का पाठ किया होगा, क्योंकि वह भी नाथ संप्रदाय से आते हैं। योगी जी तो 786 बार मोहम्मद बोध का पाठ करके मनोवांछित फल प्राप्त किया और मुख्यमंत्री बन गए। योगी जी नाथ संप्रदाय से दीक्षित हैं, कुंडल धारी हैं, अकेले में मोहम्मद बोध का पाठ भी करते हैं, तो आज कितना बेहतर होता कि इस के मौके पर कहते कि हम भी मोहम्मद बोध का पाठ करके आए हैं, जो सांझी संस्कृति का परिचायक है। भाजपा से सीधा सवाल है कि क्या यह सही है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी, गोरखनाथ संप्रदाय से दीद्वित महंथ व कुंडलधारी हैं जिनको रमजान की अवधि में मोहम्मद बोध का पाठ करना नाथ परंपरा का धार्मिक कर्तव्य है, तो फिर उनके बड़े नेता जब मोहम्मद बोध का पाठ कर अपने कर्तव्य का अकेला में पालन करते हैं, तो ऐसी कौन सी मजबूरी है कि भाजपा के योगी मॉडल वाले का सार्वजनिक पाठ करने से क्यों घबराते हैं ? साथ ही साथ भाजपा से सीधा सवाल पूछा है कि नाथ संप्रदाय के उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी के धार्मिक आचरण व कर्तव्य से भाजपा सहमत है अथवा नहीं ? मोहम्मद बोध का सामूहिक पाठ में शामिल होने वाले जदयू के प्रवक्ता राहुल शर्मा, अभिषेक झा, जदयू नेता धीरज कुमार सिंह, आयुष कुमार, मुकेश जैन, पंकज कुमार सिंह, दीपक कुमार, कमल किशोर सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

जदयू कार्यालय में मनेगी भामाशाह की जयंती

पटना। जनता दल यूनाइटेड द्वारा वीरचन्द पटेल मार्ग स्थित पार्टी मुख्यालय के कपूर्री सभागार में दानवीर भामाशाह की 525वीं जयंती मनाई जाएगी। जयन्ती समारोह में प्रदेश भर से लोगों के भारी जुटान होगा। जद यू0 द्वारा लोगों की स्वागत और सत्कार के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां जोरों पर है। कार्यक्रम की जिम्मेदारी बिहार जदयू के व्यवसायिक और उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल नोपानी को सौंपी गई है। इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जयन्ती समारोह का प्रमुख उद्देश्य दानवीर भामाशाह जी की प्रेरणादायी जीवन गाथा को जन-जन तक पहुँचाना है। जिस प्रकार दानवीर भामाशाह जी ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सारा धन-दौलत कुर्बान करने का साहस किया था वह आज हम सभी को प्रेरणा देती है। जदयू द्वारा पूर्व से ही दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई जाती रही है परंतु इस बार जयन्ती समारोह को भव्य देने की योजना पर कार्य चल रही है।

आर्थिक दृष्टिकोण से जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरी : ऋतुराज

पटना। बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा है कि जिस तर्ज पर जातीय गणना हो रही है उसका आधार सही नही है। जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय, दोनों का अनुपात देखा जाता है। आर्थिक दृष्टिकोण से भी देश में जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाए जाने की जरूरत है, जिसे बिहार के मुख्यमंत्री जी नजर अंदाज कर रहें हैं। उनको इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए की सरकारी खजाने का उपयोग राजनैतिक कारणों के लिए नहीं वरन राज्य के लोगों की उन्नति के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जाति गणना की जो प्रक्रिया है वो पारदर्शी नहीं प्रतीत होती हैं। देश में लगभग 142 करोड़ से अधिक संख्या हो गई है, हम विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है। एक तरफ भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है लेकिन तत्पश्चात भी अगर प्रति व्यक्ति आय के रूप से देखा जाए तो आज भी भारत का रैंकिंग विश्व में 120 वे से नीचे है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अर्थव्यवस्था के आकार और जनसंख्या को जब डिवाइड करते हैं तो प्रति व्यक्ति आय निकलती है। मोदी जी के शासन में भारत की इकॉनमी पिछले नौ वर्षों में दोगुनी हो गई। लेकिन इतनी प्रगति और प्रोग्रेस के बावजूद हमारी जनसंख्या जिस तरह से फैल रही है तो कहीं ना कहीं प्रति व्यक्ति आय कम होगी ह्न सरकार ने पिछले 9 वर्षों में गरीब कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए है लेकिन उसके बाद भी समस्या आ रही है और आने वाले समय में ये समस्या और प्रचंड होगी। आने वाले 20-25 साल में ये समस्या और विकराल रूप धारण करेगा जिसके रोकथाम के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून अब भारत की जरूरत बन चुकी है। उन्होंने बिहार में हो रहे जातीय जनगणना के विषय में कहा कि हमने बिहार के विधानसभा में जातीय जनगणना का समर्थन किया है हमारा मानना है कि अगर जातीय जनगणना से हर एक जात बिरादरी का गरीब वर्ग जो है, उसको सरकार की योजना और कार्यक्रम प्राप्त होने में सहूलियत होती है तो स्वागत योग्य है। पर अगर सिर्फ इसके पीछे वोटो की राजनीति के लिए किया जा रहा हो तो यह बिहार के लिए दुर्भाग्य का विषय है।

जहरीली शराब से मौत के मामले में भाजपा शासित राज्य टॉप पर : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि अपने 9 वर्षों के शासन में भाजपा देश को तो टॉप पर नहीं पहुंचा पायी लेकिन जहरीली शराब से होने वाली मौतों के मामले में इन्होंने अपने शासित राज्यों को अव्वल नंबर जरुर बना दिया। आंकड़ों को देखें तो भाजपा शासित मध्यप्रदेश इस मामले में शीर्ष पर है, वहीं दूसरे नंबर पर कर्नाटक है, वहां भी इन्हीं का राज है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के मुताबिक 2016 से 21 तक केवल मध्यप्रदेश में जहरीली शराब से 1322 लोगों की मौतें हुई हैं, वहीं इसी दौरान कर्नाटक में 1013 लोग इसके कारण मौत के मुंह में समा गये। इसी तरह उत्तरप्रदेश में पिछले 4 वर्षों में 260 से अधिक लोगों की जिन्दगी जहरीली शराब ने लील ली है। इस मामले में इनका गुजरात भी पीछे नहीं है, पिछले वर्ष ही भावनगर में 50 से अधिक लोगों ने इसकी वजह से दम तोड़ दिया है, उससे पहले अहमदाबाद ग्रामीण और बोटाद जिलों में भी 31 लोग इसके कारण मर गये। हकीकत में यह आंकड़ा इससे भी बड़ा है लेकिन भाजपा के नेताओं के मुंह इस पर सिल जाते हैं। जदयू महासचिव ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में यह आलम तब है जब गुजरात को छोड़ कर बाकी सभी राज्यों में शराब की बिक्री पर कोई पाबंदी नहीं है। यहां गौर करने वाली बात है कि भाजपा शासित इन राज्यों में जहरीली शराब से मरने वालों को मुआवजे के तौर पर चवन्नी भी नहीं दी जाती है।

भारतीय जन क्रान्ति दल ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जन क्रान्ति दल के कार्यालय में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान परशुराम का पूजन अर्चना के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ राकेश दत्त मिश्र ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण किया और पं प्रेम सागर पाण्डेय ने वेदोक्त विधि से पूजन का कार्य किया। इस अवसर पर श्री पाण्डेय ने बताया कि भगवान श्री परशुराम ज्ञानावतार हैं, शौर्यावतार हैं ब्रह्म तेज एवं क्षात्रोचित तेज का उनमें परम उत्कर्ष है। जगपालनकर्ता भगवान श्री विष्णुजी के छठें अवतार, शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा के साथ विश्व को पराक्रम और परोपकार का मंत्र देने वाले परम पूज्य चिरंजीवी श्री भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आज हम पूजन कर सभी सनातनधर्मियों के कल्याण की कामना करतें है इस अवसर पार्टी के सदस्य सुधीर पाण्डेय ने बतायाकि अक्षय तृतीया के दिन सभी व्यक्तियों को चाहिये अखिल मानवजाति के उद्धार के कार्य में सम्मिलित होने हेतु धन अर्पण करें। पार्टी के सदस्य राजीव रंजन , भोला लाल बाबा आदि उपस्थित थें।

पृथ्वी की सुरक्षा हम सभी का दायित्व

पटना/बिहटा। राम कुंज एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी बिहटा के तत्वावधान में राम कुंज पब्लिक आवासीय विद्यालय बिहटा के प्रागंण में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। उक्त अवसर पर सोसायटी के सचिव सह प्राचार्य रंजय कुमार ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राकृतिक वातावरण के प्रति संवेदनशील होकर प्रदुषण मुक्त बनाने का संकल्प लेने की जरूरत है। पृथ्वी सभी प्राणियों, जीव जंतुओं एवं वनस्पतियों के आधार बनाकर जीवन का भरणपोषण करती है। इसका सुरक्षा का दायित्व हम सभी के कंधो पर है पुरी दुनिया में बढते प्रदुषण चिंता का विषय बना हुआ है ऐसे में जागरूकता प्रदान कर लोगों को पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लेने की जरूरत है वही सभी छात्र छात्राओं ने अपने उद्बोधन में पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया! उपस्थित लोगों में समाजसेवी अशोक कुमार, ब्रजेश कुमार एवं रविंद्र सह सहित भारी संख्या में छात्र छात्राऐ उपस्थित थे।

अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ लड़ते रहें भगवान परशुराम : अखिलेश

- भगवान परशुराम की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोलें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम में आयोजित भगवान परशुराम की जयंती पर बोलते हुए बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में जानें जाते हैं। माना जाता है कि इस दिन किया गया दान-पुण्य कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। उन्होंने कहा कि 8 चिरंजीवियों में भगवान परशुराम समेत महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य और ऋषि मार्कंडेय हैं। भगवान परशुराम बचपन से ही भगवान शिव के परम भक्त थे। ये हमेशा ही भगवान की तपस्या में लीन रहा करते थे। तब भगवान शिव ने इनकी तपस्या से प्रसन्न होकर इन्हें कई तरह के शस्त्र दिए थे जिसमें एक फरसा भी था। फरसा को परशु भी कहते हैं इस कारण से इनका नाम परशुराम पड़ा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम ने श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र दिया था। भगवान परशुराम का जन्म ब्राह्मण कुल में हुआ था लेकिन ये बहुत ही उग्र एवं तीव्र स्वभाव के थे। कहा जाता है कि राजाओं के अत्याचार इक्कीस बार पृथ्वी को उन राजाओं का नाश कर पृथ्वी का कल्याण किये थे। भगवान परशुराम अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ लड़ते रहे। उनके जीवन से हमें यही प्रेरणा मिलती है कि अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठना चाहिये हमें अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिये। आज चारों तरफ अन्याय एवं अत्याचार का बोल बाला है हमें उसके विरुद्ध हमें खुलकर आवाज उठाना चाहिये और संघर्ष करना चाहिये। यही भगवान परशुराम की सबसे बड़ी शिक्षा थी। त्रैतायुग से द्वापर युग तक परशुराम के लाखों शिष्य थे। महाभारत काल के वीर योद्धाओं भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण को अस्त्र-शस्त्रों की शिक्षा देने वाले गुरु परशुराम ही थे। हम सब उनके शिष्य ही हैं।

अक्षय तृतीया पर जैन मंदिरों में पिलाया गया गन्ने का रस

जैन धर्म में प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से जुड़ा हुआ है अक्षय तृतीया का इतिहास

पटना। अक्षय तृतीया के पावन दिवस पर मीठापुर एवं कदमकुआं स्थित दिगम्बर जैन मंदिरों में सैकड़ों को पिलाया गया गन्ने का रस। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि जैन धर्म मे अक्षय तृतीया का इतिहास जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से जुड़ा हुआ है। आज वैसाख शुल्क पक्ष की तृतीया के दिन हीं जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान ने मुनिराज की अवस्था मे 13 महीने के कठिन निरंतर उपवास (बिना जल का तप) के बाद हस्तिनापुर में राजा श्रीयांश के हाथ से इक्षु (गन्ने) के रस को पीकर अपना उपवास समाप्त किया था। जैन धर्म मे मान्यता है कि जिस पात्र से गन्ने का रस पिलाया गया वह अक्षय हो गया और उसमें का गन्ने का रस समाप्त नही हुआ। आज भी बहुत जैन उपवास कर अक्षय तृतीया पर गन्ने का रस पीकर उपवास समाप्त करते हैं। अक्षय तृतीया पर जैन मंदिरों में भगवान ऋषभदेव का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन किया गया। मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर में अध्यक्ष बिजय जैन कासलीवाल द्वारा शांतिधारा किया गया। भगवान को प्रथम कलश राजकुमार पाटनी द्वारा एवं पूजा सुनील बड़जात्या, चिरंजी लाल कासलीवाल, रिंकु पांड्या, पारस जैन, संदीप जैन, अशोक जैन, आनन्द जैन सहित अन्य द्वारा किया गया। गन्ने का रस सभी को ओम प्रकाश टोंग्या के सौजन्य से पिलाया गया। उधर कदमकुआं स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ महिला मंडल की तरफ से करीब 500 लोगों को गन्ने का रस पिलाया गया। मंडल की अध्यक्ष सरला जैन ने बताया कि महिलाएँ बहुत हीं खुशी खुशी से अपने हाथों से लोगों को गन्ने का रस पिलाकर अपने मन के भाव को तृप्त कर रही थी। साथ हीं यहां पर मरुदेवी मंडल की रिचा जैन की तरफ से एक निःशुल्क भोजनशाला अपने ससुर जी के अमृतमहोत्सव जन्मदिवस की खुशी में लगाया गया। भोजनशाला द्वारा जरूरतमंदों को भोजन कराया गया।

विश्व पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

पटना। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण भारती के संस्थापक एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रान्त संयोजक राम विलास शांडिल्य के नेतृत्व में राजेंद्र नगर स्थित शाखा मैदान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को मजबूत करते हुए लोगो द्वारा मालदह आम का वृक्ष लगाया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण भारती से जुड़े सैकड़ो लोगो ने धरती को बचाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में भाग ले रहे बच्चो को पर्यावरण के महत्व को बताया गया कि श्री शांडिल्य ने कहा कि आज के समय में क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हमारे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है। आज के दिन हम पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेकर राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर सकते है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता व श्रीमदभागवत गीता आपके द्वार अभियान के संस्थापक संजीव कुमार मिश्र, दिनेश कुमार गुप्ता, दीपक सुन्दर, अधिवक्ता ब्रजेश पांडेय, सतेंद्र कुमार ओझा, माधव दास, डा. राहुल कुमार मिश्रा, नविन कुमार, संजीव कुमार, रणजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार चैपल, आनंद कुमार तथा अजीत कुमार राम सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

नगिना यादव के निधन पर राजद में शोक

पटना। बेगुसराय के रहने वाले राजद नेता नगीना यादव के आकस्मिक निधन से राजद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि श्री यादव पार्टी के एक समर्पित साथी थे। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, विनोद श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन, प्रदेश महासचिव संजय यादव शामिल हैं।

आपसी सौहार्द के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए काम करेंगें : संतोष सुमन

पटना। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमाल परवेज एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ईं सैफुद्दीन के कृषि फार्म सब्जपुरा फुलवारी आवास पर जाकर ईद मिलन समारोह में शामिल हुए और वहां उपस्थित सभी लोगों को ईद मिलन के अवसर पर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। संतोष मांझी ने ईद के शुभ अवसर पर कहा कि हमारे देश में हर धर्म के लोग एक दूसरे के साथ आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं। इस तरह का अपनापन और प्यार दुनिया में देखने को कम ही मिलता है। आपसी सौहार्द और भाईचारे का हमारे भारत की संस्कृति को किसी का नजर ना लगे। आज के दिन हम यही ऊपर वाले से दुआ मांगते हैं।

लेनिन जयंती और भाकपा-माले स्थापना दिवस पर पूरे राज्य में आयोजित हुए कार्यक्रम

स्थापना दिवस : माले नेताओं ने फासीवादी हमले से देश को बचाने का लिया संकल्प

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

विश्व सर्वहारा के महान शिक्षक व नेता लेनिन की 152 वीं जयंती और भाकपा-माले की स्थापना की 54 वीं वर्षगांठ पर शनिवार को भाकपा-माले द्वारा राज्यव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पार्टी मुख्यालयों सहित गांव-कसबों में पार्टी का झंडा फहराया गया और फासीवादी हमले से देश को बचाने के लिए जनता की व्यापक एकता का निर्माण करने का संकल्प लिया गया। राजधानी पटना में मुख्य आयोजन राज्य कार्यालय में हुआ। इसके अलावा पटना के दीघा, सबरी नगर, कंकड़बाग, हड़ताली मोड़, मंदिरी, भोला पासवान शास्त्री नगर, पोस्टल पार्क, लालू नगर आदि जगहों पर भी पार्टी स्थापना समारोह मनाया गया। आरा, दरभंगा, मधुबनी, जहानाबाद, गया, सिवान, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, समस्तीपुर, पूर्वी चंपारण, कैमूर, नवादा, पूर्णिया, अरवल, रोहतास आदि जिलों में जिला/प्रखंड मुख्यालयों और व्यापक स्तर पर गांवों में स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। पटना राज्य कार्यालय में सबसे पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता राजाराम ने झंडोत्तोलन किया। उसके बाद का. लेनिन की मूर्ति पर पुष्पांजलि की गई और फिर शहीदों की याद में एक मिनट का मौन रखा गया। पार्टी केंद्रीय कमेटी द्वारा जारी शपथ का पाठ भी किया गया. पिछले दिनों पटना में संपन्न भाकपा-माले के 11 वें पार्टी महाधिवेशन के संदेश का अध्ययन भी किया गया। मौके पर पार्टी नेता राजाराम सिंह, मीना तिवारी, केडी यादव, संतोष सहर, सरोज चौबे, शिवसागर शर्मा, उमेश सिंह, संतलाल, प्रकाश कुमार, विभा गुप्ता, आइसा के विकास यादव, कुमार दिव्यम सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा पार्टी नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे। अपने संबोधन में राजाराम सिंह ने कहा कि जैसे जैसे मोदी-अदानी गठजोड़ की पोल खुल रही है और महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी व दमनकारी बुलडोजर राज के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है। मौके पर केडी यादव ने कहा कि एक मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी ही भाजपा के फासीवादी अभियान से देश को बचा सकती है। पटना के हड़ताली मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में खेग्रामस के वरिष्ठ नेता दिलीप सिंह ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेन्द्र झा, शशि यादव, जितेन्द्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। आरा के क्रांति पार्क में पार्टी स्थापना समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य, राज्य सचिव कुणाल, तरारी विधायक सुदामा प्रसाद, जिला सचिव जवाहरलाल सिंह आदि नेतागण शामिल हुए।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्या ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक के साथ की बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्या डॉ अंजू बाला शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर पूर्व मध्य रेल पहुंची थी। इस दौरान डॉ. अंजू बाला की अध्यक्षता में पूर्व मध्य रेल के महेन्दू स्थित सभागार में महाप्रबंधक अनुपम शर्मा के साथ अनुसूचित कर्मचारियों की नियुक्ति, प्रमोशन एवं उनके वेलफेयर से जुड़े मुद्दे पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में पूर्व मध्य रेल की ओर से अपर महाप्रबंधक एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला ने समीक्षा बैठक के उपरांत कहा कि वे पूर्व मध्य रेल द्वारा अनुसूचित जातियों के कर्मचारियों के नियुक्ति, प्रमोशन एवं उनके वेलफेयर हेतु उठाए गए कदमों से संतुष्ट हैं। इस समीक्षा बैठक से पूर्व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला ने पूर्व मध्य रेल एससी/एसटी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ भी एक बैठक की जिसमें एससी/एसटी कर्मचारियों के हितों एवं उनके कल्याण से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। विदित हो कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारतीय संविधान के अनुच्छेद 338 द्वारा स्थापित एक संवैधानिक निकाय है जिसकी स्थापना अनुसूचित जातियों के शोषण के खिलाफ उनके सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक हितों को बढ़ावा देने एवं उनकी रक्षा करने के लिए की गयी है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के वर्त्तमान में अध्यक्ष विजय सांपला, उपाध्यक्ष अरुण हलदर तथा सदस्य डॉ. अंजू बाला एवं सुभाष रामनाथ पारधी हैं।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

सी पी एम/गति शक्ति/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस वेव पोर्टल पर खुली ई–निविदा के रूप में आमंत्रित करती है:–

क्र. सं.: 4, निविदा सूचना सं.: एस.पी.जे.–जी.एस.यू.–एस.डी.–बीएमकेआई–पीएमसी, कार्य का नाम : निविदा संख्या एसपीजे–जीएसयू–एसडी–बीएमकेआई के माध्यम से निष्पादन के लिए इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) के आधार पर पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन के प्रमुख उन्नयन के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण अभियंता की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध। निविदा लागत (रूपये में) : ₹3,88,27,525.38, बयाने की राशि (रूपये में) : ₹3,44,100/–, कार्य की समाप्ति अवधि : 27 माह। (1) आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय : 12.05.2023 को 12.00 बजे। (2) ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय : 12.05.2023 को 12.00 बजे के बाद। (3) वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वेबसाईट : www.ireps.gov.in उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट : पर अपलोड कर दिया जाएगा।

सीपीएम/गति शक्ति/
पूमरे/समस्तीपुर

पीआर/00140/एसपीजे/एसपीजेजीएस/टी./23–24/40

संक्षिप्त खबरें

ऑटो और ट्रैक्टर के बीच हुई जोरदार टक्कर में 10 घायल

समस्तीपुर। समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पूसा रोड गरुआरा चोर में एक ऑटो और ट्रैक्टर के बीच हुई टक्कर में ऑटो सवार 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना उपरांत पहुंची पुलिस के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी घायलों का इलाज किया जा रहा था। बट दें कि इस घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना के संबंध में बताया गया कि कपूर्रीग्राम थाना क्षेत्र में कार्यरत चौकीदार अनिल पासवान का पूरा परिवार समस्तीपुर थानेश्वर स्थान मंदिर से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव पुनास लौट रहे थे। इसी दौरान गरुआरा चौर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर से ऑटो की भिड़ंत हो गई। इस घटना में ऑटो सवार 10 लोग घायल हो गए। जिसमें ऑटो चालक की स्थिति नाजुक बनी हुई थी। पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है

दो शराबी गिरफ्तार, भेजे गए न्यायिक हिरासत में

शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत हथौडी थाना क्षेत्र के रहटौली चौक से पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान रहटौली गांव निवासी दीपक कुमार सिंह के पुत्र रितिक कुमार सिंह और रंजन कुमार सिंह के पुत्र रूपक कुमार सिंह के रूप में हुई है। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 37-सी के अभियुक्त रितिक कुमार सिंह और रूपक कुमार सिंह को रहटौली गांव के रहटौली चौक से गिरफ्तार किया गया है। मौके पर एसआई रमेश कुमार, राजेंद्र सिंह प्रशिक्षु एसआई राहुल कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

इफ्तार पार्टी आयोजित

हसनपुर, समस्तीपुर। हसनपुर प्रखंड के भटवन पंचायत के सिरसिया गांव के मो० जियाउद्दीन के आवास पर ईद की पूर्व संध्या पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख विश्वनाथ तांती, जिला परिषद प्रतिनिधि संदीप पाटिल, बुल्लू दास, पप्पू कुमार, मो० जियाउद्दीन, अमरजीत कुमार, अरुण कुमार, महेश साह, रामबल्लभ सिंह, राजदेव यादव आदि मौजूद थे।

मारपीट की घटना में महिला जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में शुक्रवार की रात दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी महिला की पहचान इस्लामपुर गांव निवासी महेश महतो की पत्नी पानो देवी के रूप में हुई है। वहीं परिजनों ने जख्मी महिला को इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि महिला के परिजन के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

ईद की नमाज अदा की गई

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर शनिवार को ईद की नमाज अदा की गई। क्षेत्र के रतवारा, खरसंड, लदौरा, जनता चौक, हरिहरपुर, हसनपुर, तीरा, खजुरी, मंजिल मुबारक आदि जगहों में ईद की नमाज अदा की गई। जिसमें बड़े बुजुर्ग सहित बच्चों ने भी भाग लिया। वहीं शांति व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष गौतम कुमार, एसआई संजय कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

अग्नि पीड़ित परिवारों को प्रदान की सहायता राशि

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत महिषि पंचायत में चार अग्नि पीड़ित परिवारों को समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तुफान के द्वारा सहायता राशि प्रदान किया गया। बता दें कि मंगलवार की रात्री विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगने से चार लोग अशोक राय, विनोद राय, रंजीत राय, सिकंदर राय का घर नगद व सारा समान जलकर राख हो गई थी।

सीपीआईएम सदस्य के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत मुस्तफापुर शाखा के सीपीआईएम सदस्य सियाराम महतो के निधन पर मुस्तफापुर शाखा ने पार्टी का झंडा उनके शरीर पर समर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं विभूतिपुर विधायक अजय कुमार कहा की स्थानीय स्तर पर पार्टी के निर्माण में अहम भूमिका सियाराम महतो का था उनके निधन से एक जमीनी नेता व जनवादी आंदोलन का अपूरणीय क्षति हुई है जो आने वाले दिनों में भी भरपाई नहीं हो पाएगा। उनके सपनों का विभूतिपुर बनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर जिला सचिव रामाश्रय महतो, जिला कमेटी सदस्य शशिकांत झा, सिया यादव, विभूतिपुर अंचल मंत्री श्याम किशोर कमल, विद्यानंद विद्यार्थी, राजेश कुमार, चंद्रशेखर झा, सीताराम राय, घूरन यादव, नरेंद्र सिंह, अशोक कुमार महतो, पंकज कुमार, हुकुमदेव राय आदि उपस्थित थे।

छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर हमला, एक जवान घायल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर बिशनपुर गांव में शुक्रवार की देर शाम छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर शराब माफियाओं ने हमला कर दिया। जिसमें एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल होमगार्ड जवान की पहचान नवल किशोर भगत के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर बिशनपुर गांव में शराब की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान टीम के लोग मौके से फरार हो गए। वहीं एक जवान भीड़ के हत्थे चढ़ गया जिसकी लोगों ने जमकर पिटाई दी। ग्रामीणों की पिटाई से होमगार्ड जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा एक शराब कारोबारी गिरफ्तार कर अपने साथ ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने के बाद शराब कारोबारी के समर्थकों एवं ग्रामीणों के द्वारा उत्पाद विभाग की टीम पर लाठी और पत्थर से हमला बोल दिया गया। जिसके बाद उत्पाद विभाग की टीम को मजबूरन पीछे हटना पड़ा। इस दौरान टीम में शामिल एक होमगार्ड का जवान भीड़ के हत्थे चढ़ गया। जिसके बाद लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिसमें होमगार्ड का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, घटना के संबंध में उत्पाद निरीक्षक सुभाष कुमार का बताना है कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र में शराब की सूचना पर टीम छापेमारी करने पहुंची थी। शराब कारोबारी के समर्थकों व ग्रामीणों के द्वारा ईंट-पत्थर और लाठी से उनकी टीम के ऊपर हमला बोल एक होमगार्ड जवान को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद भारी संख्या में पहुंची पुलिस बल के द्वारा घायल जवान को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

लगाया गया निशुल्क शीतल पेय जल कैंप

प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर, समस्तीपुर। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम अमृतधारा के अंतर्गत मारवाड़ी युवा मंच हसनपुर रोड शाखा द्वारा 21 अप्रैल को शाखा अध्यक्ष निशान्त अग्रवाल के प्रतिष्ठान के सामने मछुआ पट्टी में निःशुल्क शीतल पेय जल का दूसरा कैंप लगाया गया। कैंप का उदघाटन हसनपुर मारवाड़ी समाज की वरिष्ठ महिला अविभावकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निःशुल्क पेय जल कैंप के शाखा संयोजक अभिषेक विकल ने बताया कि ये हमारी शाखा का दूसरा निःशुल्क कैंप है। अध्यक्ष निशान्त अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनीष मुरथालिया, सचिव शुभम चाँद, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य देवी प्रसाद अग्रवाल, गोविंद प्रसाद अग्रवाल, अनिल ड्रोलिया, राजीव ड्रोलिया, शैलेश सौरव, गणेश कनोडिया, पुनीत बर्बरिया, मनीष गोयल, प्रवीण ड्रोलिया, रितिक अग्रवाल, रौनक ड्रोलिया, आदि सदस्य एवम गणमान्य उपस्थित रहे।

पर्व व त्योहारे देश की सांस्कृतिक धरोहर : शाहीन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

ईद के मौके पर स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने धरमपुर, समस्तीपुर बाजार, चकनूर, बांदे, नीरपुर, जितवारपुर, केवस तथा हकीमाबाद आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों को पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत में त्योहारों एवं उत्सवों का सदियों से ही काफी महत्व रहा है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहां पर मनाए जाने वाले सभी त्योहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित कर लोगों में प्रेम, एकता और सद्भावना बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार हमें सारे भेदभाव भुलाकर आपसी सद्भाव के वातावरण में पर्व मनाने व गंगा-यमुनी तहजीब का सन्देश देती है। ईद भाईचारे, शांति तथा सच्चाई की राह पर चलने का संदेश देती है। निःसंदेह पर्व व त्योहारे देश की सांस्कृतिक धरोहर है। मौके पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, राजद नगर अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव, जिला राजद सचिव राकेश यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, प्रांतीय नेता हरेन्द्र कुमार, सोनी सिंह, राजद अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश महासचिव मो० परवेज आलम, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव डॉ० रजनीश कुशवाहा, उत्कर्ष बैंक के वरीय प्रबंधक रवि आनंद, ट्रेड यूनियन नेता एसके निराला, सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष महेश राय, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार शोले, छात्र राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष शशि यादव उर्फ शशि राज, जिला राजद नेता राकेश पांडेय, पूर्व जिला पार्षद प्रभु नारायण राय, राजद मजदूर सेल के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चंदेल, रंजीत कुमार रम्भू, रविन्द्र कुमार रवि, मनोज पटेल, प्रमोद कुमार पप्पू, सुरेश राय, अशोक साह, समाजसेवी ई० राजेश कुमार, जयलाल राय, मनोज कुमार राय, मो० नन्हे, सैयद फैसल आलम मन्नू, रितेश कुमार पिंकू, बिट्टू रजक, मो० बशीर अहमद, मो० आसिफ इकबाल, गोपाल महतो, विनोद महतो, मो० अमरोज, डॉ० रामपुकार सिंह, गुड्डू सिंह, धर्मेन्द्र महतो, केशव कुमार सोनू तथा संदीप सरकार आदि मौजूद थे।

भाईचारे का संदेश देता है ईद : विजय कुमार

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

ईद भाईचारे का संदेश देता है। यह नफरतों को भुलाकर आपसी प्रेम बढ़ाने का पर्व है। इसलिए भारत ही नहीं, पूरे विश्व में इस पर्व को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह बात राज्य के वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को कहीं। वे प्रखंड के मुसरीघरारी में आयोजित ईद मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उनन्होंने कहा कि इस्लामिक मान्यताओं के मुताबिक रमजान के दौरान पाक मन से रोजे रखनेवालों और नमाज अदा करनेवालों के सारे गुनाह अल्लाह माफ कर देते हैं।

इसलिए इस दिन अल्लाह से लोग सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। इस अवसर पर मंत्री ने प्रखंड के मुसरीघरारी चौसीमा, बखरी बुजुर्ग, उदापट्टी, बिशंभरपुर एलौथ, बरबट्टा, गुढमा, किशनपुर यूसुफ आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिले तथा उन्हें ईद की मुबारकबाद दी।

मौके पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद, जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनंत कुमार राय, शिक्षक शाकिर रजा, अखिलेश ठाकुर, रंजीत पटेल, बिदेश्वर राय, संतोष पटेल, शहादत हुसैन, इजहार अशरफ, खालिद रजा, अब्दुल फतह, मो० इरशाद, मो० साजू, राम कुमार झा, विपिन कुमार ईश्वर, मोहन झा, कुमार विश्वनाथ, राम विनोद चौधरी, उमेश चंद्र झा, अनिल सिंह बाबा, मिलन कुमार सिंह, मो० नशीरुद्दीन नगर अध्यक्ष युवा जदयू मुसरीघरारी, अंजनी कुशवाहा, इजहार अशरफ, अनिल सिंह बाबा, अताउर रहमान, बहादुर दास, डॉ० कृष्ण कुमार नसीम अब्दुल्ला, दानिश कमाल, मो० कैसर, मो० फिरोज, मो० नौशाद आदि मौजूद रहे।

मनाई गई परशुराम जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के अहमदपुर गांव स्थित राम जानकी मंदिर के परिसर में शनिवार को भगवान परशुराम की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसमें जय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन कुमार झा शामिल हुए। साथ ही उन्होंने पूजा अर्चना भी किया। वहीं क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए उन्होंने भगवान से सामना भी किया।

कार्यक्रम का संचालन कृष्ण चंद्र प्रसाद सिंह ने किया। मौके पर रूपक कुमार सिंह, रवि सिंह, राजन सिंह, रमन सिंह, दीपक सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

वाहन लुटेरा गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, लूटी गई स्कॉर्पियो बरामद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस ने वाहन लुटेरा गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटी गई एक स्कॉर्पियो और घटना में प्रयुक्त ऑल्टो कार, लूटी गई एक मोबाइल फोन सहित चार मोबाइल फोन और घटना के दौरान पहने गए कपड़े को बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलसंडी तारा के सिंघिया घाट निवासी मो० सबीर के पुत्र मो० रहमत, दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के रामपुर जलालपुर निवासी घिना दास के पुत्र मनीष कुमार दास और सोहन चौधरी के पुत्र अमन कुमार उर्फ मिट्ठू एवं एवं गुनेश्वर दास के पुत्र पंकज कुमार दास के रूप में हुई है। बताया गया कि बीते सात अप्रैल को समस्तीपुर रेलवे स्टेशन से भाड़े पर लेकर जा रहे स्कॉर्पियो गाड़ी चालक के साथ रोसरा थाना क्षेत्र के चक्की ढाब के सामने सुनसान रास्ते में तीन अज्ञात अपराधियों के द्वारा मारपीट कर गाड़ी लूट ली गई थी। घटना का उद्भेदन व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर समस्तीपुर एसपी के द्वारा रोसड़ा डीएसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी के द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर रामपुर जलालपुर से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से लूट की गई स्कॉर्पियो गाड़ी को भी बरामद किया गया।

मस्जिदों और ईदगाहों पर लोगों ने पढ़ी नमाज, देश की सलामती के लिए दुआ मांगी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय प्रखंड से लेकर शहरी क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गई। ईद के मद्देनजर ईदगाह और मस्जिदों के आसपास पुलिस सुरक्षा बल मजिस्ट्रेट तैनात रहा। शहर के आईबी रोड स्थित शाही खां बड़ी नवादा में ईद की नवाज पढ़ी गई। शहर के मंगसाह चौक स्थित मस्जिद, सरदार गंज स्थित मस्जिद, गंज रोड स्थित मस्जिदों सहित अन्य पंचायत में भी लोगों ने ईद की नमाज पढ़ एक दूसरे को ईद की बधाई दी। ईद को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, डीएसपी दिनेशकुमार पांडे, बीडीओ प्रफुल्ल चंद्र प्रकाश, सीओ राजीव रंजन, थानाध्यक्ष सुनील कुमार शहरी क्षेत्रो के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में घूम कर ईद की नमाज को शांतिपूर्ण करवाया। वहीं बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार तथा गन्ना उद्योग मंत्री आलोक कुमार मेहता सुबह से ही अपने क्षेत्रों में ईदगाहो, और मस्जिदों में जाकर लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की शुभकामना दी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मो० जाबिर हुसैन, मीडिया प्रभारी राज दीपक, मो० इंतखाब, सुमित भूषण चौधरी, चंदन प्रसाद, विद्यासागर, सुशांत चंद्र मिश्रा, मनीष कुमार, सहित अन्य सामाजिक जनप्रतिनिधियों ने लोगों को ईद की शुभकामना दी।

डीपीओ माध्यमिक शिक्षा ने प्रधानाध्यापकों के साथ की समीक्षा बैठक

शिक्षकों एवं छात्रों के लिए बनाए गए ई-लॉट्स मोबाइल एप के उपयोगिता से कराया अवगत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के काशीपुर के आरएसबी इंटर विद्यालय के सभागार में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा के द्वारा जिले के सभी 403 माध्यमिक, उत्क्रमित माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की समीक्षात्मक बैठक दो पालियों में शुक्रवार को आयोजित की गई। प्रथम पाली में समस्तीपुर तथा पटोरी अनुमंडल एवं द्वितीय पाली में दलसिंहसराय एवं रोसड़ा अनुमंडल के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता रोहित रौशन ने सर्वप्रथम वर्ष 2022 के माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक के बोर्ड परीक्षा परिणाम में समस्तीपुर जिले की बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को बधाई दिया। वहीं अन्य विद्यालय को भी आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की अपेक्षा के साथ अभी से ही रणनीति बनाने की बात कही। डीपीओ श्री रौशन ने सभी प्रधानाध्यापकों को अपने विद्यालय में विभाग द्वारा शिक्षकों एवं छात्रों के लिए बनाए गए ई-लॉट्स मोबाइल एप के उपयोगिता को विस्तार से बताया तथा इसके अधिक से अधिक उपयोग करने की बात कही। विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला एवं कंप्यूटर लैब का उपयोग करने तथा पुस्तकालय में मौजूद पुस्तकों को छात्रों के बीच वितरण करने तथा पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला के उपयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्ग नवम में नामांकित वैसे छात्र-छात्रा जो वर्ग आठ के राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृति योजना उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भारत सरकार द्वारा अगले चार वर्षों तक प्रति वर्ष 12 हजार रुपए छात्रवृत्ति राशि का लाभ दिलाने हेतु विद्यालय स्तर से राष्ट्रीय स्कॉलरशिप पोर्टल पर छात्रों के द्वारा किये आवेदन को ससमय सत्यापन करने का निर्देश दिया।

शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ लोगों ने मनाया ईद का त्यौहार

शिवाजीनगर, प्रात :किरण संवाददाता

शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में पूरे हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर त्यौहार मनाया गया। रमजान माह में पूरे रोजा रखने व चांद के दीदार होने के बाद शनिवार को सुबह ईद उल फितर नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर अमन चैन शांति भाईचारे का संदेश एवं ईद मुबारक बाद दिया। इस दौरान परशुराम गौसे आजम जामा मस्जिद, रहटौली, नूरगंज मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग एक साथ मस्जिद पर इकट्ठा होकर नमाज अदा की एवं एक दूसरे को ईद मुबारक दिया। परशुराम गौसे आजम जमा मस्जिद में ईद की नमाज मौलाना मोहम्मद मुराद ने पढ़ाई नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर ओपी अध्यक्ष कमल राम और हथौड़ी थाना अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह एवं अंचलाधिकारी प्रिया आयार्नी पुलिस बल की तैनाती के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मौके पर थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, ओपी अध्यक्ष कमल राम, अंचल अधिकारी प्रिया आयार्नी, प्रशिक्षु एसआई राहुल कुमार, एसआई कुंदन पासवान, रमेश कुमार, विनोद कुमार, मुकेश कुमार, सहित पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

शांतिपूर्ण माहौल में ईद की नमाज अदा कर व एक-दूसरे को दी बधाई

प्रात :किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र में ईद उल फितर के अवसर पर शांतिपूर्ण माहौल में मुस्लिम बन्धुओं ने ईद की नवाज अदा की। नवाज अदा करने के बाद एक दूसरे को मुबारकबाद दिया। प्रखंड क्षेत्र के मुस्तफापुर, विभूतिपुर पूरब, सिंघियाघाट, बेलसंडी तारा, मोहनपुर, सैदपुर, चकविदुलिया, मोहनपुर सहित आदि जगहों पर ईदगाह व मस्जिदों में काफी संख्या में मुस्लिम बंधु इकट्ठा हुए एवं प्रशासन की निगरानी में शांतिपूर्ण माहौल में ईद की नवाज अदा की गई। एवं एक दूसरे को बधाई दिया। इस अवसर पर ईदगाह एवं मस्जिदों में बुढे, बच्चे, जवान नवाज अदा कर रहे थे। 30 दिनों के रोजा के बाद आज नवाज अदा करने के साथ ही मुस्लिम बन्धुओं का ईद का त्योहार संपन्न हुआ।

एएनएम और आशा फैसिलिटेटर उपलब्ध कराएंगी अकार्यशील आशाओं की सूची

प्रात :किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत अकार्यशील आशा की सूची कार्यरत एएनएम एवं आशा फैसिलिटेटर उपलब्ध कराएगी। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभूतिपुर के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि प्रखंड अंतर्गत वैसे आशा जो काम छोड़ चुकी है, मृत, ऐसी कार्यरत आशा जो सूचीबद्ध रहते हुए भी काम नही कर रही है, आशा कार्यकर्ता का क्षेत्र जहां प्राधिकृत आशा कार्यकर्ता के रहने के बावजूद भी स्वैच्छिक कार्यकर्ता द्वारा काम लिया जा रहा है व सूचीबद्ध रहते हुए भी संवैधानिक पद पर कार्यरत है। वैसे आशा की सूची कारण दशार्ते हुए संबंधित आशा के पंचायत के मुखिया द्वारा सत्यापित करवाने के बाद एक सप्ताह के अंदर कार्यालय में जमा करने का आदेशित किया गया है। आदेश की अवहेलना करने वाले एएनएम एवं आशा फैसिलिटेटर पर कार्यवाई की जाएगी।

ईद पर्व पर मंसूरचक में दिखा आपसी सद्भाव का नजारा

प्रात :किरण संवाददाता

मंसूरचक, बेगूसराय। आपसी भाईचारे का पर्व ईद प्रखंड क्षेत्र में पारंपरिक रूप से मनाया गया। सबसे अधिक उत्साह सरायनूर नगर मस्जिद में देखा गया, जहां एक महीने से ईदगाह को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। इस अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मिल्की, साठा, गुरूदासपुर, तेमुहां, आलमचक, मंसूरचक, गणपतौल, बहरामपुर, सरायनूरनगर, मसकनदरगाह, समसा, कस्टोली, आगापुर, नवटोल सहित क्षेत्र के तमाम मस्जिदों में निर्धारित समय पर ईद की नमाज अदा की। जिससे मस्जिदों में नमाज पढ़ने को लेकर काफी भीड़ लगी रही। वहीं इन मस्जिदों के समीप लगने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम भी देखे गए। प्रायः सभी मस्जिदों के समीप पुलिस वालों के साथ दंडाधिकारी भी प्रतिनियुक्त रहे। अनुमंडल स्तर के सभी अधिकारी भी नमाज के समय क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। नमाज अदा करने के बाद लोगों के द्वारा एक दूसरे से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता भी नमाजियों से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी, तो दूसरी ओर हरेक घरों में उत्सवी माहौल देखा गया। घर की महिलाएं भी इस पर्व को लेकर काफी उत्साहित दिखी। बच्चों से लेकर बुढ़े, बुजुर्गों में भी उत्साह था।

अमन चैन की दुआओं के साथ अदा की गई ईद- उल-फितर की नमाज

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा। प्रखंड क्षेत्र में ईद-अल-फितर का त्योहार पूरे धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही लोग प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा कर एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। बता दें कि रमजान के पूरे महीने रोजेदारों ने संयम और धैर्य के साथ रोजा रखा और शुक्रवार को चांद का दीदार होते ही शनिवार की सुबह नमाज अदा किया। ईद के मौके पर लोगों ने एतवातपुर ताज के शाही जामा मस्जिद के इमाम मौलाना फखरे आलम ने 8:15 बजे ईद की नमाज पढ़ाई और अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान कमेटी के सदर आसिफ नदीम फरीदी सेक्रेटरी मुमताज आलम शमशुल हक फिरोज आलम सहित अन्य मेंबर ने इमाम से गले लग कर ईद की मुबारकबाद दी। वही लोगों ने अन्य ईदगाह मस्जिदों में जाकर ईद उल फितर की नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी और एक-दूसरे से गले मिलकर बधाइयां दीं। शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा की और शाम को चांद देखने के बाद शनिवार को ईद का त्यौहार मनाया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ने ईदगाह व मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद उल फितर की नमाज अदा की। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से थाना अध्यक्ष अरविंद प्रसाद पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

संदिग्ध हालत में बाइक सवार दो युवक गिरफ्तार

गोपालगंज । जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के जगरनाथा बाजार में पुलिस ने रात्रि गस्ती के क्रम में मध्य रात्रि के समय बाइक से संदिग्ध हालत में घूमते दो युवकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर हिरासत में लिए गए आरोपितों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बरगलाते हुए अपनी पहचान छुपाने का प्रयास किया। गिरफ्तार युवकों की पहचान थाना क्षेत्र के नौतन हरैया गांव के निरंजन कुमार राम और सचिन कुमार के रूप में की गई है। मामले में थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने गिरफ्तार किए गए युवकों के विरुद्ध धारा 151 व 109 के तहत कार्रवाई करते हुए शनिवार के दिन अनुमंडल दंडाधिकारी हथुआ के न्यायालय में प्रस्तुत किया।

त्रिलोकपुर से शराब के नशे में दो गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के बलभद्र पट्टी गांव के धर्मेंद्र मांझी और कुचायकोट थाना क्षेत्र के मनियारा गांव के नंदकिशोर यादव के रूप में की गई है। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपितों को शनिवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया।

थावे जंक्शन पर ट्रेन से 152 बोतल देशी शराब बरामद

गोपालगंज । पूर्वोत्तर रेलवे के थावे जंक्शन पर जांच के दौरान गाडी संख्या 05166 कप्तानगंज छपरा कचहरी सवारी गाड़ी से रेल पुलिस ने 152 बोतल देशी शराब जप्त कर लिया। बताया जाता है कि जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आकर रुकी बोगी तलाशी के दौरान शौचालय के पास से दो झोला और एक ट्रॉली बैग बरामद किया गया। बैग और झोला की तलाशी लेने पर 152 बोतल देशी शराब बरामद की गई। जीआरपी प्रभारी जयविष्णु राम ने बताया कि अज्ञात धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। बोगी तलासी के दौरान सुरेन्द्र कुमार और विनोद कुमार साह आदि जीआरपी जवान मौजूद थे।

थावे में बरामद अज्ञात शव की हुयी पहचान

गोपालगंज। गुरुवार को थावे जंक्शन के ओभर ब्रिज के समीप रेलवे ढाला के दक्षिण सड़क के किनारे बरामद अज्ञात शव की पहचान कर ली गयी है। जीआरपी प्रभारी जय विष्णु राम ने बताया कि शव का पहचान कराकर स्वजनों के हवाले कर दिया गया। मृतक सिधवलिया थाना के जलालपुर कला के बासुदेव गिरी बताया गया है। जो मानसिक रूप से विक्षिप्त था। गौरतलब हो कि गुरुवार को थावे जंक्शन के समीप रेलवे ढाला के किनारे एक अज्ञात शव को बरामद किया गया था। बरामद शव का अंत्यपरीक्षण कराने के बाद शव को पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया था।

आपसी विवाद में हुई मारपीट में चार लोग घायल

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के महरादेऊर बढ़ई टोला में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। घायल पीड़िता के बयान पर स्थानीय थाने में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के महरादेउर गांव निवासी हरेंद्र प्रसाद की पत्नी केशवति देवी ने आरोप लगाया है कि मेरे परिवार के सभी सदस्य दरवाजे पर बैठे थे, तभी गांव के ही लालधर बीन, सरोजा कुमारी, गुड्डी कुमारी, चंद्रकली देवी एवं मोहन बीन एक साथ राय कर गाली देने लगे। गाली का विरोध करने पर सभी लोग मिलकर मारपीट करने लगे। मारपीट की इस घटना में केशवपति देवी, गवत कुमारी, मनीषा कुमारी एवं बजरंगी घायल हैं।मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

समाज कल्याण विभाग ने डीपीओ से मांगी कुपोषित बच्चों की रिपोर्ट

गोपालगंज। समाज कल्याण विभाग ने तीन वित्तीय वर्ष की कुपोषित बच्चों की रिपोर्ट डीपीओ आइसीडीएस सीमा कुमारी से मांग की है। पोषण अभियान के नोडल पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों से पोषण पुर्नवास केंद्र रेफर किये गये बच्चों के संबंध में रिपोर्ट की मांग की गयी है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उचित देखभाल एवं उपचार को लेकर पोषण पुर्नवास केंद्र रेफर किया जाता है। वहीं पोषण पुर्नवास केंद्र में उपचार के बाद वापस आये बच्चों से संबंधित रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया है। विभाग के निर्देश पर डीपीओ सीमा कुमारी ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया है, कि आंगनबाड़ी केंद्रों से रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र मुहैया कराये, ताकि विभाग को रिपोर्ट भेजते हुए अवगत कराया जा सके।

अमन-चैन व खुशहाली का उठे हजारों हाथ

जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्यौहार, ईदगाहों पर लगा मेला, चुस्त दिखा पुलिस प्रशासन

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

पाक रमजान माह के तीस दिनी रोजे की समाप्ति के बाद शनिवार को ईद-उल-फितर का मुकद्दस और रुहानी त्योहार हर्षोल्लास और पूरी पाकीजगी के साथ मनाया गया। नियत समय पर मस्जिद व इदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई। अमन-चैन, खुशहाली-तरक्की के लिए हजारों हाथ दुआ के लिए उठे। नमाज बाद गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गई। ईद को लेकर जिले में सुरक्षा की चाक-चैबंद व्यवस्था रही। माह ए रमजान का सुहानी और रुहानी सफर की मंजिल है ईद-उल-फितर। मुसलमान भाइयों को इस मुकद्दस त्योहार का बेसब्री से इंतजार रहता है। जिस तरह आग में तपकर सोना कुंदन बन जाता है, उसी तरह एक माह के रोजे में भूखे-प्यासे रहकर रोजेदार अपने सारे गुनाह खुदा से माफ करा लेते हैं। रमजान की आखिरी मंजिल होती है ईद की नमाज। पूरे तीस दिन के रोजे के बाद शुक्रवार की शाम चांद दिख जाने पर शनिवार को ईद होने की घोषणा की गई। शनिवार की सुबह आठ व साढ़े आठ बजे ईद की नमाज अता किए जाने की इत्तिला सभी को दी जा चुकी थी। सुबह होने के साथ ही बच्चे, सयाने, बुजुर्ग नमाज पढ़ने जाने की तैयारी में जुट गए। नहा-धो, पाक होकर सफेद कुर्ता-पाजामा और सिर पर रंग-बिरंगी नमाजी टोपी पहनकर सब के सब नियत समय पर ईदगाह पहुंचे। ईद की नमाज को लेकर शहर की सभी मुख्य मस्जिद नमाजियों से गुलजार नजर आ रहीं थी। खासकर दरगाह रोड स्थित मस्जिद में शहर के सभी इलाके से लोग नमाज पढ़ने पहुंचे थे। दरगाह शरीफ का आहाता नमाजियों से गुलजार था। जिधर भी नजर जाती सफेदी ही सफेदी नजर आ रही थी। सबके सब सफेद कुर्ता-पाजामा पहन रखे थे। शालीनता से सभी नमाज पढ़ने के लिए शांत खड़े थे। जिन्हें ईदगाह के मैदान में जगह नहीं मिली, उन्होंने मस्जिद के सामने चादर बिछाकर नमाज पढ़ने के लिए जगह बनाया। हजारों की तादाद में मौजूद नमाजियों ने ईद की नमाज अता की। अपना, अपने परिवार सगे, संबंधी, रिश्तेदारों के साथ कौम की भलाई, पूरे मुल्क की खुशहाली, तरक्की, अमन-चैन के लिए दुआ पढ़ी गई। दुआ के लिए नमाजियों के हजारों हाथ एक साथ उठे। नमाज बाद गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारक बाद दी गई। ईद की नमाज को लेकर ईदगाह मेले के रूप में तब्दील हुआ नजर आ रहा था। ईद की नमाज के बाद बच्चों ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया। मेले में सभी तरह की दर्जनों की तादाद में दुकानें खुली थी।

सुरक्षा की रही तगड़ी व्यवस्था: ईद को देखते हुए प्रशासन सतर्क रहा। नमाजियों को आने-जाने में कोई दिक्कत-कठिनाई नहीं हो, यातायात की समस्या आड़े नहीं आए, इससे निपटने के लिए शहर में सभी प्रमुख इलाके में पुलिस मौजूद रही। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए वज्र वाहन के साथ पुलिस केंद्र से बुलाए गए दर्जनों जवान इलाके को सुरक्षा घेरा में ले रखा था। ईद के नमाज के दौरान शहर के कई मस्जिदों के सामने कुछ मिनट के लिए आवागमन भी रोका गया। ईद की छुट्टी होने के कारण शहर की सड़कों पर वाहनों की कम भीड़ के कारण इससे किसी को कोई परेशानी नहीं हुई।

नियंत्रण कक्ष में पल-पल की आती रही खबर: ईद को लेकर पूरे जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया था। इस नियंत्रण कक्ष से पूरे जिले की स्थिति पर हर पल नजर रखी गयी। हरेक इलाके से प्रति घंटे खैरियत प्रतिवेदन आता रहा। प्रशासन के अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों ने पूरे जिले में नजरें रखी। ताकि कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर त्वरित गति से कार्रवाई हो सके।

डीएम-एसपी ने भी दी ईद की बधाई: ईद के मौके पर डीएम डॉ। नवल किशोर चैधरी, एसपी स्वर्ण प्रभात, सदर एसडीएम डॉ। प्रदीप कुमार, सदर एसडीपीओ प्रांजल, प्रशिक्षु डीएसपी साक्षी राय ईद को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहे। दरगाह रोड स्थित मस्जिद में डीएम-एसपी ने लोगों के गले मिलकर ईद की बधाई दी। गोपालगंज विस क्षेत्र के पूर्व विधायक रेयाजुल हक राजू, इम्तेयाज अली भुट्टो सहित कई गणमान्य लोगों ने भी लोगों को ईद पर्व की बधाई दी। इस दौरान ईदगाह पर सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही। इस बीच लोग एक दूसरे को पर्व की बधाईयां देने में जुटे रहे।

एनएच पर वाहन लूटने वाले गिरोह का पदार्फाश, दो गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

गोपालगंज पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर हथियार के बल पर वाहन लूटने वाले बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने लूट की तीन लग्जरी वाहनों के साथ दो लूटेरो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लूटेरे बक्सर जिले के नवानगर थाने के खैटिया गांव के सुनील कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह और रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के कुम्हौरा गांव के बाबु धन सिंह उर्फ झुलन सिंह बताए गए है। प्रेसवार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि 16 नवंबर 22 को महम्मदपुर थाने के एनएच 27 पर टेकनिवास के समीप हथियार के बल पर ब्रेजा कार व 27 जनवरी 23 को मांझा थाने के एनएच 27 पर पथरा गांव के समीप एक स्कार्पियों की लूट कर ली गयी थी। इन दोनो लूट की घटनाओं के बाद सदर एसडीपीओ प्रांजल के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। गठित एसआईटी ने अनुसंधान एवं आसूचना के संकलन के आधार पर उक्त घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर लूटी गयी ब्रेजा व स्कार्पियों को बरामद कर लिया गया। वही सिवान जिले के मैरवा थाने के मरछिया मोड के समीप से लूटी गयी इनोभा कार को भी बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ के दौरान घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों के शामिल होने की बात सामने आयी है। जो पूर्व से जेल में बंद है। पुलिस जेल में बंद अपराधियों को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। एसपी ने बताया कि जिन अपराधियों के नाम सामने आये है उनमें सिवाने जिले के भरत पासी उर्फ अभिषेक, समर सिंह उर्फ शमी सिंह, बीरबहादुर सिंह, विशाल कुमार, गुंज बिहारी उर्फ पंकज यादव, राहुल कुमार सिंह व नगर थाने के पुरानी चैक के छोटू मांझी शामिल है। इन अपराधियों के द्वारा वाहन लूटने से लेकर खरीद बिक्री व जाली कागजात तक तैयार किए जाते है। इन अपराधियों पर विभिन्न थानों में करीब दर्जनों लूट सहित कई संगीन मामले दर्ज है। एसआईटी में सदर एसडीपीओ प्रांजल के अलावे सदर इंस्पेक्टर हीरालाल प्रसाद, मांझा थानाध्यक्ष विशाल आनंद, पुलिस अवर निरीक्षक राजेश कुमार, रविकांत दूबे, सिपाही अमित कुमार सिंह, सतेन्द्र राम और रविशंकर सिंह शामिल थे।

गोपालगंज में पत्नी को मायके भेज महाराष्ट्र के युवक ने की खुदकुशी

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

नगर थाने के रामनरेश नगर मुहल्ले में महाराष्ट्र के एक युवक के द्वारा खुदकुशी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार को उसके कमरे में फंदे से लटकता हुआ उसका शव बरामद किया गया है। मृतक महाराष्ट्र के खानपुर थाना क्षेत्र के सांगली बाम बरडे गांव निवासी ज्योतिराम शिंदे के पुत्र सागर विट्ठल शिंदे बताया गया है। मृतक किराये के मकान में रहता था और 6 महीने पहले उसकी शादी हुई थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया जाता है कि मृतक किराये के मकान में रहकर सोना-चांदी गलाने का कारोबार करता था। गोपालगंज में उसके साथ सगे-संबंधी भी किराये के मकान में रहते हैं। मृतक विट्ठल के परिजनों ने बताया कि रोजाना दुकान पर सुबह आठ बजे आ जाते थे, लेकिन शनिवार को काफी देर होने के बाद नहीं पहुंचने पर उनके नंबर पर फोन लगाया गया। फोन जब रिसीव नहीं हुआ तो परिजनों की बेचैनी बढ़ी। परिजन जब उसके कमरे के पास पहुंचे तो अंदर से दरवाजा लॉक था। खिड़की से झांक कर देखा गया तो युवक का शव पंखे के सहारे दुपट्टे से लटका हुआ था। घटना की सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गयी। आसपास के लोगों की भी भीड़ जुट गयी। मौत की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेने के पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां मेडिकल बोर्ड ने शव का पोस्टमार्टम किया। बताया जाता है युवक की शादी छह माह पूर्व महाराष्ट्र के खानपुर गांव के निवासी किदरबारी गांव के निवासी प्रियंका शिंदे से हुई थी। शादी के बाद पत्नी गर्भवती हुई थी। इसी बीच शुक्रवार को उसने अपनी पत्नी को मायके वालों के साथ महाराष्ट्र भेज दिया था। इधर, सुसाइड के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी मनोज कुमार ने फोन कॉल डिटेल के साथ कई बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। एसपी स्वर्ण प्रभात का कहना है कि मामला परिवारिक कलह में सुसाइड का है, लेकिन पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

कुचायकोट के 13 शिक्षकों से बीडीओ ने किया शोकॉज, 24 घंटे का अल्टीमेंटम

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

कुचायकोट के 13 शिक्षकों से बीडीओ के द्वारा शोकॉज किया गया है। वही इन शिक्षकों को 24 घंटे का अल्टीमेंटम भी दिया गया है। कुचायकोट के चार्ज अधिकारी सह बीडीओ वैभव शुक्ला ने बताया कि इन शिक्षकों को बार- बार निर्देशित करने के बाद भी अभी तक जाति आधारित गणना का एप इंस्टॉल नहीं किया गया है।

जिसके कारण इन प्रगणकों के क्षेत्र में जाति आधारित गणना का कार्य ससमय नहीं हो रहा है। यह कृत्य जाति आधारित गणना के कार्य के प्रति उदासिनता, मनमानेपन, लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता को दशार्ता है। ऐसी स्थिति में इन शिक्षकों के विरुद्ध उचित कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी। उन्होने बताया कि यह अंतिम अवसर है। शिक्षक 24 घंटे के अंदर जाति आधारित गणना का एप इंस्टॉल कर ले, साथ ही स्वयं उपस्थित होकर अपने स्पष्टीकरण का जवाब प्रस्तुत करें। अन्यथा यह समझा जायेगा कि शिक्षक को स्पष्टीकरण के संबंध में कुछ नहीं कहना है। फिर वैसे शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर प्रधान गणना अधिकारी सह डीएम डॉ। नवल किशोर चैधरी को प्रतिवेदित कर दिया जायेगा। बीडीओ के इस सख्त कार्रवाई से जाति आधारित गणना में प्रगणक व पर्यवेक्षक बने शिक्षकों में हडकंप मचा हुआ है।

इन शिक्षको से हुआ है शोकॉज: एनपीएस श्यामपुर नया टोला की जाहिदा प्रवीन, यूएमएस बिंदवलिया की नुरतारा खातुन, पीएस सवनही जगदीश के परमहंस चैधरी, यूएमएस नारायणपुर सितेश कुमार गुप्ता, पीएस विनोद खरेया प्रभात कुमार सिंह, यूएमएस सेमरा मुन्ना कुमार, यूएमएस भोजछापर नरेंद्र प्रताप यादव, पीएस रामपुर खरेया कन्या अनिल कुमार चैबे, यूएमएस आमवां विजयपुर सुमित कुमार, पीएस पट्टीचक्र गोपी मंजूर अली, पीएस टोला सिपाया संगीता भारती,एमएस करवतही इशरत प्रवीन और यूएमएस श्यामपुर की शिक्षिका रुबी कुमारी शामिल है।

मीरगंज नगर परिषद ने शीतल जल की व्यवस्था राहगीरों के लिए की

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

चिलचिलाती धूप में आम राहगीरों को प्यास बुझाने के लिए मीरगंज नगर परिषद के सौजन्य से शीतल जल की व्यवस्था की गई है। इसके लिए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार शर्मा के निर्देश पर हथुआ नगर पंचायत के हथुआ बाजार में आई टी आई मोड़, सब्जी मण्डी, टैक्सी स्टैंड, अस्पताल चैक आदि स्थानों पर घड़ा में पानी रखा गया है ताकि लोगों को राहत मिल सके। वहीं मीरगंज शहर के राजेन्द्र चैक, मिल रोड, शिव शक्ति चैक, सब्जी मण्डी दुर्गा मंदिर, बदजीर्मी बाजार, थाना मोड़ और कुशवाहा चैक आदि पर शीतल पेय जल की समुचित व्यवस्था की गई है। जिससे आम लोगों को राहत मिल रही है। इस सम्बन्ध में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि जिस स्थान पर शीतल पेय जल की व्यवस्था की गई है वहां एक एक कर्मी की प्रतिनियुक्ति भी की गई है ताकि पानी कम पड़ने पर उसकी व्यवस्था करें। शीतल पेय जल आम राहगीर के लिए लगाया गया है जो बाजार आ रहे है और उनके प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकना पद रहा है। यह कार्यक्रम पूरे गर्मी भर चलेगा। आवश्यकता पड़ने पर पेय जल की और व्यवस्था की जाएगी। एक सवाल पर कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि नगर परिषद व हथुआ नगर पंचायत में लगे सभी चपकलो की मरम्मती का आदेश दिया गया है।

अब हथुआ में निकाय चुनाव को लेकर फाइनल मतदाता सूची का होगा प्रकाशन

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

हथुआ नगर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हो गयी है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम डॉ। नवल किशोर चैधरी ने नवगठित नगर पंचायत हथुआ में चुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू करा दिया है, वही गोपालगंज नगर परिषद के वार्ड 11 में भी वार्ड पार्षद का चुनाव होना है। जिसको लेकर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन नगर पंचायत हथुआ के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ हथुआ राकेश कुमार के द्वारा किया गया। वही गोपालगंज नगर पर्षद के वार्ड 11 के मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ सदर डॉ प्रदीप कुमार के द्वारा किया गया है। इन मतदाता सूची के प्रकाशित प्रारूप पर मतदाताओं को दावा आपत्ति दर्ज कराने को लेकर मौका दिया गया था। गत 18 अप्रैल तक हथुआ नगर निकाय के प्रारूप मतदाता सूची पर कुल 17 आपत्ति प्राप्त हुआ है। जिसका निष्पादन आगामी 24 अप्रैल तक किया जाना है, जबकि गोपालगंज नगर परिषद के वार्ड 11 के प्रारूप मतदाता सूची पर कोई दावा आपत्ति प्राप्त नही हुआ है। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि दावा आपत्तियों के शत-प्रतिशत निष्पादन के बाद आगामी तीन मई को नगर निकाय चुनाव को लेकर नवगठित नगर पंचायत हथुआ और गोपालगंज नगर परिषद के वार्ड 11 के चुनाव को लेकर फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा।

हथुआ के निकाय चुनाव में 24।3 हजार वोटर करेगे मतदान: नवगठित नगर पंचायत के 22 वार्डो में वार्ड पार्षद, मुख्य पार्षद व उप मुख्य पार्षद पद के चुनाव को लेकर 24 हजार 379 मतदाता मतदान करेगे। जिसमें वार्ड संख्या 10 में सर्वाधिक मतदाता 1959 है, जबकि निकाय चुनाव में 12637 पुरूष व 11740 महिला वोटर के साथ-साथ वार्ड 13 व 22 में एक-एक थर्ड जेंडर मतदाता भी है, जो निकाय चुनाव में मतदान करेंगे।

मस्जिदों व ईदगाहो में अदा की गई ईद उल फितर की नमाज

पुलिस प्रशासन दिखी चौकस, बाइक सवार पुलिसकर्मी पेट्रोलिंग करते नजर आए

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । शुक्रवार की संध्या चांद का दीदार के साथ ही ईद उल फितर की नमाज शहर के विभिन्न मस्जिदों और गांवों में शांति पूर्वक माहौल में संपन्न हो गया। मुस्लिम समुदाय ने मस्जिदों में नमाज अदा करने के साथ ही अपने परिवार व देश में अमन चैन व तरक्की के लिए दुआएं मांगी । जिलाधिकारी अमन समीर और पुलिस कप्तान गौरव कुमार मंगला के निर्देशन में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था । विधि व्यवस्था व शांति पूर्ण माहौल में मुस्लिम समुदाय का पवित्र त्यौहार ईद संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न मस्जिदों, प्रमुख चौक -चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था, तथा बाइक से भी पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग का इंतजाम किया गया था। बता दें कि एक माह तक चलने वाला मुस्लिम धर्म का पवित्र महीना माहे रमजान रहमतों फजील व बरकतों वाला महीना माना जाता है । इस माह में मुस्लिम समुदाय अपने सामर्थ्य के अनुसार खूब गरीब असहाय में सदका व जाकात के रूप में मदद करते है । यह त्यौहार मुस्लिम समुदाय का सबसे पवित्र और खचीर्ला त्यौहार माना जाता है । इस त्यौहार की खासियत है कि परिवार के हर सदस्य नए कपड़े में नमाज अदा करते हैं । तथा नमाज पढ़ने के बाद मुस्लिम समुदाय एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं। ईद के त्यौहार के दिन मुस्लिम समुदाय एक दूसरे के घर जाकर ईद की बधाइयां देते हैं और देवरिया भी खाते खिलाते हैं। वही शहर के छोटा तेलपा कोरार मस्जिद, साहिबगंज स्थित जामा मस्जिद, खनुआ मस्जिद, मौला मस्जिद, औलिया मस्जिद, भगवान बाजार स्थित जुमनी मस्जिद सहित शहर के तमाम मस्जिदों व ईदगानहों में सुबह 7:00 से 8:00 के बीच नमाज अदा की गई। जबकि करीम चक के मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने राजा पैलेस में ईद मिलन का समारोह भी आयोजित किया गया । ईद मिलन समारोह में शहर के स्थानीय युवा वर्ग और गणमान्य लोगों ने शिरकत कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और कई तरह की सेवइयां के साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद उठाया। जिला प्रशासन के बेहतर प्रबंधन से ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया कहीं से कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं है। प्रशासन द्वारा साहेबगंज व करीम चक खनुआ और मौला मस्जिद चौक पर महिला पुलिस बल सहित विशेष फोर्स तैनात किया गया था। ईद की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखी और सर को पर बाइक सवार पुलिसकर्मी में पेट्रोलिंग करते नजर आए । बाहर हाल माह तक चलने वाला रहमतों बरकतों वाला त्यौहार माहे रमजान माहे रमजान संपन्न हो गया। मुस्लिम समुदाय के बच्चों और युवाओं ने जमकर ईद की मस्ती की और आनंद उठाया ।

जिले में मनाया गया भाकपा माले का 54वां स्थापना दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। भाकपा माले का 54वां स्थापना दिवस पूरे जिले में मनाया गया। इस मौके पर पार्टी कार्यकताओं ने का चारु मजूमदार और पार्टी के सभी संस्थापक नेताओं समेत उन सभी साथियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्थापना दिवस के मौके पर जिला सचिव इंद्रजीत चैरसिया ने कहा कि जिन्होंने इन 54 सालों में पार्टी को बनाने और क्रांतिकारी आंदोलन को अग्रगति देने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया।

22 अप्रैल दुनियां की पहली समाजवादी क्रांति के रचनाकार और मार्क्स एवं एंगेल्स के बाद मार्क्सवाद के महानतम शिक्षक का। लेनिन का जन्मदिन भी है। भाकपा माले के जिला सचिव इंद्रजीत चैरसिया के द्वारा प्रखंड के बसदेवा, लच्छीचक, सेमरहा पोखरा इत्यादि अनेक जगहो पर 54वां स स्थापना दिवस मनाया गया। आगे उन्होंने कहा कि आज हमारे देश मंहगाई और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है, इसके खिलाफ तमाम लोगों को संगठित होकर पार्टी को मजबूत करना होगा तथा भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए मजबूत प्रतिरोध खड़ा करना होगा।

भोरे मे सुभाष पटेल, लालबहादुर सिंह, फुलवरिया में रवींद्र सिंह, विजयीपुर में जितेंद्र पासवान, राजेश यादव, सीता पाल, सरोज देवी, पंचदेवरी मे रामनरेश राम, कुचायकोट में नसेमन जी, नंदेश्वर राम, गोपालगंज में सुभाष सिंह, मांझा मे सुरेंद्र यादव, बरौली मे राम इकबाल साह आदि के नेतृत्व में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।

चार्ज अधिकारी ने पर्यवेक्षक व प्रगणक को दिया सख्त हिदायत

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

कुचायकोट के चार्ज अधिकारी सह बीडीओ वैभव शुक्ला ने सभी पर्यवेक्षक व प्रगणक को सख्त हिदायत दिया गया है। उन्होने जाति आधारित गणना के कार्य में लापरवाही को लेकर कहा है कि बार-बार निर्देश के बाद भी जाति आधारित गणना के कार्य में शिथिलता बरती जा रही है, जो स्वेच्छाचारिता एवं कर्तव्यहीनता का द्योतक है। जिसको लेकर प्रशासन के वरीय अधिकारियों में नाराजगी व्याप्त है। ऐसे में यथाशीघ्र एप पर जाति आधारित गणना की इंट्री करना शुरू करें। अन्यथा आप सभी के विरुद्ध सरकारी कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर डीएम से अवगत कराया जायेगा। जिसके बाद नियमानुकूल कार्रवाई किया जायेगा। ऐसी स्थिति में जाति आधारित गणना की रिपोर्ट एप पर अपलोड़ करें।जाति आधारित गणना की समीक्षा प्रधान गणना अधिकारी सह डीएम डॉ। नवल किशोर चैधरी के द्वारा आगामी 24 अप्रैल को किया जायेगा। जाति आधारित गणना में कुचायकोट का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा तो कार्रवाई तय मानी जा रही है। ऐसे में सभी पर्यवेक्षक व प्रगणक को सजग होकर जाति गणना का कार्य करना होगा।

डीइओ ने बीडीओ व बीइओ से मांगी स्कूल जांच की रिपोर्ट

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी के निर्देश पर शिक्षा विभाग सजग हो गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रारंभिक से लेकर माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में समग्र विकास मद की कितनी राशि निर्धारित समय सीमा में खर्च किया गया है।

इसकी जांच किया जाना है। किस विद्यालय के द्वारा कितनी राशि व्यय किया गया है। इसकी जांच प्रत्येक प्रखंड के पांच स्कूलों में किया जाना है। जिनमें प्रत्येक प्रखंड के दो प्राथमिक, दो मध्य एवं एक उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल है। अधिकारियों के संयुक्त जांच में समग्र विकास अनुदान मद की राशि का उपयोग आदि बिंदुओं पर जांच किया जाना है। जिसको लेकर प्रत्येक प्रखंड के पांच-पांच चिन्हित स्कूलों की सूची डीपीओ समग्र शिक्षा अभियान राजन कुमार के द्वारा मुहैया कराया गया है।डीइओ राज कुमार शर्मा ने सभी बीडीओ व बीइओ को निर्देश देते हुए कहा है कि आगामी 25 अप्रैल तक हर हाल में स्कूलों की संयुक्त जांच प्रतिवेदन मुहैया कराये, ताकि सामेकित जांच रिपोर्ट से डीएम को अवगत कराया जा सके। डीइओ के इस आदेश के बाद सभी बीईओ जांच कार्य में जुट गयी है।

प्रखंडों में लगेगा कैंप, शिक्षकों का केवाइसी होगा अपडेट

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

यूटीआई पेंशन योजना के लाभूक शिक्षकों का केवाइसी अपडेट किया जायेगा। इसको लेकर सभी प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) में कैंप आयोजित किया जायेगा।

जिसको लेकर डीपीओ स्थापना जमालुद्दीन ने सभी बीइओ को निर्देशित किया है। उनके द्वारा यह भी कहा गया है कि सभी बीइओ अपने प्रखंड के सभी नियोजित शिक्षक जो यूटीआई पेंशन योजना के लाभूक है, वे कैंप की निर्धारित तिथि व समय पर बीआरसी में पहुंचकर अपना यूटीआई पेंशन का केवाईसी अपडेट कराये। इसको लेकर शिक्षकों को सभी तरह के आवश्यक कागजात लेकर कैंप में पहुंचे और शत-प्रतिशत केवाईसी कराये। उनके द्वारा बताया गया कि अब तक मात्र 13 सौ शिक्षक ही अपना केवाईसी करा सके है, जबकि 3282 शिक्षको का केवाईसी कराया जाना शेष है। उसे भी कैंप के माध्यम से पूरा किया जाना है। डीपीओ से निर्देश मिलने के बाद सभी बीइओ कैंप की तैयारी में लग गये है, ताकि कैंप के माध्यम से इस कार्य को पूर्ण किया जा सके।

शिक्षा व संस्कार से ही बेहतर समाज का निर्माण - प्रण शर्मा

छपरा । एकमा/रसूलपुर अंतर्गत माता सती स्पोर्ट्स क्लब एवं नवयुवक संघ द्वारा बैठक कर क्षेत्र के शैक्षणिक व सामाजिक विकास पर चर्चा की गई।बैठक में ऑनलाइन भेजे संदेश में आयुर्वेद बैजनाथ कंपनी के बिहार पटना के अध्यक्ष प्रण शर्मा ने कहा कि क्लब अपने क्षेत्र के युवाओं के विकास के लिए जो कार्य कर रहा है वह काबिले तारीफ है।उन्होंने कहा कि शिक्षा व संस्कार से ही बेहतर समाज का निर्माण संभव है।शर्मा ने इसके लिए क्लब के संचालक भाइयों अनिल दूबे व विश्वजीत दूबे धूमल की सराहना की।2017 में स्व. हरिहर दूबे द्वारा स्थापित क्लब से जुड़ कर शैक्षणिक, खेल व सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले समाजसेवियों शिक्षकों आदि के प्रति क्लब संचालक ने आभार जताया और कहा कि डाक विभाग के अधिकारी नारायण मिश्र, मा भारती सेंट्रल स्कूल के प्राचार्य उमशंकर चौबे, भरत दुबे ,राज किशोर मिश्रा, शिवजी दुबे जी, विश्वेश्वर मिश्रा, समाजसेवी राजेश्वर सिंह, विकास कुशवाहा, राजकुमार मिश्रा द्वारा दिया गया।

सम्पादकीय

राजनीति का अपराधीकरण क्यों

राजनीति में अपराध और अपराधियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। निर्वाचित प्रतिनिधियों में चुनाव जीतने के बाद अपने आपको विशिष्ट मानते हैं। वह अपनी संवैधानिक ताकत का उपयोग जब अपने राजनीतिक और निजी हितों के लिए करना शुरू कर देते हैं। उसके बाद राजनीति में अपराधीकरण का प्रवेश बड़ी तेजी के साथ होने लगता है भारत में जब से गठबंधन की सरकारें बनना शुरू हुई। विचारधारा और नैतिकता नेपथ्य में चली गई। उसके बाद से ही राजनेताओं और उनके समर्थकों का अपराधिक घटनाओं में लिप्त होना पाया जाने लगा। 1977 के बाद गठबंधन की सरकार बनना शुरू हुई। लोकसभा और विधानसभा में संख्या बल के आधार पर दलबदल जैसी बुराइयां आ गई। चुनाव जीतना और सत्ता में किसी भी तरह से बने रहना राजनेताओं की प्रथम प्राथमिकता बन गई। निर्वाचित प्रतिनिधियों का निजी हित सर्वोपरि हो गया। उसके साथ ही राजनेताओं और उनके आसपास बने रहने वाले लोगों के लिए स्वार्थ सिद्धी के लिये अपराध करना सामान्य बात मान ली गई। उन्हें राजनीतिक संरक्षण मिलने लगा। धीरे-धीरे यह जहर पिछले 30 वर्षों में इतना फैल गया है, जिस पर नियंत्रण कर पाना बहुत मुश्किल हो गया है।

2 तरह के अपराधी राजनीति में देखने को मिल रहे हैं। एक जो अपनी ताकत का प्रदर्शन करके लोगों की जमीन, संपत्ति, ठेके इत्यादि राजनीतिक संरक्षण और ताकत के बल पर कब्जा करते हैं। दूसरे वह अपराधी हैं, जो अपनी राजनीतिक ताकत के बल पर आर्थिक अपराध करते हैं। शासन और प्रशासन इन पर कार्यवाही करने के स्थान पर उल्टा संरक्षण देने लगता है। उसके बाद राजनेताओं और उनके आसपास जुड़े हुए लोग बेखौफ अपराध में लिप्त हो जाते हैं। इन पर कोई कार्यवाही भी नहीं हो पाती है। सरकार पुलिस और न्यायपालिका का संरक्षण भी इन्हें समय-समय पर मिलता है, जिसके कारण इन पर नियंत्रण करना मुश्किल है।

अतीक अहमद जब पहली बार विधानसभा के लिए चुना गया था। उसकी उम्र मात्र 27 वर्ष थी। विधायक बनने के बाद उसने लगातार कुलाटी खाते हुए एक दल से दूसरे दल मे जाकर संवैधानिक ताकत का दुरुपयोग स्वयं के लिए किया। वह राजनीतिक दलों के लिए मोहरा भी बना। सभी राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए इसी तरह के उम्मीदवारों का चयन करते हैं। जो अपने बाहुबल के आधार पर खुद चुनाव जीते और आसपास की सीटों पर प्रभाव डालते हुए चुनाव जिता दे। सभी राजनीतिक दल अपराधीकरण रोकने की दिशा में एकमत नहीं हो पाते हैं। खूंखार अपराधियों को सभी राजनीतिक दल टिकट दे रहे हैं। अदालतों में कई दशक मामले के निपटारे में लग जाते हैं। इस बीच में वह गवाहों को डरा धमका कर या सबूत को मिटा कर अदालत से भी निर्दोष साबित हो जाते हैं। ऐसे ही कई कुख्यात अपराधी भारत की संसद और विधानसभाओं में बिना किसी डर और भय के दशकों से बैठे हुए हैं।

एक तरफ हम कानून के राज की बात करते हैं। केवल गरीबों निस्सहाय पर ही कानून लागू होता है। बड़े-बड़े उद्योगपति, राजनेता और माफिया के ऊपर कानून लागू नहीं होते। सरकार-प्रशासन और पुलिस उन्हें कानूनों के प्रावधानों से बचाने का काम करती है। यदि जेल पहुंच भी गये तो जेल के अंदर से अपनी सभी गतिविधियां संचालित करते हैं। जेल में उन्हें सारी सुविधाएं मिल जाती हैं। जेल के अंदर से फिरौती और वसूली का धंधा चलता रहता है। सरकार अदालतें और पुलिस मोन बनकर तमाशा देखती रहती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 माह के अंदर राजनेताओं के अपराधिक प्रकरणों का फैसला कराने का भरोसा दिलाया था। उनके शासनकाल के 9 साल पूरे होने जा रहे हैं। वह भारत के सबसे सशक्त प्रधानमंत्री बने हुए हैं। इसके बाद भी राजनीति में अपराधी दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। यह चिंता का विषय है। 6 माह के अंदर किसी भी राजनेता का कोई भी प्रकरण न्यायालय से नहीं निपटा है। निपट भी गया है तो सरकारी संरक्षण में वह स्थगन लेकर संवैधानिक पदों पर बने रहते हैं।

जिस तरह से कानून की अनदेखी कर पिछले वर्षों में बिना नोटिस, बिना सुनवाई बुलडोजर चलाकर घर गिराने और एनकाउंटर करके अपराधियों को मारने का नया खेल शुरू हो गया है। सरकार में जो नेता बैठे हैं। उन्हें न्यायालयों का भी कोई खौफ नहीं रहा। पिछले कुछ समय से अब सरकारें न्यायालयों को भी अपने अधीनस्थ बनाने की कोशिश कर रही है। इससे रही-सही जो स्थिति न्याय पालिका की बनी हुई थी, वह भी समाप्त होती जा रही है।

स्कूलों में लागू करें फिटनेस कार्यक्रम

भूपिंदर सिंह

पिछले कई वर्षों से स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की बात इस कॉलम के माध्यम से हो रही है, मगर हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी या निजी स्कूल अपने यहां फिटनेस कार्यक्रम लागू करने में नाकाम रहा है। नया शिक्षण सत्र शुरू हो रहा है। क्या इस बार सरकारी स्कूल अपने यहां या कोई निजी स्कूल पहल करेगा? शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो। क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, स्ट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रयोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिए।

यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते-आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सके। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडिों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त बातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार प्रशिक्षकों की भर्ती बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था।

अनुसूचित जाति आरक्षण में नए दावेदार

भारतीय या हिंदू सामाजिक व्यवस्था में इन जातियों के साथ इनकी जाति के कारण ही भेदभाव किया जाता है। उनके साथ दूसरी जातियों के लोग खाते-पीते नहीं हैं। उनकी बस्तियां गांव से बाहर होती हैं। इतना ही नहीं कई जातियों को तो अछूत ही मान लिया जाता है। शादी विवाह में खाने के लिए इन जातियों के लोगों की पंक्ति कई जगह अलग लगा दी जाती है। यह हिंदू समाज का भीतरी रोग है जिसे दूर करने के अनेक उपाय सदियों से होते रहे हैं। बाबा साहिब अंबेडकर ने एक बार कहा था कि यह हिंदू समाज का गुण है कि वह समय समय पर अपने भारत आ गई बीमारियों को दूर करने के प्रयास भी करता रहता है। भेदभाव की बीमारी को दूर करने और सामाजिक समरसता स्थापित करने के अनेक उपाय किए जाते रहे हैं। उनमें से एक उपाय है अनुसूचित जातियों का सशक्तिकरण।



कुलदीप चंद अग्निहोत्री
लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है

भारत की कुछ जातियों की एक सूची तैयार की गई है जिसके कारण इन जातियों को अनुसूचित जाति के नाम से जाना जाता है। अंग्रेजी भाषा में इसे संक्षेप में एससी कहा जाता है। इस सूची में शामिल जातियों के लोगों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिए जाने का प्रावधान है। भारतीय या हिंदू सामाजिक व्यवस्था में इन जातियों के साथ इनकी जाति के कारण ही भेदभाव किया जाता है। उनके साथ दूसरी जातियों के लोग खाते-पीते नहीं हैं। उनकी बस्तियां गांव से बाहर होती हैं। इतना ही नहीं कई जातियों को तो अछूत ही मान लिया जाता है। शादी विवाह में खाने के लिए इन जातियों के लोगों की पंक्ति कई जगह अलग लगा दी जाती है। यह हिंदू समाज का भीतरी रोग है जिसे दूर करने के अनेक उपाय सदियों से होते रहे हैं। बाबा साहिब अंबेडकर ने एक बार कहा था कि यह हिंदू समाज का गुण है कि वह समय समय पर अपने भारत आ गई बीमारियों को दूर करने के प्रयास भी करता रहता है। भेदभाव की बीमारी को दूर करने और सामाजिक समरसता स्थापित करने के अनेक उपाय किए जाते रहे हैं। उनमें से एक उपाय है अनुसूचित जातियों का सशक्तिकरण।

सरकारी नौकरियों में आरक्षण उनमें से मात्र एक प्रावधान है। सत्ता में भागीदारी दूसरा प्रावधान है। यही कारण है कि विधान सभाओं व लोकसभा में भी अनुसूचित जातियों के प्रत्याशियों के लिए कुछ सीटें आरक्षित रखी जाती हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों से भारत में रह रहे एटीएम (अरब, तुर्क, मुगल-मंगोल) मूल के मुसलमान एक बड़े अभियान में लगे हुए हैं। उनकी कोशिश है कि भारत के देसी मुसलमान (डीएम) को भी अनुसूचित जाति की तर्ज पर आरक्षण दिलवाया जाए। लेकिन उनके दुर्भाग्य से इस्लाम में जाति की कोई अवधारणा नहीं है। सामाजिक व्यवस्था में जाति की अवधारणा केवल हिंदू समाज में ही है। यह सामाजिक व्यवस्था अच्छी है या बुरी है, यह एक अलग प्रश्न है। लेकिन इस व्यवस्था के अस्तित्व से कोई इन्कार नहीं कर सकता। जिनको आज की वैधानिक शब्दावली में एससी कहा जाता है, उनमें से बहुत सी जातियां एटीएम के शासन काल में इस्लाम में शामिल कर ली गई थीं। ऐसा नहीं कि इन जातियों ने इसका विरोध नहीं किया। बल्कि यदि इतिहास को सही रूप से परखा जाए तो अरबों, तुर्कों व मुगल हमलावरों से स्थान स्थान पर इन्हीं जातियों के लोगों ने मुकाबला किया। परन्तु हमलावरों की विजय के बाद, इसका सबसे ज्यादा दंश भी इन्हीं जातियों को झेलना पड़ा।

इनको इस्लाम में शामिल किया जाना भी इसी का परिणाम था। परन्तु 1947 के बाद देश में से सभी विदेशी शासकों मसलन- अरबों, तुर्कों, मुगलों, पुर्तगालियों, फ्रांसीसियों व अंग्रेजों के शासन का अन्त हो गया। देश में लोकतन्त्र की स्थापना हुई। नई शासन व्यवस्था में अनुसूचित जातियों को भी हिस्सेदारी मिली। इसलिए यह सुगबुगाहट भी होने लगी कि इन जातियों के जो लोग इस्लाम में धकेल दिए गए थे, वे वापिस अपने घर लौट आएं। इस सुगबुगाहट से एटीएम मूल के मुसलमान घबरा गए। उनकी घबराहट समझ में आती थी। एटीएम भारत में अभी भी इन्हीं देसी मुसलमानों के बलबूते अपना उल्लू सीधा कर रहा है। उनकी संख्या आटे में नमक के बराबर भी नहीं है, लेकिन वह देसी मुसलमानों को हांक कर, उनके संख्या बल पर विधान सभाओं या लोकसभा में पहुंचता है। देसी मुसलमान को मजहब की घुट्टी पिला कर स्वयं नौकरशाही में बड़े पद झटक लेता है। एटीएम को लगता है यदि देसी मुसलमान हिल गया तो एटीएम की हवेलियां धराशायी हो जाएंगी। इसलिए वह उसे आश्वस्त कर रहा है कि आप को भी अनुसूचित जाति की तर्ज पर आरक्षण दिलवा दिया जाएगा।

लेकिन यह कैसे सम्भव हो सकता है? बाबा साहिब अंबेडकर ने भी इस प्रश्न पर गहराई से विचार किया था। लेकिन उन्होंने देसी मुसलमान के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था करने से इन्कार कर दिया था। एटीएम ने इसका भी चोर दरवाजा खोज निकाला था। उसने सोनिया कांग्रेस से तालमेल बिठा कर भीमसेन सच्चर, जिन्होंने 1947 के बाद पाकिस्तान संविधान सभा का सदस्य बने रहने को वरीयता दी थी, के सुपुत्र राजेन्द्र सच्चर की अध्यक्षता में एक कमेटी बना दी थी। इस कमेटी ने अपनी रपट में कहा था कि भारत में मुसलमानों के साथ बहुत ही अन्याय हो रहा है। उनका शोषण हो रहा है और वे अत्यन्त पिछड़े हुए हैं। उसके कुछ साल बाद, यूपीए की सरकार ने ओडीशा के एक सज्जन रंगनाथ मिश्रा, जो कभी उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके थे, की अध्यक्षता में एक दूसरा आयोग गठित किया। इस आयोग ने भी राजेन्द्र सच्चर कमेटी की तर्ज पर वही घोषणा की कि देसी मुसलमान के साथ घोर अन्याय हो रहा है। जाहिर है यह सारी कसरत इसलिए की जा रही थी कि कल को न्यायालय में जाकर इन महापुरुषों की रपटों को सबूत के तौर पर पेश किया जा सके और देसी मुसलमानों के लिए भी आरक्षण की मांग की जा सके। एक बार उनको आरक्षण दिलवा दिया तो उनका अपने पुराने पुश्तैनी घर में चले जाने का खतरा टल जाएगा और एटीएम इस भीड़ में छिप कर फिर मौज करेगा। और सचमुच जिसका शक था, वही हुआ।

कुछ लोग राजेन्द्र सच्चर और रंगनाथ मिश्रा की रपटों की भारी भरकम पोथियां लेकर उच्चतम न्यायालय की ओर भागते देखे गए। तर्क पर तर्क दिए जा रहे हैं। किसी भी तरीके से आरक्षण दिलवाना है, नहीं तो महमूद गजनवी से लेकर औरंगजेब तक का सब किया कराया मिट्टी में मिल जाएगा। प्रश्न यह है कि एटीएम मुसलमानों के लिए किस आधार पर आरक्षण मांग रहा है? एटीएम का कहना है कि इन मुसलमानों में भी जाति है। यदि कोई यह कहता है कि वह मुसलमान भी है और उसकी जाति भी है तो या तो वह झूठ बोल रहा है या फिर वह मुसलमान नहीं है। दोनों बातें एक साथ नहीं हो सकती। इस्लाम में जाति व्यवस्था नहीं है। यह सामाजिक व्यवस्था केवल हिंदू समाज में ही है। अब एटीएम क्या यह मांग कर रहा है कि पहले तो उच्चतम न्यायालय इस्लाम की मूल अवधारणा में ह्यजाति की अवधारणाह्ल ट्रांसप्लांट करे और यह कठिन काम निपटाने के बाद कुछ निश्चित जातियों को आरक्षण की व्यवस्था करे। लेकिन मुख्य प्रश्न यही है कि क्या हजत मोहम्मद द्वारा स्थापित और पारिभाषित इस्लाम की मूल अवधारणा को किसी एक देश, उदाहरण के लिए भारत की न्यायपालिका बदल सकती है? सुनवाई के दौरान शायद भारत के मुख्य न्यायाधीश इसी का जवाब मांग रहे थे। एटीएम के पास क्या इसका कोई उत्तर है? उत्तर हो ही नहीं सकता क्योंकि एटीएम मूल के मुसलमानों की अपनी कोई जाति नहीं है।

विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष : कब समझेंगे हम पृथ्वी की पीड़ा?

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चचाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए।

योगेश कुमार गोयल
लेखक वरिष्ठ पत्रकार

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चचाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं।

प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्ल के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्ल पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री-राज्यपाल विवादः संवैधानिक हस्तियों के बीच टकराव कितना सही?

ओमप्रकाश मेहता

भारत की आजादी के बाद लगभग दो दशक तक देश में कहीं भी मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच किसी तरह का विवाद पैदा नहीं हुआ था, उसका मुख्य कारण यह था कि राज्यपालों की नियुक्तियां राजनीतिक आधार पर नहीं, बल्कि व्यक्तित्व के गुणों व योग्यता के आधार पर की जाती थी, किंतु उसके बाद जब से राज्यपालों की नियुक्ति में राजनीति संबंधित शख्स की विचारधारा और सत्तारूढ़ केंद्र के राजनीतिक दल को लाभ पहुंचाने की कसौटी पर मूल्यांकन होने लगा तब से इस महत्वपूर्ण संवैधानिक पद की गरिमा को काफी ठेस पहुंची है, आज देश के एक दर्जन से अधिक राज्यों में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के बीच तकरार की खबरें सुर्खियों में रहती है, विशेषकर उन राज्यों में जहां गैर भाजपा सरकारें कार्यरत है, वहां सरकार विधानसभा से जो भी विधेयक पारित करवाकर राज्यपाल की मंजूरी हेतु भेजती है, राज्यपाल उन्हें लंबी अवधि तक ठंडे बस्ते में डालकर रख देते हैं, जिससे राज्य सरकार कई महत्वपूर्ण जनहितैषी योजनाओं को मूर्त रूप नहीं दे पा रही है।

पिछली शताब्दी के सातवें दशक तक केंद्र सरकार देश के विभिन्न क्षेत्रों में काफी ख्याति प्राप्त करने वाले लेखकों, साहित्यकारों, विद्वानों या वरिष्ठ राजनेताओं को राज्यपालों के पद पर नियुक्त करती थी, उस दौरान क्योंकि राज्यपालों का किसी विशेष राजनीतिक विचारधारा से कोई संबंध नहीं होता था, इसलिए सब कुछ नियम कानून की परिधि में होता था, किंतु जब से राज्यपाल पदों पर नियुक्ति के समय संबंधित शख्स की राजनीतिक आस्था का परीक्षण किया जाने लगा, तब से संविधान, नियम, कानून सभी गौंण हो गए और राज्यपाल अपने केंद्रीय आकाओं की कठपुतली बन कर रह गए। आज देश के अधिकांश राज्यों में यही स्थिति है और गैर भाजपा की सरकारों व संबंधित प्रदेशों के राज्यपालों के बीच तनातनी का भी यही मुख्य कारण हैं, अब यह प्रक्रिया चरम पर पहुंचने लगी है।

आमतौर पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच विवाद की शुरूआत 1967 से हुई 1967 के चुनाव के बाद दक्षिणी राज्य तमिलनाडु से इसकी शुरूआत हुई, जब वहां की जनता ने देश में पहली बार क्षेत्रीय दल डी.एम.के. को सत्ता सौंपी श्री अन्ना दोरई मुख्यमंत्री चुने गए जिनका 1969 में निधन हो गया, उनके बाद एमके करुणानिधि ने सत्ता की बागडोर संभाली उन्होंने राज्यपालों द्वारा विधायकों को रोके जाने की प्रक्रिया का जमकर विरोध किया, इसके बाद से मुख्यमंत्री जयललिता व तत्कालीन राज्यपाल चेन्ना रेड्डी के बीच विवाद की शुरूआत हुई, इसी के चलते जयललिता ने केंद्र में विराजित पी वी नरसिंहराव सरकार को दिया जा रहा समर्थन वापस ले लिया था, उसके बाद केंद्र ने कांग्रेस नेता चेन्नारेड्डी को तमिलनाडु का राज्यपाल बना कर भेज दिया, जयललिता समर्थकों ने चेन्नारेड्डी के काफिले पर पथराव किया था, जिससे राज्यपाल-मुख्यमंत्री के बीच कटुता और अधिक बढ़ गई थी। ह्ल.और पिछले 3 दशक से तमिलनाडु ही देश में राज्यपाल मुख्यमंत्री के बीच विवाद का नेतृत्व कर रहा है।

तमिलनाडु की ही विधानसभा ने पिछले दिनों एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में राज्यपालों के लिए समय सीमा तय करने का अनुरोध किया गया है। यह तो सिर्फ एक गैर हिंदी राज्य का मामला है, वैसे आज स्थिति यह है कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, जिनमें मध्यप्रदेश भी शामिल है वहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच कोई विवाद नहीं है, किंतु छत्तीसगढ़, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली जैसे गैर भाजपा की सरकारों वाले राज्यों में मुख्यमंत्री व राज्यपाल के बीच विवादों का दौर चरम पर है, दिल्ली तो उसका नेतृत्व कर रहा है, जहां दोनों संवैधानिक हस्तियों के बीच छोटी-छोटी बातों पर गहरा विवाद है। अब यहां सवाल यह पैदा होता है कि इसमें उस बेचारी जनता का क्या दोष जो इन संवैधानिक हस्तियों के बीच विवाद का खामियाजा भुगत रही है? किंतु इसकी चिंता ना तो केंद्र को है और ना ही राज्यपालों या मुख्यमंत्रियों को आज का सबसे सफल व योग्य राज्यपाल तो वही माना जाता है, जो केंद्र के इशारे पर ही पूरे काम करें? फिर चाहे राज्य व वहां की जनता कहीं भी जाए? सबसे बड़ी चिंता का विषय यही है कि जब संवैधानिक प्रमुखों कि यह स्थिति होगी तो विधान, कानून और संविधान की उपयोगिता क्या रह जाएगी?

संक्षिप्त खबरें

महिला शराब कारोबारी गिरफ्तार

मधुबनी/रहिका थाना पुलिस ने संध्या गास्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गजवा गांव से एक महिला शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार शराब कारोबारी के घर से देशी चुलाई शराब बरामद किया गया जिसकी कुल मात्रा 2.25 लीटर बताया गया। रहिका थानाध्यक्ष राजकिशोर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार महिला शराब कारोबारी रेखा देवी पति रमेश सहनी साकिन गजबा थाना रहिका जिला मधुबनी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु मधुबनी भेज दिया गया। मौके पर एएसआई नंद कुमार के साथ अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

ईद का त्योहार हुआ शांतिपूर्ण सम्पन्न

मुजफ्फरपुर।जिले में ईद को लेकर जिले के तमाम बड़े छोटे मस्जिदों में सुबह-सुबह ईद की नमाज अदा हुई. इस दौरान जिला प्रशासन की मुस्तैदी और सुरक्षा व्यवस्था चौकस दिखी .एसडीओ पश्चिमी बृजेश कुमार, एसडीओ पूर्वी ज्ञान प्रकाश, सिटी एसपी, नगर डीएसपी सहित शहर से लेकर गांव तक विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक अमले की टीम भ्रमणशील रही। ईद को लेकर जगह-जगह चौक चौराहे पर प्रशासन के साथ मजिस्ट्रेट के भी नियुक्ति की गई थी ताकि असामाजिक तत्वों का किसी तरह का कोई भी कुचक्र न चल सके । शांति और सौहार्द के पर्व में किसी प्रकार की कोई अशांति पैदा न हो इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मैडम में रहा।. शहरी इलाके में सीसीटीवी के जरिए भी निगरानी की गई ताकि किसी तरह का कोई भी विधि व्यवस्था की समस्याएं कहीं उत्पन्न न हो। सुबह-सुबह ईद का नमाज शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ अदा कर लिया गया.। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और हंसी खुशी हर्षोल्लास के साथ ईद का त्योहार मनाया।

विधायक ने की अधिकारियों के साथ योजनाओं की समीक्षा

मुजफ्फरपुर। गायघाट प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में विधायक निरंजन राय ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा, सात निश्चय योजना, सड़क निर्माण पीएम आवास योजना समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक निरंजन राय ने बताया कि 2019 के बाद पीएम आवास योजना का लाभ गरीबों को मिलना बंद है। उन्होंने आवास सहायकों को निर्देश दिया कि सभी आवास सहायक एक सप्ताह में जरूरतमंदों को चिन्हित कर कार्यालय में रिपोर्ट जमा करें। उन्हे मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित पंचायत सचिवों को नल जल योजना दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में मात्र 40 फीसदी लोगों को नल का जल मिल रहा है। नल का जल किस वजह से लोगों तक नहीं पहुंच रहा है, इसकी जानकारी दें। इस योजना में भारी लूटखसोट की जानकारी मिल रही है, वैसे लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भूमि विवाद से संबंधित मामले की जानकारी अंचलाधिकारी राघवेंद्र कुमार राघवन से ली गई। विधायक ने कहा कि कई हल्का में राजस्व कर्मचारी का कार्यालय अटर्नी के भरोसे है। अटर्नी जमीन की दाखिल खारिज, परिमार्जन आदि कार्य के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूली करते हैं। उन्होनें राजस्व कर्मचारीयों को हिदायत देते हुए कहा कि वे अपना कार्य खुद करें किसी भी अटर्नी व बिचौलिए से मदद नहीं लें। बताया की सभी पंचायत के महादलित टोला में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ विमल कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी संजय कुमार पासवान, पीओ मनोज कुमार,

बरैठ गांव में बेटी की शादी में मदद करने आयी साईं की रसोई टीम

प्रातः किरण, संवाददाता

बेगूसराय। जरूरतमंदों की मदद करना ही वास्तविक धर्म है। गरीबों की मदद ही इंसानियत का मुख्य उद्देश्य है। खास कर बेटियों की शादी कराना या उसमें मदद करना सबसे पुनीत कार्य है। इसी उद्देश्य के साथ टीम साईं की रसोई ने एक बार फिर आर्थिक रुप से कमजोर परिवार की बेटी की शादी के लिए आगे आई। अपने टीम सदस्यों के सहयोग से बेटी की शादी का भार उठाया। इस बार टीम ने एक ऐसे बेटी की मदद को आगे आई है, जिसके सिर से पिता का साया काफी सालों पहले उठ गया है। एक अकेली माँ जिसके आगे जवान बेटी की शादी की काफी बड़ी जिम्मेदारी थी। माँ किसी तरह अपने परिवार का पेट पाल रही है। ऐसे में मां के लिए बेटी की शादी करना जैसे मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ना है। ऐसे में परिवार ने साईं की रसोई टीम से मदद की गुहार लगाई। जिसके बाद रसोई टीम ने जनसहयोग से लड़की के समान व भोज्य सामग्री इकठ्ठा किया और लड़की के माँ के हाथों सुपुर्द कर दिया। स्थानीय लोगों ने जब जरूरतमंद परिवार के बेटी की शादी हेतु टीम साईं की रसोई से सम्पर्क किया। तब टीम साईं की रसोई ने बिना देर किए सत्यता की जाँच करने के बाद इस जरूरतमंद परिवार की मदद हेतु आगे आये। आर्थिक तंगी के कारण बेटी की शादी कराने में असमर्थ परिवार के लिए शहर की नाक बन चुकी संस्था साईं की रसोई मसीहा के रूप में सामने आई। इन्होंने न केवल आर्थिक मदद की बल्कि बेटी को गृहस्थी बसाने के लिहाज से जरूरी सामान दिए। साथ ही भोज्य सामग्री भी दिया। ताकि दरवाजे पर आए बाराती का स्वागत अच्छे से हो सके। युवकों की इस पहल को सराह रहे बेटी के परिवारवाले बेहद खुश हैं। **बिटिया के लिए जुटाए गए बक्सा, बिहौती साड़ी, सैंडिल, पर्स, सूट** शहर के बरैठ गाँव में रहने वाला परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। इस परिवार की एक बेटी की शादी होनी थी। रिश्ते के लिए लड़का भी मिल गया। लेकिन धन की कमी के कारण विवाह में आर्थिक मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। टीम साईं की रसोई को जब इसकी जानकारी हुई तो इन्होंने जिम्मेदारी उठाने की ठानी। जनसहयोग से बक्सा, बिहौती साड़ी, सैंडिल, पर्स, सूट, लड़के का कपड़ा, बर्तन सेट, 6 साड़ी, आयरन, पंखा, श्रृंगार का समान, रुमाल, नथ, बिछिया समेत अन्य सामग्री दिया गया। साथ ही आर्थिक सहयोग भी किया गया। **बारातियों के खाने हेतु उपलब्ध करायी सामग्री** पुड़ी, सब्जी और बुँदिया में लगने वाले सभी कच्चे सामग्रियों को भी टीम साईं की रसोई के द्वारा सेना के अधिकारियों की मदद से उपलब्ध कराया गया। लड़की की माँ ने रसोई टीम के इस नेक मदद कार्य से अभिभूत होते हुए कहा कि भगवान के रूप में सामने आए इन युवाओं के मदद से अब अच्छे से शादी हो जाएगी।कार्यक्रम संयोजक अमित जायसवाल व खाद्य मंत्री पंकज कुमार ने बताया की टीम साईं की रसोई जरूरतमंदों की मदद हेतु कृतसंकल्पित है। ऐसा अगर हमलोग कर पाते हैं तो इसमें आम जनमानस का मिलने वाला साथ है। साथ ही इसके बाद तीन और शादी में सहयोग का जिम्मा लिया है। कुन्दन गुप्ता, बैभव अग्रवाल एवं ज्ञानी सिंह ने बताया कि लड़की के परिवार वाले अपनी इस समस्या को लेकर आए तथा काफी मायूसी के साथ अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सत्यता की जांच करने के बाद जनसहयोग से जो भी बन पड़ा वह जरूरतमंद परिवार को सुपुर्द किया। सैन्य अधिकारी, बबली मस्करा, उलाव निवासी अरविंद कुमार, सन्तोष सोनी, आकाश सोनी, गौरव मित्तल,ज्योति भारद्वाज, सघन, श्वेतांशु रंजन, बादल, सौरव, टीम साईं की रसोई समेत कई अन्य लोगों के सकारात्मक सहयोग से इस जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी हेतु मदद किया गया। मौके पर शैलेंद्र, अभिषेक, अदिश अग्रवाल, बैभव अग्रवाल, पंकज, कुन्दन, अमित समेत अन्य मौजूद थे।

राजद नेता व मुखिया पति की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

प्रातः किरण, संवाददाता

बेगूसराय। राजद के नेता व पूर्व मुखिया पति नगीना यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई है। घटना शुक्रवार की रात डंडारी थाना क्षेत्र के डंडारी ढाला के पास की है। शनिवार की दोपहर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मस्तीफतेहपुर निवासी 55 वर्षीय नगीना यादव के रूप में हुई है। वह बखरी में आयोजित इफ्तार पार्टी में हिस्सा लेने गए थे। जहां से वापस लौटने के दौरान देर रात डंडारी थाना इलाके के डंडारी ढाला के पास सड़क के किनारे बेहोशी की अवस्था में पुलिस को मिले। उन्हें आनन फानन में इलाज के लिए स्थानीय लोगों की मदद से बेगूसराय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। **उच्चस्तरीय जांच की मांग** नगीना यादव की मौत की सूचना मिलते ही राजद के तमाम बड़े नेता सदर अस्पताल बेगूसराय पहुंचे। परिजनों और राजद नेताओं ने इसे संदिग्ध हालत में मौत मानते हुए पुलिस से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। फिलहाल मेडिकल बोर्ड के द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। ताकि मौत की असली वजह का पता चल सके। **शरीर में चोट के निशान नहीं** राजद नेताओं का कहना है कि सड़क हादसा होने की बात बताई गई पर शरीर में कहीं भी कोई चोट के निशान नहीं दिख रहे हैं। बताया जा रहा कि बखरी से वापस लौटने के दौरान देर रात आंधी और बारिश के समय नगीना यादव डंडारी इलाके से क्रॉस कर रहे थे। तभी वह सड़क हादसे के शिकार हुए हैं। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा कि उनकी मौत कैसे हुई है। **एक बार मुखिया पति भी रह चुके हैं नगीना यादव** मिली जानकारी के मुताबिक नगीना यादव वर्ष 2006 से 2011 के बीच शाहपुर पंचायत की मुखिया लुसी देवी थी। नगीना यादव मुखिया के पति थे। वर्तमान में राजद के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य थे। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

जीविका समूह की गतिविधियों से रूबरू हुई जे पाल की टीम

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के सकरा प्रखंड के आनंद संकुल स्तरीय संघ में शुक्रवार को प्रोसेस मॉनिटरिंग की अग्रणी संस्था जे पाल के सदस्यों ने जीविका में चलने वाले गतिविधियों को समझा और कई तरह की उप समितियों के सदस्यों से बातचीत की। जे पाल की तरफ से वी जी अय्यर, एसोसिएट डायरेक्टर (स्केल-अप्स), ग्लोबल टीम के मैट, नेहा सुसान जैकब पॉलिसी एसोसिएट, गुजरी भारती शामिल थी। टीम के सदस्यों ने सीएलएफ ,ग्राम संगठन और सीआरपी टीम से बातचीत कर विस्तृत रूप से उनके कार्यों को जाना । खरीदारी समिति, सामाजिक समिति, एसजेवाई - एमआरपी, एसजेवाई सदस्यों के साथ एक शानदार बातचीत सत्र रहा। उन्होंने एसजेवाई उद्यम का भी दौरा किया। समिति की सदस्यों ने जीविका में होने वाले खरीदारी खाद्य सुरक्षा निधि और स्वास्थ्य सुरक्षा निधि का उपयोग कैसे हो रहा है, इसके बारे में सदस्यों से बातचीत की। वही सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की और लहठी बनाने वाली दीदियों से कुछ लहठी भी यादगार स्वरूप खरीदा । इस परिभ्रमण कार्यक्रम में जीविका की तरफ से सतत जीविकोपार्जन के वाईपी धीरज कुमार , खुशबू कुमारी सकरा के प्रखंड परियोजना प्रबंधक मोहम्मद कैफ , ज्योति कुमारी, रणविजय कुमार, रजनी कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

मधुबनी की दीपशिखा सिंह अखंड भारत सेवा सम्मान से हुई सम्मानित

प्रातः किरण, संवाददाता

महिला विकास मंच मधुबनी की जिलाध्यक्ष दीपशिखा सिंह को मिला अखंड भारत सेवा सम्मान।मौके पर महिला विकास मंच के जिला महासचिव मनीष सिंह यादव भी मौजूद रहे दीपशिखा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार घरेलू हिंसा शोषण और महिलाओं से जुड़ी तमाम तरह की समस्याओं को लेकर मुखरता एवं प्रखरता से आवाज उठाती हैं। अबतक महिलाओं के शोषण एवं घरेलू हिंसा से जुड़े सैकड़ों मामलों में पुलिस एवं कानून की मदद से पीड़िता को न्याय दिलाने का काम किया है। दीपशिखा ना केवल पीड़ित एवं शोषित महिलाओं को न्याय दिलाती है बल्कि उन्हें सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समय समय पर अपनी संस्था के तत्वाधान में कई तरह के कार्यक्रम भी आयोजित करती रहती हैं।कोरोना काल में सराहनीय कार्यकोरोना महामारी के उस दौर में जब देश में लॉकडाउन की स्थिति थी और कंपनी बंद पड़े थे। ऐसे में समाज का एक वर्ग जो मजदूर वर्ग है जिसपर भोजन संकट की स्थिति पैदा हो गई थी उस समय दीपशिखा ने सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को निशुल्क भोजन दवा एवं कपड़ा मुहैया कराया। कई प्रतिष्ठित सम्मान से हो चुकी है सम्मानित दीपशिखा सिंह अपने कार्यों एवं सतत रूप से समाज की सेवा के कारण पूर्व में भी अग्रदूत सम्मान मिथिला विदुषी सम्मान सहित सैकड़ों प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित हो चुकी है। गीता का ये श्लोक तो आपने सुना ही होगा कि कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भुर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि । अर्थात तेरा कर्म करने में ही अधिकार है उसके फलों में कभी नहीं। इसलिए तू फल की दृष्टि से कर्म मत कर और न ही ऐसा सोच की फल की आशा के बिना कर्म क्यों करूं। इस श्लोक को आत्मसात करते हुए दीपशिखा ने समाजसेवा के क्षेत्र में अपना सफर शुरू किया और पीड़ित शोषित लोगों के लिए लड़ने और उन्हें न्याय दिलाने की मुहिम शुरू की। आज दीपशिखा जिले ही नहीं प्रदेशभर में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो लगातार अपने सराहनीय कार्यों की वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं और साथ ही समय समय पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई लाभकारी शिक्षा मुहिम, रक्तदान शिविर, आदि का आयोजन भी करती रहती हैं। दीपशिखा को सम्राट अशोक रक्त सेवा समिति द्वारा अखंड भारत सेवा सम्मान मिलने से जिले में हर्ष का माहौल है और महिला विकास मंच के साथ साथ जिलेभर के समाजसेवी, राजनेता, साहित्यकार,पत्रकार बधाई दे रहे हैं।ज्ञात हो कि दीपशिखा वर्तमान में महिला विकास मंच, मधुबनी की जिलाध्यक्ष हैं और साथ ही जिले की एक मुखर एवं प्रखर समाजसेवी हैं।

सौर उर्जा के क्षेत्र में नौकरी का पर्याप्त अवसर:हरिओम मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।अधिकतर देश सोलर एनर्जी के क्षेत्र में तेजी से निवेश कर रहे हैं ऐसे में इस फील्ड में विभिन्न प्रकार के तकनीशियनो की मांग बढ़ रही है । इस क्षेत्र में युवा.दुनिया को बेहतर बनाने के साथ ही अपने जीवन स्तर को भी बेहतर कर सकते हैं। ये बातें स्मार्ट पावर इंडिया के स्टेट मैनेजर हरिओम मिश्रा ने कहीं।वे शनिवार को महिला औद्योगिक संस्थान ,गन्नीपुर में महिला प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा , भविष्य में इस क्षेत्र में नौकरी के कई अवसर होंगे। दुनिया में सोलर एनर्जी उद्योग तेजी से पनप रहा है। इसकी मांग इसकी आपूर्ति से कहीं अधिक है. ।सौर उर्जा उद्योग के क्षेत्र में कौशल प्राप्त किए हुए व्यक्तियों की नियुक्ति से इस अंतर को कम करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर सोनाली कुमारी, मुस्कान कुमारी, निशा रानी, काजल कुमारी, रूपम कुमारी, प्रिया कुमारी,समेत संस्थान के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। इस दौरान सोलर इंडस्ट्रीज में भविष्य से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई ,साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित किया गया।.मौके पर प्रभारी प्राचार्य कुमार वैभव,मनोज कुमार,संजीत कुमार,खुशबू कुमारी, शक्ति प्रकाश ,सोनी कुमारी, सचिन कुमार विनीत कुमार, दिनकर कुमार श्रीवास्तव सभी कर्मी मौजूद थे।

कलश शोभा यात्रा निकाली गई

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के कुढ़नी प्रखंड अंतर्गत बसौली कदाने नदी, हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीश्री 1008 महाविष्णु यज्ञ को 1008 कन्याएं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाल कर यज्ञ शुभारंभ हुआ। इससे पहले हाथी-घोड़े ,बैंड बाजा के साथ यज्ञ स्थल से जम्हरूआ पोखर पहुंचे जहां विधिवत बैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश पूजन के साथ जलबोझी कर विभिन्न वस्तियों का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे जहां बनारस से आयें आचार्य रविंद्रानंद बनारसी एवं अन्य जगहों से आयें आचार्यों के नेतृत्व में कलश स्थापित कर यज्ञ शुभारंभ किया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष अशोक भगत ,उपाध्यक्ष दीपनारायण सहनी,सचिव रामप्रीत भक्त कोषाध्यक्ष भुनेश्वर सहनी उप कोषाध्यक्ष मनोज निषाद, शंकर कुशवाहा, अरूण गिरी,जिप प्रतिनिधि सुशील कुमार, समेत अन्य सक्रिय सदस्यों में कृति नारायण सिंह रामसुंदर सिंह, रामनाथ चौधरी, गोनौर सिंह, चंदन कुमार समेत अन्य सदस्यों ने बताया कि यज्ञ स्थल पर के मुख्य द्वार पर भव्य महाबली हनुमान एवं परिसर में सात नागों पर सवार भगवान विष्णु की भव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र है। हालांकि यज्ञ स्थल पर अन्य भिन्न-भिन्न देवी-देवताओं की लगभग सौ कि संख्या में मुर्तियां बनाई गई है। जहां 22 अप्रैल को अग्नि प्रवेश के साथ यह यज्ञ प्रारम्भ होगा। जहां रात में वृन्दावन से आयें कलाकारों द्वारा रामलीला एवं कांशी विश्वनाथ से आयें प्रवचन कर्ता प्रवचन देंगे। यज्ञ प्रारम्भ के साथ ही यज्ञ समिति के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों ने यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं के सुरक्षा व्यवस्था को अतिरिक्त पुलिस बल तैनाती करने के साथ-साथ बढ़ती तपिश को देखते हुए एक अग्निशमन वाहन की मांग को कुढ़नी थाना में आवेदन दिया है ।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद पर्व का त्योहार

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के सीमांचल क्षेत्र स्थित जयनगर अनुमंडल मुख्यालय के शहरी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों ने हर्षोल्लास धूमधाम के साथ आपसी प्रेम सद्भाव खुशी का ईद पर्व मना कर एक दूसरे के गले लग कर ईद की मुबारकबाद पेश की। शहरी क्षेत्र के भेलवा टोला इस्लामपुर मुहल्ला, बलडिहा, ईदगाह टोला एवं युनियन टोला समेत अन्य ईलाके के ईदगाहो एवं मस्जिदों में इदुल फित्र की नमाज अदा की गयी। नमाज से पूर्व विभिन्न ईदगाहो में नमाज पढा रहे आलिमों ने रमजान के महिने पूरा होने पर ईद मनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। ईद के दिन लोग घरों में सेवईं या फिर खीर समेत कई बेहतरीन पकवान पकते हैं और एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक देते हैं। भेलवा टोला ईसलामपुर ईदगाह में मौलाना मोहम्मद जमालुद्दीन जमाली, बलडिहा में मौलाना कलीम अशरफ एवं ईदगाह टोला ईदगाह में मौलाना सैय्यद ईनामुर्रहमान ने ईद की नमाज पढ़ाई। इस्लाम धर्मावलंबियों ने कहा कि मजहबे इस्लाम अमन शांति का पैगाम देती है। इस्लाम में गंगा जमुनी तहजीब दिया गया है। ईद पर्व पर गिले शिकवे दुश्मनी भुला कर आपस में एक होने का रास्ता देती है।तीस रोजा पूरा करने के बाद ईद का त्योहार खुशियां लेकर आती है। ईदु उल फित्र की नमाज अदा करने के बाद भारत समेत विश्व शांति अमन भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। विधिव्यवस्था के मद्देनजर ईदगाह नवाज स्थलों पर पुलिस प्रशासन की तैनाती की गई थी। ईद पर्व मनाने को लेकर बुजुर्गों पुरुषों महिलाओं युवतियों बच्चों में काफी उत्साह के साथ उत्सवी माहौल में ईद का पर्व मनाया।

सात दिवसयी श्रीमदभागवत कथा का हुआ शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली प्रखंड के ठाहर गांव स्थित भैरव स्थान परिसर में शुक्रवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ है। कथा का आयोजन मंगल ठाकुर एवं रूकमिणी देवी ने किया है। कथा को लेकर कथावाचक हृदयनाथजी महराज के नेतृत्व में कलश शोभा यात्रा की झांकी निकाली गई। जो स्थानीय तालाब से जलभरकर पंडाल में लाया गया। जहां पंडित कमलेश मिश्र एवं पुजारी रूकमणि देवी द्वारा वैदिक विधि से सभी कलश को पंडाल में स्थापित किया गय। वैदिक मंत्रोच्चारण से मंडप को पवित्र किया गया। सुप्रसिद्ध कथावाचक पुज्य हृदयनाथ जी महाराज ने कथा के प्रथम दिन धुंधकारी पर विस्तार से चर्चा किये। कृष्ण जी के महिमा मंडन का बखान कियें। कहा कि श्रीमद्भागवता कथा के आयोजन एवं श्रवण मात्र से जन्म जन्मांतर का सभी पाप धुल जाता है। मोक्ष की प्राप्ति होती है। पाश्चात्य सभ्यता के बढ़ते प्रभाव से भारतीय संस्कृति पर खतरा मंडरा रहा है। युवा पीढ़ी को बचाने एवं समाज में भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन वर्तमान समय में बहुत जरूरी है। कथा श्रवण को ले पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमर पड़ी। श्रद्धालुओं में मंगल ठाकुर, रूणमीणि देवी, फुलदेव ठाकुर, अरूण ठाकुर, सोना देवी, पद्मा देवी, सरोज देवी, सरीता देवी, बीभा देवी, नीलम देवी, कीरण देवी, मयंक ठाकुर, रिशु ठाकुर, सहित काफी तादात में श्रद्धालु उपस्थित थे।

गांधी स्टेडियम में अदा की गई ईद की नमाज

प्रातः किरण संवाददाता

बेगूसराय। शनिवार को जिलेभर में ईद उल फितर का त्योहार पूरे धूमधाम से मनाया गया। सुबह 7:00 में समाहरणालय के सामने गांधी स्टेडियम में हजारों मुस्लिम भाईयो ने अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ नया कुर्ता व पायजामा पहनकर सिर में नया टोपी पहन और इत्र लगाकर नवाज पढ़ने के लिए पहुंच। नगर निगम बेगूसराय क्षेत्र के पोखडिया मस्जिद के मौलाना ने सामूहिक रूप से सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की नवाज अदा करायी। नमाज पढकर छोटे बड़े सभी मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे के गले से गले मिलकर ईद की बधाई और शुभकामनाएं दी। रमजान के पूरे महीने रोजेदारों ने संयम और धैर्य के साथ रोजा रखा और शुक्रवार को ईद के चांद का दीदार होते ही शनिवार की सुबह में ईद की नमाज अदा की। इस दौरान रमजानपुर, खातोपुर, सैदपुर, लालपुर, बलिया पोखरिया, लरुआरा, कारीचक, मियांचक आदि जगहों में उत्सव का नजारा देखा गया।

जयनगर भाकपा माले के प्रखण्ड सचिव ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

- ज्ञापन मांग पत्र में 11 सूत्री मांग शामिल जाँच कर करवाई की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी /जयनगर भाकपा माले के प्रखण्ड सचिव भूषण सिंह के द्वारा नवपदस्थापित अनुमण्डल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार से भेंट वार्ता कर 11 सूत्री का मांग पत्र समर्पित किया गया। भाकपा माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने जनहित में ग्यारह सूत्री मांगों में उन्होंने कहा कि आम जनता के द्वारा किसी भी प्रकार के लिखित आवेदन पत्र देने पर अधिकतम 15 दिनों के अंदर निष्पादन करते हुए आवेदनकर्ता को लिखित रूप से अवगत कराई जाये। सरकारी स्कूलों में नियमित छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाय,सभी सरकारी कार्यालयों में अवैध रूप से शिक्षकों से लिए जा रहे कार्य पर रोक लगाई जाय।सभी प्राइवेट स्कूलों के मनमानी पर रोक लगाते हुए सरकार के एक शिक्षा एक निति के तहत एनसीआरटी का किताब लागू कराई जाय।सभी सरकारी अस्पतालों में नियमित डाक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का उपस्थिति के साथ-साथ बंद परे सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों को चालू करवाया जाय तथा भू-माफिया से बचाने के लिए अस्पतालों की भूमि की घेराबंदी कराई जाय।सभी प्राइवेट नर्सिग होम ,क्लिनिक व अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का सेवा शुल्क ऑपरेशन शुल्क निर्धारित किया जाए एवं अवैध संस्थानों को बंद कराया जाये। गरीब भूमिहीन परिवारों को उजाड़ने से पहले बसाने की व्यवस्था किया करने। वर्षो पूर्व सैकड़ो गरीब भूमिहीन दलित परिवारों को दिए गए पर्चा तथा पर्चा के आधार पर भूमि पर कब्जा दिलाई जाय। किसानों को समय परखाद-बीज उपलब्ध कराई जाय और कालाबाजारी पर रोक लगाने। भू-माफिया के आतंक पर रोक लगाने और जाँच कर भू-माफिया को चिन्हित कर कठोर करवाई करने। जयनगर अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत सभी सरकारी संस्थानों के जनविरोधी तथा कर्तव्यहीन पदाधिकारियों की जाँच कर करवाई करने कि मांगें शामिल है।आवेदन के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेंद्र कुमार के द्वारा मामलों की जाँच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

जातीय गणना का बहिष्कार जारी, 25 को करेंगे धरना प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता

बोचहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट ह्यजातिगत जनगणनाह्न का विरोध बोचहां में अब तक जारी है और इसके खिलाफ नियोजित शिक्षकों ने 25 अप्रैल को प्रखंड मुख्यालय पर काला बिल्ला लगाकर धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। प्राथमिक शिक्षक संघ बोचहां के प्रखंड अध्यक्ष शशि सिद्धेश्वर उर्फ गुलाब यादव ने बताया नई नियमावली के विरोध में आंदोलनकारी कदम उठाए गए हैं। इसको लेकर 25 अप्रैल को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी जानकारी एक ज्ञापन देकर स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया गया है। शुक्रवार को नियोजित शिक्षकों ने एक बैठक कर धरना प्रदर्शन करने का रूपरेखा तैयार किया है और जब तक मांग पूरी नहीं होगी, तब तक आंदोलनरत रहने का ऐलान किया है। बैठक में पंकज साहनी, धनंजय कुमार, रामदयाल कुमार, सोनेलाल पासवान, विजय सिंह,राणा प्रताप, शाहीना प्रवीण, अरुण कुमार साह व अन्य दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे। जानकारी के 2011 जनगणना के अनुसार 2 लाख 45 हजार 659 जनसंख्या है। इसके आधार पर 99 पर्यवेक्षक व 536 प्रगणक को लगाया है।

संक्षिप्त खबरें

जातिगत जनगणना को लेकर विधायक ने अपने ही सरकार पर साधा निशाना

भागलपुर। कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा ने जातिगत जनगणना कार्य से शिक्षकों को हटाए जाने के बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद इंजीनियर है और शिक्षा के स्तर को लगातार बिहार में ऊपर ले जा रहे हैं, वहीं उन्होंने कहा कि उनके कहने का यह अर्थ नहीं था। अभी स्कूलों में गर्मी को देखते हुए जूनियर सेक्शन के क्लासेज बंद है। वही उन्होंने कहा कि उनके कहने का मतलब यह था कि शिक्षकों के साथ-साथ राज्य कर्मचारी और जो लोग बेरोजगार हैं उन्हें भी जनगणना कार्य में लगाया जाए तो जातिगत जनगणना जल्द खत्म हो जाएगा और बेरोजगार युवकों को कुछ आर्थिक मदद का सहयोग कस फायदा उनके बीच पहुंच सकेगा।

अभियोजन स्पीडी ट्रायल सहित कई मुद्दें पर हुई वार्ता : जिलाधिकारी

भागलपुर। समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभियोजन स्पीडी ट्रायल मद्ध निषेध अभियोजन की समीक्षात्मक की गई, साथ ही भूमि विवाद एवं जनित विधि व्यवस्था से संबंधित कई बिंदुओं पर वार्ता की। वही बैठक के क्रम में जिलाधिकारी ने बिहार में पूर्ण शराबबंदी को लेकर और उत्पाद अधिनियम के तहत चल रहे अवैध तरीके से कार्यों पर लगाम लगाने को लेकर विभाग के लोगों से कई बिंदुओं पर वार्ता की है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार व नगर आयुक्त योगेश सागर के अलावे कई अधिवक्ता, जिले के सभी थाना प्रभारी, पदाधिकारी के अलावे कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

26 अप्रैल को जॉब कैंप का किया जाएगा आयोजन

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय मुंगेर के प्रांगण में आगामी 26 अप्रैल को जॉब कैंप का आयोजन किया गया है। यह जॉब कैंप सुबह के 10:00 से 4:00 अपराहन तक संचालित होगा। इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैंप में आयोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना बायोडाटा जमा करा सकते हैं। जॉब कैंप में भागीदारी सुनिश्चित कराने वाले उम्मीदवार नियोजनालय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं अथवा एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन सीधे करा सकते हैं। इस आश्य की जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने प्रेस को दी है। उन्होंने बताया कि इस जॉब कैंप में दो कंपनी के द्वारा कैंप लगाया जाएगा जिसमें 100 अभ्यार्थियों का चयन किए जाने की संभावना है।

जदयू एवं राजद नेता ने ईद को बताया एकता व समरसता का पर्व

पूर्णिया । बिहार प्रदेश जनता दल यूनाईटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मो वसीम कमाली और प्रदेश महासचिव मो आजम रब्बानी एवं प्रदेश सचिव मो मनीरूद्दीन ने परिवार के साथ ईद उल फित्र की नमाज कुकरौन अमारी के ईदगाह में अदा की। ईद के नमाज के बाद सभी नमाजियो से गले मिले और एक दुसरे को ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक व माहिरे तालीम मो मुस्लिम अंसारी, मो जमीर अनवर, सागर सर, मो जुल्फकार अली भुट्टो, मो जमशेद आलम, मो परवेज आलम, मो इस्लाम अंसारी, मो जमशेद आलम, मो शाहिद जुल्फकार, नूर अख्तर हाशमी, मो दानिश अजमल, मो फैज अनवर, मो असद आलम, मो छोटू आलम, अबुल हसन, मो शादिक आलम, मो नदीम आलम इत्यादि हजारों की संख्या में मुसलमानों ने ईद की नमाज अदा की और देश की उन्नति और तरक्की के लिए दुआ की।

अपराधियों पर नकेल कसना पहली प्राथमिकता : हुलास कुमार

बनमनखी(पूर्णिया)। बनमनखी अनुमंडल के नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में हुलास कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वे अपराध अनुसंधान विभाग में बतौर पुलिस उपाधीक्षक के रूप में तैनात थे। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए एसडीपीओ श्री कुमार ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता अनुमंडल क्षेत्र में विधी व्यवस्था को कायम रखने के साथ-साथ अनुमंडल क्षेत्र के तीनों थाना क्रमशः बनमनखी, सरसी एवं जानकीनगर में लंबित लुट कांड सहित अन्य आपराधिक कांडों का त्वरित गति में उद्भेदन करना होगा। इसके अलावा अनुमंडल के तीनों थाना के सभी लंबित एवं घटित कांडो का अनुसंधान वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा। साथ हीं अनुमंडल क्षेत्र में बढ़े क्राइम को कंट्रोल कर आम अवाम में पुलिस के प्रति विश्वास जगाना मेरा लक्ष्य होगा।

धूमधाम से मनाई ईद का त्यौहार, अमन, चैन व खुशहाली की मांगी दुआ

हिंदू व मुस्लिम समुदाय ने गले मिलकर दी ईद की बधाई, मौके पर विधायक समेत कई समाजसेवियों ने दिया एकता व भाईचारे का संदेश

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। शुक्रवार की शाम ईद के चांद के दीदार के बाद लोगों ने शनिवार को काफी हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ ईद उल फितर यानी मीठी ईद का त्यौहार मनाया, शनिवार की सुबह जिले के शहरी क्षेत्र सहित पूरे अनुमंडल के प्रखंड इलाके में हर्षोल्लास के साथ ईद की नमाज अदा की गई। सुबह से ही बच्चे, बूढ़े व जवानों ने नये नये कपड़े पहनकर ईद की नमाज अदा करने को लेकर मस्जिद पहुंचे थे, जहां नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाइयां दी। वही हजारों की संख्या में सबसे पहले कर्णगढ़ के सीटीएस मैदान में लोगों ने नमाज अदा किया। जहां विधायक अजीत शर्मा सहित कई समाजसेवी भी मौजूद थे। इसी क्रम में विधायक ने लोगों को ईद की ढेरों शुभकामनाएं दी। साथ ही मिल्लत के ई पावन अवसर पर एकजुटता से रहने की बात कही। हिंदू मुस्लिम समुदाय ने मिलकर ईद की एक दूसरे को दी बधाइयां, कर्णगढ़ स्थित ईदगाह मैदान में शाही मस्जिद शाह मार्केट, खान काय शाहबाजिया ततारपुर, शाहजंगी मैदान, मौलानाचक बरारी जामा मस्जिद, बरहपुरा, खंजरपुर व मोजाहिदपुर सहित अनुमंडल नवगछिया, कहलगांव व सुल्तानगंज के सभी ग्रामीण इलाकों के मस्जिदों में लोगों ने शांतिपूर्ण नमाज अदा किये और एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी। कई मस्जिदों में ईद के मौके पर गंगा जमुनी तहजीब भी देखने को मिले। ईद को लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। विशेषकर धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। वही पुलिस प्रशासन द्वारा संवेदनशील स्थलों पर सीआरपीएफ, बीएमपी और आईजी रिजर्व जवानों की भी तैनाती की गई थी।

चंपानगर बड़ी मस्जिद के मौलाना अंसार कासमी ने संबोधित करते हुए पूरे देश में अमन चैन बहाल करने की अपील की। उन्होंने कहा यह त्यौहार हम लोगों को एकजुट होकर रहने की अपील करता है, और ईद का पर्व हमें एक सूत्र में पिरोने के लिए ही सिखाता है। इसलिए हमें भाईचारे का संदेश देते हुए पूरे मुल्क में अमन चैन बनाकर रखना है। इस दौरान भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा ने कहा भाईचारे और एकता का संदेश देने वाला ईद का त्यौहार से हमें सीख लेनी चाहिए और हिंदू मुस्लिम को एकजुट होकर देश की तरक्की में लगना चाहिए तभी हमारा देश विकासशील देश बनेगा । वही लोगों को ईद की सुभकामना देते हुए त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न किये जाने की अपील करते हुए सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने कहा कि पूरे शहर में ईद के मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं, कहीं भी कोई चूक नहीं हो सकती है। वही जगह जगह कई पुलिस बलों को एवं पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। खासकर जहां संवेदनशील इलाका है, वहां विशेष चौकसी बरती गई है।

पूरे देश भर में बिहार को फिर से किया गौरवान्वित: डीएम

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले ने एक बार फिर पूरे देश भर में बिहार को गौरवान्वित करने का काम किया है। दरअसल नवगछिया पुलिस जिला के इस्माइलपुर प्रखंड को ओडीएफ प्लस मॉडल के तहत राज्य का पहला प्रखंड घोषित किये जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि स्वच्छ भारत मिशन को लेकर ग्रामीण इलाके में बेहतर कार्य के लिए केंद्र सरकार के द्वारा इस्माईलपुर प्रखंड को ओडीएफ प्लस मॉडल का बेस्ट सर्टिफिकेट से नवाजा गया है।

ओडीएफ प्लस मॉडल के तहत गांव में हर घरों में कचरे का प्रबन्धन, तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, गाँव में प्रत्येक घर मे शौचालय की सुविधा इत्यादि होता है। इस्माइलपुर प्रखंड के सभी गाँव में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबन्धन की व्यवस्था है। इसके अंतर्गत घरों से प्राप्त कचरे का उठाव एवं निस्तारण अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई में किया जा रहा है। यहाँ 105 सोखता गड्ढा, 11 आउटलेट चेम्बर व एक जंक्शन चैंबर का निर्माण किया गया है, ताकि गाँव से आने वाले सभी कचरे का निस्तारण हो सके।

वही उक्त मामले को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत सेन के मुताबिक इस प्रखंड में सभी गाँव के लोग बाहर शौच करना बंद कर चुके हैं, सभी घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध है, और स्वक्षता मिशन को लेकर कचरा प्रबंधन के द्वारा बेहतर इंतजाम किये गए हैं। हमारी कोशिश है जिले का सभी प्रखंड स्वच्छ हो और स्वक्षता की कसौटी पर खड़ा उतरे इसी मिशन को लेकर गांव को सवारने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

खबर का प्रकाशन किये जाने के बाद प्रशासन की खुली नींद

मामले को लेकर जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में आते ही बनाया 8 लोगों को नामजद

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। ततारपुर थाना क्षेत्र के किलाघाट स्थित जमुनिया नदी में अवैध रूप से मिट्टी भराई कर गंगा नदी मार्ग को बाधित करने का कार्य भू माफियाओं के द्वारा किया जा रहा था। जिसकी खबर जानकारी प्राप्त होते ही प्रातः किरण की टीम मौके पर पहुंच कर उक्त मामले पर जिला प्रशासन का ध्यान केंद्रित करने की दिशा में खबर प्रकाशित किये जाने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आयी और उक्त मामले को लेकर जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुए संबंधित मामले की जांच के आदेश जारी किए गए थे। वही उक्त मामले को लेकर स्थानीय ततारपुर थाना पुलिस और जगदीशपुर प्रखंड के रेवेन्यू ऑफिसर की टीम जमुनिया नदी के किनारे मौके पर पहुंच कर सूचना स्थल का निरीक्षण किया । वहीं मामले को लेकर रेवेन्यू ऑफिसर अफसर ने बताया कि अवैध रूप से मिट्टी डंपिंग कर जमुनिया नदी के जल मार्ग को अवरुद्ध कर मिट्टी भरने का कार्य किया जा रहा था। उक्त मामले को लेकर छानबीन शुरू कर दी गई है, और इस कार्य को करने वाले लोगों के विरुद्ध कानूनी करवाई प्रक्रिया के तहत स्थानीय थाना में एफआईआर पंजी में मामला दर्ज करने की कवायद की जा रही हैं। वही उक्त मामले में ततारपुर थाने की पुलिस द्वारा कुल 8 लोगों पर नामजद केस दर्ज कर ली गई है।

ज्ञात हो कि दियारा इलाके में एक घनी आबादी के लोगों के परिचालन को लेकर विगत दिनों ग्रामीण द्वारा चंदा कर बांस के सहारे चचरी पुल का निर्माण कार्य सम्पन्न कराया गया था। उक्त मार्ग को लंबे अवधि तक चने व बाढ़ के दिनों में यातायात परिचालन सुविधा को सुदृढ़ बनाये जाने के लिए मिट्टी डंप कर नदी मार्ग भराई करने का अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा था।

अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन पर दबाव नहीं बना सके चेंबर ऑफ कॉमर्स

मुंगेर। खड़गपुर के मुख्य बाजार में इन दिनों अतिक्रमण करने वालों का वाढ आ गया है। मुख्य बाजार में कई दुकानदार अपने सामानों की बिक्री बढ़ाने के लिए सड़क को अतिक्रमण कर सामानों का बिक्री करते नजर आते हैं। वहीं सब्जी विक्रेता भी अपने सब्जी की टोकरी को सड़क किनारे रखकर सब्जी बेचा करते हैं। दुकानदार और सब्जी विक्रेता के द्वारा सड़क अतिक्रमण किए जाने से यातायात और पैदल चलने वालों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण से सड़क जाम की स्थिति बनी हुई रहती है। हालांकि अनुमंडल प्रशासन की डंडा कभी-कभी अतिक्रमणकारियों पर चलता रहता है। लेकिन अनुमंडल प्रशासन के द्वारा आज तक अतिक्रमण के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिसके चलते दुकानदारों और सब्जी विक्रेताओं का पौवारह है। मालूम हो कि गत माह खड़गपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने भी मुख्य बाजार के सड़कों पर से अतिक्रमण हटाने को लेकर एक मीटिंग किया था इस मीटिंग में अनुमंडल प्रशासन पर अतिक्रमण हटाने के लिए दबाव बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। किंतु चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रस्ताव भी ठंडे बस्ते में सिमट कर रह गया है।

ईद पर्व शांति एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। तारापुर के विभिन्न मुस्लिम आबादी वाले गांवों में ईद उल फितर की नमाज व त्यौहार पूरी तरह से शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । गौरतलब है कि शनिवार की सुबह 7:00 बजे ईदगाह मैदान गाजीपुर में सभी मोहल्लों से नए वस्त्र को पहनकर नमाज अदा करने के लिए भारी संख्या में नमाजियों की भीड़ जुट गई। सभी लोगों ने समय के पूर्व अपना स्थान ग्रहण किया । जहां जामा मस्जिद गाजीपुर के इमाम मोहम्मद जमालउद्दीन साहब ने लोगों को ईद उल फितर की नमाज अदा कराया । नमाज के दौरान नमाजियों ने अपने दिल की गहराई से देश एवं प्रदेश की प्रगति के साथ-साथ अमन चैन आपसी भाईचारा एक दूसरे के बीच सदैव बना रहे की दुआ की गई । ईद उल फितर की नमाज को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार पुलिस बल के साथ लगातार नमाज अदा के बाद तक मैदान पर मौजूद रहे । इधर क्षेत्र के विधायक राजीव कुमार सिंह राजद के प्रदेश सचिव सह भागलपुर जिला प्रभारी जितेंद्र कुशवाहा चंद्रशेखर चौधरी इत्यादि लोगों ने नमाज अदा के बाद लोगों से गले लग कर ईद उल फितर की बधाई दिया । इस मौके पर मोहम्मद इमरान डॉक्टर पप्पू एजाज, मोहम्मद कल्लू ,पप्पू खान , मोहम्मद तारीख सहित हजारों से अधिक नमाजियों ने एक दूसरे से गले लग कर ईद की बधाई दिया ।

हमें हर धर्म का करना चाहिए सम्मान, सर्वधर्म सम्भाव ही हमारी पहचान : सांसद

पूर्णिया । सांसद संतोष कुमार कुशवाहा ने काझा कोठी पार्क में आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुए।कांग्रेस युवा अधयक्ष शेख सद्दाम, जिला परिषद सदस्य देशबंधु उर्फ बुलबुल, धमदाहा विधानसभा युवा अध्यक्ष मो इमतियाज आलम उर्फ पप्पू, मो असफाक, चंदन पासवान एवं समाजसेवी मो इम्तियाज गुल के सौजन्य से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। रमजान में रहने वाले बनभाग चुनापुर, काझा, गणेशपुर सहित पंचायत क्षेत्र के रोजेदारों ने अमन चैन के लिए दुआ मांगी। कार्यक्रम में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। सांसद ने कहा की माह ए रमजान एकता व भाईचारे की सीख देती है। हमें मिल जुलकर त्योहार मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। वहीं कांग्रेस के इन्दु सिन्हा ने कहा कि इफ्तार से आपसी मोहब्बत और भाईचारा का माहौल बनता है। इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि रमजान का महीना पाक महीना है।

इंदिरा ने नारा दिया था हम दो हमारे दो वही मोदी ने कहा हम दो हमारे तेरह : विधायक

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जनसंख्या के हिसाब से भारत सभी देशों को पीछे छोड़ सबसे आगे निकल गया है। इस रफ्तार से अपने देश की जनसंख्या बढ़ना कहीं ना कहीं खतरा की बड़ी समस्या उत्पन्न कर सकती है, वर्तमान में भारत की आबादी 142 करोड़ से ज्यादा हो गई है, वहीं यूएनएफपीए के स्टेटिस्टिक्स चीफ रशेल ने भी कहा है कि आने वाले समय कई सालों तक भारत में युवा की तादाद ज्यादा से ज्यादा विकसित रहने वाली है।

वही सरकार पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग में ले उनका देश हित में फायदा कैसे ले सकते हैं। वही भारत की आबादी में तेजी से बढ़ती जनसंख्या पर कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजीत शर्मा ने केंद्र सरकार पर जमकर करारा प्रहार करते हुए कहा कि जब कांग्रेस केंद्र की सत्ता में थी और उस समय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थी, तो उस समय उनका नारा था, हम दो हमारे दो वही वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार में नरेंद्र मोदी ने उस स्लोगन को ही चेंज कर दिया है। उन्होंने कहा है हम दो हमारे 13 इस तरह से जनसंख्या विस्फोट से कभी भी भारत में बड़ी परेशानी लोगों को झेलनी पड़ सकती है, इसका मैं पुरजोर विरोध करता हूं, इस पर केंद्र सरकार को ध्यान देने की जरूरत है, वहीं उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री अपने देश को विश्वगुरु बनाना चाहते हैं, वहीं दूसरी तरफ जनसंख्या विस्फोट भारतवर्ष को बड़ी क्षति देने के कार्य में जुटी हुई है। इस तरह से तेजी से बढ़ रही जनसंख्या का दोषी भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है।

बांका की टीम ने बेलहर टीम को 58 रहने से हराया

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। कैप्टन संजीव सिंह स्टेडियम में आयोजित प्रेसिडेंट कलाम मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मैच शुक्रवार को अंकित इलेवन बांका और बी सी सी बेलहर के बीच खेला गया। टूनार्मेंट का विधिवत उद्घाटन बी डीओ अजेश कुमार, सी ओ स्नेहा सत्यम एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता निर्मल कुशवाहा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। टॉस का सिक्का सी ओ स्नेहा सत्यम ने उछाला निर्धारित 14 ओवर के मैच में अंकित इलेवन बांका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम की शुरूआत धीमी रही और नियमित अंतराल पर टीम के विकेट भी गिरते रहे टीम ने 99 रन पर ही अपने 9 विकेट गंवा दिए थे।परंतु अंतिम विकेट की जबरदस्त साझेदारी की बदौलत टीम 14 ओवर में 146 रन के सम्मानजनक स्कोर को हासिल कर पाई। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बीसीसी बेलहर की शुरूआत ही खराब रही और बेलहर की टीम 9 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर मात्र 88 रन ही बना पाई। इस प्रकार से बांका की टीम ने बेलहर को 58 रन से हराकर अगले दौर में प्रवेश कर गया। बांका की तरफ से वरुण और अमन ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 4-4 बल्लेबाजों को पेवेलियन वापस भेजा। मैच में निर्णायक की भूमिका पंचम और सौरभ ने निभाई। मैच की लाइव कमेंट्री पी एन शेखर और प्रशांत के द्वारा की जा रही थी।

भाजपा नगर मंडल की बैठक में मन की बात को लेकर हुई चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । शहर के चित्रवाणी रोड स्थित काली मंदिर सामुदायिक भवन में भाजपा नगर मध्य मंडल की बैठक राजेश चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सदर विधयक विजय खेमका की उपस्थिति में बूथ सस्कतिकरण, मन की बात तथा कमल पुष्प लेखन विषय पर शक्तिकेंद्र प्रभारी तथा मंडल अधिकारी के बीच चर्चा की गयी। जिला एवं मंडल के अधिकारी के बीच मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अलग अलग प्रभार दिया गया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। मोदी जी की सरकार में देश में तेजी से गरीबी घटी है। लोग समृद्धि की राह पर है और आत्मनिर्भर भारत को गति दे रहे है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। विधायक ने कहा मन की बात में मोदी जी देश की जनता की बात प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को निरंतर करते आ रहे है। इस माह के अंतिम रविवार को मन की बात का 100 वां एपिसोड है। भाजपा ने प्रत्येक विधान सभा में कम से कम सौ बूथों पर सौ की संख्या के साथ मन की बात कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह बूथ अध्यक्षों से किया है। इसलिए मन की बात की महत्ता को समझते हुए सभी कार्यकर्त्ता अपने अपने बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को जोर शोर से आयोजित अवश्य करें। विधायक ने कहा पार्टी के निदेर्शानुसार सभी बूथ समिति का सत्यापन सहित पन्ना प्रमुख का गठन 30 अप्रैल तक पूरा करना है और विधान सभा अंतर्गत प्राइवेट मकानों पर कमल पुष्प दिवाल लेखन का काम करना है। विधायक ने कहा आगामी लोक सभा चुनाव में पूर्णिया में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। देश में चार सौ के पार भाजपा का कमल खिलेगा तथा पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही बनेंगे। बैठक में भाजपा नेता विजय मांझी, अर्चना साह, संजय मोहन प्रभाकर, सरिता राय, मीनाक्षी सिन्हा, श्रवण मंडल, मनोज सिंह, सुनील सहनी, कन्हैया झा, संजय पटवा, उषा दास, रामचंद्र साह, श्याम पंडित, नवल राय, तेजस्वी यादव, साकेत कुमार, गजेन्द्र साह आदि उपस्थित थे।

रॉयल सुपर किंग्स क्रिकेट कल्ब मेंहदी के द्वारा नाईट शॉर्ट पिंच किक्रेट टूर्नामेंट का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

रूपौली (पूर्णिया) । रूपौली प्रखण्ड क्षेत्र में गोडियर पट्टी श्रीमाता पंचायत के मध्य विद्यालय मेंहदी स्कूल प्रांगण में रॉयल सुपर किंग्स क्रिकेट कल्ब मेंहदी के द्वारा नाईट शॉर्ट पिंच किक्रेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस किक्रेट टूनार्मेंट के दूसरे दिन टीकापट्टी थाना अध्यक्ष अजय कुमार अजनबी के द्वारा फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। वहीं टीकापट्टी थाना अध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने कहा कि हार जीत का खेल होते रहते है, लेकिन खेल से मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी जज्बा और जुनून बनाएं रखें, खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने से कोई नहीं रोक सकता है। वहीं गोड़ियर पट्टी श्रीमाता पंचायत के पैक्स अध्यक्ष हिमांशु कुमार देवराज ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक से बढ़कर एक खिलाड़ी हैं, सिर्फ उनके उचित मंच की जरूरत है।

गोड़ियर पट्टी श्रीमाता पंचायत उपमुखिया सह वार्ड सदस्य संघ जिला अध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि इस तरह आयोजन होने से खिलाड़ियों में स्वस्थ तन और स्वस्थ मन का विकास भी होता हैं। इस मौके पर मध्य विद्यालय मेंहदी प्रधानाध्यापक संजीव कुमार, सरपंच प्रवीण रविदास, महेंद्र प्रसाद यादव, सन्नी कुमार, प्रिंस कुमार, एम्पायर जितेन्द्र कुमार, उज्जवल कुमार, नेता विनोद मंडल, बबलू कुमार मंडल, सागर कुमार, मनीष कुमार, सत्यम कुमार, शिवम कुमार, अभिषेक कुमार, प्रीतम कुमार, कुणाल कुमार, अनुपम कुमार, करण कुमार सहित रॉयल सुपर किंग्स क्रिकेट कल्ब के सभी सदस्य एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

स्वेच्छाचारिता को लेकर एमडीएम साधनसेवी पर होगी कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया/ धमदाहा । प्रखंड साधनसेवी मध्यान भोजन धमदाहा द्वारा गलत मंशा से विद्यालय में मध्यान भोजन संचालन को अवरुद्ध करने को लेकर कार्रवाई होगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्णिया द्वारा मध्यान भोजन साधन सेवी पर कार्रवाई करने को लेकर संबंधित अधिकारी को पत्र लिखने की बात कही है। बताया जाता है कि साधन सेवी ने गलत मंशा से धमदाहा प्रखंड के आधा दर्जन से अधिक विद्यालय के बिल का भुगतान नहीं किया है। जिस कारण ना सिर्फ मध्यान्ह भोजन संचालन में व्यवधान उत्पन्न हुआ है बल्कि इसको लेकर भेंडर एवं कई विद्यालय प्रधान भी परेशान हुए हैं। जबकि इस मामले को लेकर मेसर्स विकास आनंद रूपसपुर खगहा के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रखंड साधन सेवी मध्यान भोजन की मनमानी की शिकायत की गई तो जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा टीम गठित कर मामले की जांच करवाई गई है। जिसमें मध्यान भोजन साधन सेवी पर लगाया गया आरोप सत्य पाया गया है। हालांकि टीम गठित किए जाने से पूर्व मध्यान भोजन साधन सेवी को पत्र लिखकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने लगाए गए आरोप के संबंध में जवाब मांगा था तो उस वक्त मध्यान भोजन साधन सेवी गलत जानकारी का जबाब समर्पित करते हुए अधिकारी एवं विभाग को अंधेरे में रखने का प्रयास किया है। जो कि जांच टीम द्वारा दिए गए रिपोर्ट के बाद स्पष्ट हो गया है उसके बाद मध्यान भोजन साधन सेवी पर सख्त कार्रवाई करने को लेकर संबंधित अधिकारी को पत्र लिखने की बात भी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र में कहा गया है।

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में कुल 35 मामले की हुई सुनवाई

बिछड़े परिवारों को मिलाने की दिशा में बेहतर कार्य कर रहे हैं परामर्श केंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । पूर्णिया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित होने वाले पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 6 उजड़े हुए घरों को समझा-बुझाकर फिर से बसा दिया गया। प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र में कुल 35 मामले सुनवाई हुई जिसमें से 10 मामलों को निष्पादित किया गया। डगरूआ थाना क्षेत्र से आयी एक महिला ने शिकायत की कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। पति ने बताया कि उसकी बीबी बार-बार मायके चली जाती थी। इससे तंग आकर उसने दूसरी शादी कर ली है। फिर भी पहली पत्नी अपने पति के साथ रहना चाहती है, लेकिन सौतन के साथ नहीं रहना चाहती है। इस पर पति ने तीन महीने का समय मांगते हुए कहा कि नया घर बनाने के बाद वह पहली पत्नी को अपने साथ लेकर जाएगा। तब तक 3 हजार रूपए प्रति महीना गुजारा भत्ता के रूप में दूंगा। इसका बाउंड बनाया गया। वहीं मरंगा थाना क्षेत्र के हरदा बस्ती से आयी एक महिला ने केन्द्र के सदस्यों को बताया कि उसके पति हमेशा गाली गलौज व मारपीट करता रहता है। इसको लेकर पंचायत भी बैठी फिर भी कोई फैसला नहीं हो सका। केन्द्र के सदस्यों के समझाने बुझाने के बाद दोनों एक साथ रहने को राजी हो गए। बंध पत्र बनाकर खुशी-खुशी अपने घर को विदा हुए। कसबा थानाक्षेत्र के मजगामा बस्ती से आयी एक पति की दो बीबीयां का मामला भी केन्द्र के सदस्यों ने सुनकर निदान किया। केन्द्र के सदस्यों के समझाने के बाद छोटी बीवी ने केंद्र को विश्वास दिलाया की वह अपनी बड़ी सौतन को बड़ी दीदी की तरह मानेगी और कभी कोई शिकायत का मौका नहीं देगी। इसके बाद पति ने दोनों बीबी को रखने को तैयार हो गया। इस मौके पर पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की संयोजिका सह महिला थानाध्यक्ष किरण बाला, सदस्य दिलीप कुमार दीपक, स्वाती वैश्यंत्री, प्रमोद कुमार जायसवाल, रविन्द्र साह आदि उपस्थित थे।

शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया ईद, लोगों ने एक दूसरे को दिया बधाई

पूर्णिया । ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। शुक्रवार को चांद का दीदार होते ही ईद की खुशियों में लोग सराबोर होने लगे। लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। शनिवार को अहले सुबह ही लोगों ने स्नान कर नए कपड़े पहन ईदगाह की ओर रवाना हुए। नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। बनभाग चुनापुर पंचायत एवं जिले के नव गठित नगर पंचायत चम्पानगर में नमाज कमिटी द्वारा ईद की नमाज को लेकर आवश्यक व्यवस्था की गई थी। सुबह नौ बजे हाजी मो हसीम उद्दीन साहब चम्पानगर के नेतृत्व में लोगों ने अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की।

संक्षिप्त खबरें

सूखे पत्ते में आग लगने व जंगल में फैलने का खतरा को ओटीए ने रोका

गया। ओटीए गया के सतर्क सैनिकों की समय पर प्रतिक्रिया ने पहाड़पुर वन क्षेत्र के निकटवर्ती क्षेत्र में संभावित बड़े जंगल की आग को फैलने से रोक दिया है। उच्च परिवेश के तापमान के कारण वन क्षेत्र में सूखे पत्ते हो गए हैं जो इस मौसम में जंगल की आग के फैलने का खतरा उत्पनन्न करते है। ओटीए गया की समय पर प्रतिक्रिया एवं अच्छी तरह से समन्वित अग्निशमन अभ्यास पहाड़पुर के आवासीय क्षेत्र के करीब क्षेत्र में एक बड़ी घटना को टाल गया है। स्थानीय लोगों को अग्नि सुरक्षा के मुद्दों और गर्मी के मौसम में आग की घटनाओं को रोकने के लिए फायर लेन बनाने के बारे में भी जागरूक किया गया है। ओटीए गया ने एक बार फिर स्थानीय लोगों तक पहुंच बनाने और नागरिक आबादी के साथ सहयोग के लिए अपने निरंतर संकल्प और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है।

गया डीएम और पुलिस अधीक्षक ने लोगों को दी ईद की बधाई

गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशिष भारती ने गया के गाधी मैदान में ईद की नवाज अदा करने आए लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई नही हो इसके लिए जिलाधिकारी डा एस एस त्यागराजन भी लोगों को ईद की बधाई दी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने लोगों के बीच पानी का बोतल आदी वितरण किए, इनके साथ अनिल स्वामी, अनंत दिश अमन आदी लोग उपस्थित थे।

महाराजगंज अनुमंडल पदाधिकारी ने मोंगिनिस केक शॉप का किया उद्घाटन

सिवान। महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय के बट्टा मोड़ स्थित गायत्री लॉज में महाराजगंज अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने फीता काटकर मोंगिनिस केक शॉप का उद्घाटन किया। केक शॉप के उद्घाटन के दौरान महाराजगंज अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि महाराजगंज एक बड़ा शहर है यहां पर मोंगिनिस केक शॉप का खुलने से यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। उद्घाटन के पश्चात मोंगीनिस केक कंपनी सदस्य ने अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार को बुके देकर सम्मानित किया।

मगध विश्वविद्यालय के कुलपति बनने पर डॉ शशि प्रताप शाही को किया गया सम्मानित

सीवान। शनिवार को डॉ शशि प्रताप शाही को मगध विश्वविद्यालय के कुलपति बनने पर मैरवा नगर कार्यालय पर सम्मानित किया गया। मौके पर हैप्पी यादव ने कहा कि डॉ शशि प्रताप शाही का मगध विश्वविद्यालय का कुलपति सिवान जिले के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मैरवा के मण्डल अध्यक्ष आनंद शाही ,नौतन के मण्डल अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, जिरादेई उतरी के मण्डल अध्यक्ष शुधांसु सिंह, जिरादेई दक्षिणी के मण्डल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मैरवा नगर मण्डल अध्यक्ष सुमंत कुमार वर्नवाल, अनिमेष कुमार, रीतेश सिंह, चंचल सिंह, धनंजय पांडे, युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता, ज्वाला सिंह, इत्यादि लोग उपस्थिति रहे।

आमस प्रखंड के आगजनी पीड़ित को पूरी साहयता दिया जाए - राहुल रंजन

गया जिला के आमस ब्लॉक के हटवरिया गांव का दौरा किया गया गया जिला नवनिर्वाचित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल रंजन के द्वारा जहाँ कल आंधी मे कई घरो मे आग लग गई थी। जहाँ किसानों का काफी नुक्सान हुआ वहा के उपस्थिति पड़ित परिवार जनो से मुलाकात किया गया है। इसके साथ ही जिला प्रशासन के पदाधिकारीयों से बात किया और आग जनि से पड़ित परिवार के लोगो मदद करने का अनुरोध किया तत्कालीन पीड़ित परिवार को राशन उपलब्ध करवाने को आमस के इउड साहब और शेरघाटी के अनुमंडल पदाधिकारी से वार्ता कर तत्काल राहत समाग्रीह उपलब्ध कराने को कहाँ है इसपर पदाधिकारीयों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पड़ित परिवार को 6 घंटे मे सामग्रीह उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

क्रान्तिपार्क में मनाया गया भाकपा-माले का स्थापना दिवस समारोह

आरा । विश्व सर्वहारा के महान शिक्षक व नेता लेनिन की 152 वीं जयंती और भाकपा-माले की स्थापना की 54 वीं वर्षगांठ पर आज भाकपा-माले द्वारा जिले में ब्रांच स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आरा के क्रान्तिपार्क सहित गांव-कसबों में पार्टी का झंडा फहराया गया और फासीवादी हमले से देश को बचाने के लिए जनता की व्यापक एकता का निर्माण करने का संकल्प लिया गया।आरा में मुख्य कार्यक्रम क्रांति पार्क सहित गोला मुहल्ला, अनाईठ, उजियार टोला में स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्रांति पार्क में सबसे पहले पार्टी के वरिष्ठ साथी कॉमरेड लक्ष्मी पासवान ने झंडोत्तोलन किया। उसके बाद का। लेनिन की मूर्ति पर पुष्पांजलि की गई और फिर शहीदों की याद में एक मिनट का मौन रखा गया। पार्टी केंद्रीय कमेटी द्वारा जारी शपथ का पाठ भी किया गया। पिछले दिनों पटना में संपन्न भाकपा-माले के 11 वें पार्टी महाधिवेशन के संदेश का अध्ययन भी किया गया। मौके पर पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य व राज्य सचिव कामरेड कुणाल, भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड स्वदेश भट्टाचार्य, केंद्रीय कमेटी सदस्य व जिला सचिव जवाहरलाल सिंह, राज्य स्थाई समिति सदस्य व तरारी विधायक सुदामा प्रसाद, जसम के राज्यध्यक्ष जितेंद्र कुमार, पार्टी की वरिष्ठ नेत्री मीरा जी, आइसा राज्य सचिव शब्बीर कुमार, इनौस राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन, जिला कमेटी सदस्य जितेन्द्र सिंह, राजनाथ राम, जनमत के संपादक सुधीर सुमन, शोभा मंडल, पप्पू कुमार राम, विकास कुमार, दीना जी, चंदन कुमार, सुरेश पासवान, संतविलास राम, रौशन कुशवाहा, बबलू गुप्ता, धनंजय कुमार सिंह, संतविलास राम हरीनाथ राम, मिथलेश कुमार राम, शिवराज कुमार, सुरेश पासवान, रणधीर कुमार राणा, कृष्णरंजन गुप्ता, यतींद्रनाथ सिंह, पंकज कुशवाहा, सागर पासवान, प्रमोद रजक, देवानंद पासवान, सुरेश्वर सिंह, सुधीर कुमार, पुष्पा देवी, अंशु कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा पार्टी नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्थापना दिवस कार्यक्रम का संचालन भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने किया! अपने संबोधन में स्वदेश भट्टाचार्य ने कहा कि फासीवादी आक्रमण के खिलाफ आज भाकपा-माले की लड़ाकू क्षमता को और उच्च स्तर पर ले जाना बेहद जरूरी कार्यभार बन गया। जैसे जैसे मोदी-अदानी गठजोड़ की पोल खुल रही है और महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी व दमनकारी बुलडोजर राज के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है, मोदी सरकार और संघ ब्रिगेड की परेशानियां भी बढ़ रही हैं। आने वाले दिन इस लिहाज से बेहद निर्णायक साबित होंगे। आज देश के मजदूर-किसानों, महिलाओ, हिन्दूओं और मुसलमानों सबको एक साथ आकर और जनता की व्यापक एकता का निर्माण करके फासीवाद को शिकस्त देते हुए लोकतंत्र और भारत को बचाना होगा। पूरी पार्टी को एकताबद्ध होकर इस कार्यभार में लग जाना चाहिए।

मौके पर राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि एक मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी ही भाजपा के फासीवादी अभियान से देश को बचा सकती है। इसलिए आज के दिन हम भाकपा-माले के विस्तार व पार्टी ब्रांचों को मजबूत करने का संकल्प लेते हैं। संदेश के संदेश, भीमपुरा, चिलोहस, त्रिकौल, अहपुरा, प्रतापपुर, नारायणपुर, रामसड, जमुआव, बड़हरा के बलुआं, कोल्हरामपुर, चरपोखरी के सोनवर्षा, जगदीशपुर के उत्तरदहं, जगदीशपुर, विमवा, बरनाव, बिहियां के ओसाई, गड़हनी के गड़हनी, काउप, कुरकुरी, कोइलवर के कायमनगर, गाँधीटोला, कोइलवर, अगिआंव के पवना, भीखमपुर, अहिले, रतनाड़, सोनाटोला, उदवंतनगर में छोटी सासाराम, छपरापुर, सहित सैकड़ों गांव में मनाया गया।

शहर में पेयजल समस्या को लेकर नगर विधायक ने किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

गया। नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में आम जनों के सुविधा एवं शहर के विकास हेतु विभिन्न प्रकार के विकास कार्य की अद्यतन स्थिति के संबंध में विभागों एवं कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ समाहर्ता के गोपनीय कार्यालय सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

मुख्य रूप से गया शहरी क्षेत्र के सभी घरों में गंगा जल आपूर्ति योजना के तहत पेयजल व्यवस्था उपलब्ध करवाना, नए निर्मित ओवरहेड रिजरवायर को चालू करवाना, सभी नए बसावट वाले टोलो में भी पानी पहुंचाना, वाटर लीकेज की समस्या को दुरुस्त करवाना, विभिन्न सरकारी विद्यालयों के खाली पड़े जमीन में चारदीवारी निर्माण करवाने, विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने, शहरी क्षेत्र में जितने भी पार्क हैं उसे सौंदर्यीकरण करने, खेल को बढ़ावा देने, हिट वेब से बचाव की तैयारियां, अत्यधिक गर्मी को देखते हुए वन विभाग द्वारा अधिक से अधिक पौधारोपण करने की व्यवस्था, बरसात के पहले सभी बड़े एवं छोटे नालों के उड़ाही सहित अन्य विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा बैठक की गई है।

जिला पदाधिकारी गया डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने नगर विधायक डॉक्टर प्रेम कुमार का स्वागत करते हुए बताया कि हर घर गंगा जल योजना के तहत वर्तमान समय में कुल 36 वार्डो के 53000 घरों में पानी सप्लाई दी जा रही है।जिसमें 06 वार्ड मानपुर के क्षेत्र भी शामिल है। डेल्हा के क्षेत्र में ओवरहेड टैंक के स्ट्रक्चर निर्माण एक माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। रामशिला में वाटर सप्लाई कार्य एक माह में पूर्ण कर ली जाएगी। आजाद पार्क में वाटर सप्लाई अप्रैल अंतिम दिनों से प्रारंभ कर दी जाएगी। सिंगरा स्थान ओवरहेड टैंक में जल संसाधन विभाग द्वारा एक विशेष प्रकार का मशीन लगाया जा रहा है, जिसके पश्चात उस ओवरहेड वॉटर टैंक से प्रवाहित अंतिम घरों तक पानी को पूरी प्रेशर के साथ सप्लाई मिले इसके लिए कार्य की जा रही है। विधायक ने मुरली हिल पानी टंकी को साफ कराने की बात कही गई है पूरे शहर के लोगों को गंगाजल का पानी मिले यह सुनिश्चित करावे। जिला पदाधिकारी ने विधायक को अवगत कराया कि गंगाजल के पानी आने से ग्राउंड वाटर जो लगभग 78 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी की बचत हो रही है। वर्तमान में सरफेस वाटर का ही प्रयोग हो रहा है।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व के समय में मुरली हिल जैसे वाटर क्राइसिस वाले क्षेत्र में पानी सप्लाई नहीं होती थी।परंतु हर घर गंगा जल योजना के तहत उस क्षेत्र में भी पानी सप्लाई करने हेतु पूरी तैयारी की जा रही है।

विधायक ने बताया कि महारानी रोड में कुमार कॉलोनी से बांग्ला स्थान से थोड़ा आगे के क्षेत्र में पाइपलाइन नहीं पूछा गया है। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता बुडको को तुरंत जांच करने का निर्देश दिए गए हैं। नए बसावट वाले टोलो में पाइप लाइन बिछाने हेतु कार्य योजना तैयार करें। वैसे घर जो गंगाजल पानी हेतु छूटे हुए हैं उनका अच्छे तरीके से आकलन करते हुए पाइप लाइन बिछाने का कार्य करें। वार्ड संख्या पांच, वार्ड संख्या 6 एवं वार्ड संख्या 22 के कुछ स्थानों में पानी सप्लाई बंद है इसे अविलंब ठीक करवाने का निर्देश दिए हैं।

शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में भी गंगा का पानी जाए इसके लिए विभाग स्तर से पत्राचार करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए कार्य योजना तैयार करें। देवघाट में तीर्थ यात्रियों को पेयजल की व्यवस्था मिले इसके लिए स्टैंड पोस्ट के माध्यम से गंगा पानी पहुंचा दे एवं वैकल्पिक रूप में निगम द्वारा पूर्व में किए गए बोरिंग के माध्यम से भी देवघाट में पेयजल व्यवस्था सुचारू करें। देवघाट में पर्याप्त संख्या में नल का टैप लगावे।

गयाजी डैम के समीक्षा के दौरान विधायक ने श्मशान घाट से रबड़ डैम तक पाथवे में टूटे हुए टाइल्स को रिपेयर करवाना सुनिश्चित करें। गयाजी डैम में जमा पानी दूषित ना हो इसके लिए विभाग से समन्वय स्थापित कर आधुनिक बेस्ट टेक्नोलॉजी का मशीन लगावे जिससे जमा पानी प्यूरिफाई हो सके। इसके साथ ही गयाजी डैम को रखरखाव एवं मेंटेनेंस पॉलिसी की भी जानकारी ली गई है। नगर निगम तथा स्थानीय लोगों को कहा कि पूजन सामग्री को नदी में प्रवाहित ना करें इसके लिए लोगों को विशेष जागरूक करने की आवश्यकता है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि पितृपक्ष मेला अवधि में अत्यधिक भीड़ रहती है इस कारण स्काउट एंड गाइड के बच्चों के माध्यम से तीर्थ यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

प्रत्येक व्यक्ति भामाशाह के आदर्शों को स्मरण करें और देश की रक्षा में सर्वस्व अर्पित करें : नगर विधायक

प्रात : किरण संवाददाता

गया।दानवीर भामाशाह का जयंती समारोह गया शहर के अजातशत्रु होटल में मनाया गया इस जयंती के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह गया शहर विधायक डॉक्टर प्रेम कुमार के द्वारा उनके चित्र पर पुष्प श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभागार में भामाशाह को नमन करते हुए कहा भामाशाह जैसे व्यक्ति युगों युगांतर में जन्म लेते हैं आज सौभाग्य की बात है बिहार प्रदेश भाजपा के द्वारा पूरे बिहार में जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया है।

वह निर्णय आज ऐतिहासिक है भामाशाह का जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप के सर्वस्व हो जाने के बाद उनके लक्ष्य को सर्वोपरि मानते हुए अपनी संपूर्ण धनसंपदा अर्पित कर दी और महाराणा प्रताप अपना अस्तित्व बचाने के लिए पहाड़ियों में छुपते भटकते रहे भामाशाह अपने दानवीर के कारण अमर गाथा है कि 25000 सैनिकों को 12 वर्षो तक उनके खाने-पीने व्यवस्था किया वैसे आज दानवीर को नमन करते हैं प्रत्येक व्यक्ति इनके आदर्शों को स्मरण करें और देश की रक्षा में सर्वस्व अर्पित करें । समारोह की अध्यक्षता भाजपा नेता संतोष गुप्ता के द्वारा किया गया समारोह में भाजपा गया जिला प्रभारी कृष्ण मोहन शर्मा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला महामंत्री गोपाल यादव पप्पू चंद्रवंशी, विधानसभा संयोजक संतोष ठाकुर जिला तैलिक समाज के जिलाध्यक्ष संजू साव, धीरज रौनीयार, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अकाश गिरी, महिला मोर्चा के अध्यक्ष करुना सिंह, उत्तरी मंडल अध्यक्ष शंभू यादव मध्य मंडल अध्यक्ष पंकज लोहानी , ऋषि लोहानी दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा पश्चिम मंडल अध्यक्ष गौतम कुशवाहा राजेश चौधरी संतोष सिंह अशोक सिंह संजय सिंह सुनील कुमार सिन्हा रंजीत कुमार पम्मी सिंह किसान मोर्चा अध्यक्ष राहुल रंजन देव आनंद पासवान दुर्गा प्रसाद सुनील प्रसाद मोहन प्रसाद रविंद्र कुमार गनौरी प्रसाद बैजनाथ प्रसाद शिव कुमार महामंत्री रोशन गुप्ता आमस मंडल अध्यक्ष कल्याण सुरेंद्र कुमार यादव ,दीनानाथ प्रसाद वार्ड पार्षद दीपक चंद्रवंशी ,उपेंद्र कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं।

भाजपा ने मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा स्थानीय नागरी प्रचारिणी सभागार में महान दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दुर्गा राज और संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज ललन ने किया। जयंती समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री आरा नगर विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद मीना सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरूआत दानवीर भामाशाह जी और भगवान परशुराम के तैल चित्र पर आगत अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कर किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद जी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहाँ कि आज हम दो महामानव को याद करने के लिए आए हुए हैं। सबसे पहले हम भगवान परशुराम जी को नमन करते हैं जो विष्णु के छठे अवतार थे। भगवान परशुराम महान योद्धा महान ऋषि के साथ पृथ्वी पर अनैतिक कार्य करने वालों का उद्धारकर्ता भी थे। उनसे हम आशीर्वाद मांगते हैं कि हमारा भारत और हमारा राज्य बिहार आगे बढ़ते रहे। दूसरी तरफ आज एक महान योद्धा महान दानवीर और महान राष्ट्रभक्त भामाशाह की जयंती के रूप में भी हम उन्हें याद कर रहे हैं। भामाशाह को केवल उनके दानवीरता के लिए याद नहीं किया जाता है बल्कि वे महान योद्धा और एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उन्हें हम इसलिए भी याद करते हैं कि उन्होंने अपने तन मन और धन राष्ट्र को समर्पित किया। दानवीर कर्ण के बाद यदि किसी महान दानवीर को याद किया जाता है तो दानवीर भामाशाह ही है जिन्हें पूरी राष्ट्र याद करता है। उन्होंने मेवाड़ की अस्मिता बचाने के लिए 25000 सैनिकों को 12 वर्ष के लिए राशन रसद के लिए धन वीर महाराणा प्रताप को दान किए जिससे भारतीय संस्कृति को बचाया जा सका। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करती है। उसके प्रत्येक कार्यकर्ता अपने राष्ट्र के लिए समर्पित है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भारतीय संस्कृति को बढ़ाने में संपूर्ण त्याग कर देश को आगे बढ़ा रहे हैं। पूर्व कृषि मंत्री सह आरा नगर के विधायक श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश महापुरुष भामाशाह जी को शिद्दत से याद कर रहा है। इतिहास में बहुत सारे महापुरुषों को स्थान नहीं दिया गया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश कि ऐसे राष्ट्रभक्तो जो अनसुनी अनकही इतिहास में कहीं दब कर रह गए हैं उन्हें उजागर करने का काम कर रहे हैं।

युथ फॉर सेवा ने पंछी बचाओ जागरूकता अभियान कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। पर्यावरण संरक्षण विषय पर सरलता से बच्चों को बताया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में आरजू सिंह और प्रिंसिपल सविता सिंह ने छोटी छोटी जानकारी बच्चों को दी जिसे बच्चें अपने दैनिक जीवन में अपना कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। पंछी बचाओ अभियान को संबोधित करते हुए आरजू सिंह ने कहा की पर्यावरण संरक्षण हेतु हम सबको आगे आना होगा । इस भीषण गर्मी में नदी, तालाब और सभी जलाशय लगभग सुख जातें हैं पानी का भारी किल्लत हो जाता हैं । मनुष्य तो केसे भी पानी का जुगाड़ कर लेते हैं लेकिन पशु पंछी को इस गर्मी में बहुत कठिनाई होती हैं।

हजारों-हजार पशु पंछी जल संकट से मर जाते हैं । पर्यावरण संरक्षण हेतु कुदरत द्वारा प्रदत्त सभी जीव जंतुओं का संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक हैं । ऐसे में हम सबकों इस भीषण गर्मी में अपने छतों , बालकनी , और अन्य स्थानों पर दाना पानी रखना चाहिए। वहीं विधालय की प्रिंसिपल सविता सिंह ने कहा की यूथ फॉर सेवा का सभी अभियान सार्थक होता हैं और आज जो पंछी बचाओ अभियान अपने आप में प्रसंशनीय हैं हम सबकों इस अभियान से जुड़कर आगे बढ़ाना होगा। वहीं यूथ फॉर सेवा के प्रदेश संयोजक आनंद कुमार ने कहा की पंछी बचाओ अभियान को जन जन तक ले जाने हेतु हमलोग सैकड़ो लोगो को मिट्टी कि पात्र वितरण करेगें उन्हें प्रेरित करने हेतु यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। इस अवसर पर मिट्टी के बर्तन वितरण किया गया। इस अवसर पर विक्की गुप्ता ,रेहाना बानो, तलत प्रवीन ,मृत्युंजय ओझा, सहित सैकड़ो छात्रा उपस्थित थीं।

जैन कॉलेज पूर्ववर्ती छात्रसंघ का 23वाँ सम्मेलन हुआ सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। पूर्ववर्ती छात्र संघ, जैन कॉलेज, आरा का 23 वॉं सम्मेलन भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का संचालन एवं संयोजन पूर्ववर्ती छात्र संघ के महासचिव डॉ0 शशि कुमार सिंह ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत जैन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 नरेन्द्र कुमार ने किया। सम्मेलन की उद्घाटन राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश जी के कर कमलों द्वारा हुआ, अध्यक्षता वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय एवं बी-आर-अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डॉ0) शैलेन्द्र कुमर चतुर्वेदी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में केरल एवं नागालैण्ड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार शामिल हुए। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में विधान पार्षद एवं बिहार विधान सभा के पूर्व सभापति ई0 अवधेश नारायण शामिल हुए।

सम्मेलन में परिचर्चा का विषय प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) और वीर कुंवर सिंह था। इसी विषय से संबंधित एक स्मारिका का प्रकाशन एवं लोकार्पण भी उक्त अवसर पर किया गया। सम्मेलन के अवसर पर बिहार के प्रधान डाकपाल द्वारा श्री हरिवंश, उपसभापति, राज्यसभा, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय एवं बी-आर-अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डॉ0) शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी के सम्मान में उनके फोटो युक्त डाक टिकट जारी किया तथा उन्हें सम्मान स्वरूप भेट किया।

सम्मेलन के अवसर पर निम्न व्यक्यिों को अपने-अपने क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए वीर कुंवर सिह शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले में राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश जी, केरल एवं नागालैण्ड के श्री निखिल कुमार, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय एवं बी-आर-अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डॉ0) शैलेन्द्र कुमार चतुवेर्दी, जैन कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 नरेन्द्र कुमार, एम0 एम0 महिला कॉलेज और महाराजा कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 आभा सिंह, पूर्ववर्ती छात्र संघ हरप्रसाद दास जैन महाविद्यालय, आरा के महासचिव डॉ0 शशि कुमार सिंह, शेरशाह कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 जय शंकर सिंह, वरीय अधिवक्ता श्री राम सुरेश सिंह, वरीय अधिवक्ता सुदामा राय, पत्रकार भीम सिंह भावेश, आई0 एस0 एम0 पटना के प्रो0 पूजा दूबे, अधिवक्ता सुधीर सहाय, सत्य प्रकाश राय, जितेन्द्र शर्मा, संजय कुमार सिंह, डॉ0 अल्ताफ मल्लिक, डॉ0 तब्बसुम बानों, डॉ0 प्रीति रंजन, डॉ0 पूर्ति माहौर, डॉ0 अशोक, श्री बक्सी विकास, श्री प्रशान्त सिंह मिन्टू, डॉ0 कंचन प्रभा सिंह, प्रो0 अरूण सिंह, प्रमोद राय, परशुराम सिंह, अमरेन्द्र न्यूज-24, मुकेश-दैनिक भास्कर, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 विमल कुमार सिंह, श्री देवेन्द्र प्रसाद, संजय सिंह लॉ कॉलेज, डी-एस0 पी0 अविनाश कुमार, प्रो0 निर्मल कुमार सिंह, श्री मनोज कुमार सिंह, प्रो0 कमल कुमारी, पूर्व प्रधानाचार्या, एम-एम-महिला कॉलेज, आरा, भास्कर मिश्र, जय शंकर, डॉ0 ममता मिश्रा, डॉ0 रेणु मिश्र, डॉ0 मंजू मिश्रा, अमरेन्द्र कुमार, हरेन्द्र सिंह, पत्रकार सुधान्शु कुमार, मुकेश कुमार केशरी, प्रशान्त सिंह मिन्टू, अजय कुमार तिवारी झुमुनमुन आदि को सम्मानित किया गया ।

नृत्य नाटिका की प्रस्तुतियों ने दशकों को कलत्मकता से बांधे रखा : कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता

आरा । एच डी जैन कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन सह सम्मान समारोह के मंच पर गुरु बक्शी विकास एवं समूह की प्रस्तुति नृत्य नाटिका रणबांकुरे कुंवर सिंह व गंगा अवतरण की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरु आदित्या श्रीवास्तवा द्वारा निर्देशित नृत्य नाटिका गंगा की प्रस्तुति की भूरी भूरी प्रसंशा करते हुये वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय नृत्य की कथक शैली में नृत्य नाटिका की प्रस्तुतियों ने दशकों को कलत्मकता से बांधे रखा। वहीं गंगा अवतरण में मां गंगा के धरती पर अवतरित होने का पूरा प्रसंग व कलयुग में हो रहे प्रदूषण से गंगा की पीड़ा को कलाकारों ने बखूबी प्रस्तुत किया। वहीं दूसरी ओर राज्यसभा नई दिल्ली के उप सभापति श्री हरिवंश जी की मौजूदगी में कथक कलाकारों ने नृत्य संरचना रणबांकुरे कुंवर सिंह की प्रस्तुति से तालियां बटोरी। नृत्य की विभिन्न भाव भंगिमाओं में कथक नर्तक अमित कुमार , राजा कुमार, रविशंकर, शालिनी महाराज, मीनाक्षी पाण्डेय, संजना कुमारी, खुशी कुमारी गुप्ता, हर्षिता विक्रम, स्नेहा पाण्डेय, सलोनी, मुस्कान, चित्रा, राशि व ऋतंभरा दुबे के प्रदर्शन ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। कुलपति डॉ. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, एच. डी . जैन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार , आयोजक संस्था के महासचिव डॉ. शशि कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से गुरु बक्शी विकास समेत सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ व शॉल प्रदान कर सम्मानित किया।

गौरव ने किया निराश्रितों को भोजन और सामग्री का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया महानगर बिसार तलब स्थित अपने आवास पर शनिवार को समाजसेवी सह युवा जदयू नेता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपनी मां की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर 151 ब्राह्मणों को स्वरूची भोजन कराया। इसके उपरांत कुमार गौरव अपने बड़े भाई कुमार गौतम और अपने पिता जी अशोक लाल के साथ मिलकर सामूहिक तौर पर जरूरतमंदों के बीच वस्त्र एवं भोजन का वितरण किया। समाजसेवी कुमार गौरव ने बताया कि अपनी माता स्वर्गीय माधुरी देवी के दूसरे पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उन्होंने बताया की मेरी मां बहुत ही दान पुण्य में विश्वास करती थीं अपने हाथों से जरूरतमंदों को दान दिया करती थीं, उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हमलोगों ने जरूरतमंदों को मां की पुण्यतिथि पर भोजन कराया तथा जरूरत की सामग्रियों का वितरण किया।

आगे उन्होंने बताया की पटना गया रोड स्थित सामाजिक संस्था ब्लाइंड केंद्र पर जाकर तमाम बच्चों को वस्त्र, एवम भोजन कराया और कहा कि इससे बड़ी श्रद्धांजलि मां के लिए और क्या हो सकती है। स्टेशन के पास भी गरीब व प्रवासी मजदूरों के लिए भंडारे का आयोजन किया। श्री गौरव ने कहा माता जी ने भी हमेशा गरीबों की सेवा की। उनके संस्कारों से ही हमें भी यह प्रेरणा मिली है कि हम भी गरीबों की मदद करें।

एम्स की स्थापना करें केंद्र सरकार नहीं तो होगा चक्का जाम : विनय कुशवाहा

प्रात : किरण संवाददाता

गया।राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता विनय कुशवाहा एवं जिला प्रवक्ता सह विधायक प्रतिनिधि बेलागंज जुगनू यादव ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जब उत्तरी बिहार में दरभंगा में एम्स की स्थापना हो सकती है तो दक्षिणी बिहार मगध का सेंटर गया में क्यों नहीं? विनय कुशवाहा ने कहा कि दक्षिणी बिहार का एकमात अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने वाला गया जिला झारखंड एवं उत्तर प्रदेश से सटा है एम्स जैसा बड़ा अस्पताल नहीं होने से करोड़ों लोगों का इलाज कराने के लिए बिहार से बाहर एम्स दिल्ली एवं भेलोर जाना पड़ता है। दक्षिणी बिहार घोर नक्सल प्रभावित एरिया है एवं काफी पिछड़ा है गरीब लोगों की आबादी नब्बे प्रतिशत से ऊपर हैं गरीबी के कारण आबादी का बड़ा हिस्सा इलाज के अभाव में दम तोड़ देता है एकमात्र मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उच्च कोटि के व्यवस्था नहीं रहने से लोगों का पलायन इलाज के लिए बाहर के प्रदेशों में करना पड़ता है जो काफी दुखदाई है।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार गया में एम्स बनाने के दिशा में तत्पर नहीं दिखाई देती है हम लोगों ने कितना बार केंद्र की सरकार से मांग किया कि एम्स का निर्माण गया मैं कराया जाए क्योंकि बोधगया सटा रहने से गया का स्थान अंतरराष्ट्रीय रूप में विख्यात है लेकिन अभी तक नरेंद्र मोदी की सरकार गया जिला के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है जो किसी भी तरह से उचित नहीं है।

सांसद ने ली इस्कान की सदस्यता

प्रात : किरण संवाददाता

सिवान। सिवान सांसद कविता सिंह ने शनिवार को पटना में इस्कान की सदस्यता ग्रहण की। सांसद ने बताया कि सनातन धर्म एवं संस्कृति को संसार के कोने कोने में पहुंचा कर मानवीय प्रेम को बनाये रखने वाला अनूठा संस्था है इस्कान जो भगवान श्री कृष्ण के जीवन दर्शन को जन जन तक पहुचा कर धार्मिक सौहार्द एवं भाईचारे को पैदा करता है।

जदयू नेता अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस्कान का अर्थ अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ है जिसकी स्थापना प्रभुपाद महाराज ने किया था। उन्होंने बताया कि अमेरिका की धरती पर वर्जीनिया की पहाड़ियों में नव -वृंदावन की स्थापना 1968 में हुआ जिसकी शाखा विश्व की लगभग हर देश में खुल रही है तथा हजारों की संख्या में विदेशी इस्कान के भक्त बन रहे है जो सनातन परंपरा के विराट स्वरूप को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन में अध्यात्म ,राजनीति ,कूटनीति एवं अगाध प्रेम का सागर है जिसका दर्शन मात्र से ही आनन्दपूर्ण जीवन जीने की सीख मिलती है। इस मौके पर रिशीमुन्नी सिंह, बंटी सिंह, आलोक कुमार गौतम, डॉ मुकुल कुमार, प्रेम राज माधव दास हिरालाल दास शामिल थे।

सेंसेक्स
59655.06 पर बंद
निफ्टी
17624.00 पर बंद

सोना
59300
चांदी
70621

वृद्धि अनुमान में आईएमएफ से हुई होगी गलती, आरबीआई ने कहा- कम हो रही चुनौतियां

नई दिल्ली एजेंसी। चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमान में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा की गई कटौती के बाद भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बहुपक्षीय संस्था के अनुमान में संभवत- कोई त्रुटि हुई होगी क्योंकि वृद्धि के मोर्चे पर प्रदर्शन कहीं बेहतर हो सकता है। ढ्रस्त्र ने भारत के लिए लष्ठक्क ग्रोथ अनुमान को 6.1 फीसदी से घटाकर 5.9 फीसदी कर दिया है।

मौद्रिक नीति के प्रभारी आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्र एवं अन्य अधिकारियों द्वारा तैयार अप्रैल के लिए अर्थव्यवस्था की स्थिति की रिपोर्ट में कहा गया है, 'हालांकि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन अधिकतर हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि बहुपक्षीय संस्था, खासकर ढ्रस्त्र के पूर्वानुमान में कोई त्रुटि हो सकती है क्योंकि वास्तविक परिणाम उन्हें सकारात्मक रूप से अर्चाभित कर सकते हैं।'

आरबीआई ने कहा है कि इस रिपोर्ट में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के निजी हैं, न कि केंद्रीय बैंक के। आरबीआई ने अप्रैल की अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में वित्त वर्ष 2024 के लिए जीडीपी अनुमान को 6.4 फीसदी से बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया था। कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में नरमी के आसार को देखते हुए ऐसा किया था। मौद्रिक नीति समिति ने अप्रैल की बैठक में नीतिगत ब्याज दर को अपरिवर्तित रखा था। हालांकि आरबीआई ने कहा था कि मुद्रास्फीति पर उसकी नजर बरकरार है। इससे पहले मई 2022 और फरवरी 2023 के बीच दरों में 250 आधार अंकों की वृद्धि की गई थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुपक्षीय संस्थानों ने खपत की रफ्तार सुस्त पड़ने और बाहरी चुनौतियों को देखते हुए 2023-24 के लिए भारत की वास्तविक लष्ठक्कग्रोथ के अपने पिछले अनुमानों में कटौती की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से उभरती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो सकता है। वैश्विक वृद्धि में इसका योगदान करीब 15 फीसदी होगा जो दूसरा सबसे बड़ा योगदान है। यह अमेरिका और यूरोपीय संघ के एकीकृत योगदान से भी अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरी खपत में हो रही दमदार वृद्धि के साथ भारत में कुल मांग परिदृश्य मजबूत है।

दूसरी ओर, ग्रामीण मांग परिदृश्य में भी तेजी से सुधार हो रहा है। इसे रबी की पैदावार बंपर रहने की उम्मीदों से रफ्तार मिल रही है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण खड़ी फसल को हुए नुकसान में कमी दिख रही है।'

रिपोर्ट में अल नीनो के जोखिम को उजागर किया गया है लेकिन यह भी कहा गया है कि इंडियन ओशन डायपोल फिलहाल स्थिर है और आगे उसमें सुधार होने के आसार हैं। रिपोर्ट में निवेश गतिविधियों में जबरदस्त तेजी, बुनियादी ढांचे में निवेश पर राजकोषीय जोर और प्रमुख क्षेत्रों के कॉरपोरेट निवेश में सुधार का भी उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2022-23 में वस्तु निर्यात 6 फीसदी बढ़ गया जबकि सेवा निर्यात में भी तेजी बरकरार है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज को 19,299 करोड़ का शुद्ध मुनाफा, पहली बार 1.5 लाख करोड़ का कारोबार

नई दिल्ली एजेंसी। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चौथी तिमाही में रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया है। आरआईएल ने शुक्रवार शाम को जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे घोषित कर दिए। कंपनी ने बताया कि चौथी तिमाही में उसे 19,299 करोड़ का शुद्ध मुनाफा हुआ है। पूरे वित्तवर्ष के दौरान कंपनी का टैक्स पूर्व कुल कारोबार पहली बार 1.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का रहा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज को पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कुल 16,203 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था। इसके अलावा चालू वित्तवर्ष की तीसरी तिमाही में भी कंपनी ने 15,792 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। 31 मार्च, 2023 को कंपनी का शुद्ध कर्ज़ 110,218 करोड़ रुपए रहा, जो सालाना इबीआइटीडीए से काफी कम है। यही कारण है कि चौथी तिमाही में कंपनी ने 19 फीसदी ज्यादा प्रॉफिट दर्ज किया है।

सालाना आधार पर जबरदस्त उछाल: रिलायंस इंडस्ट्रीज के कारोबार में पूरे वित्तवर्ष के दौरान जबरदस्त उछाल दिखा है। अगर पूरे वित्त वर्ष की बात की जाए तो एफवाय2022-23 में उसका कुल राजस्व 23.2 फीसदी बढ़कर 9,76,524 करोड़ रुपए पहुंच गया। सालाना इबीआइटीडीए में भी 23.1 फीसदी का उछाल हुआ और कुल इबीआइटीडीए 154,691 करोड़ रुपए रहा। अगर पूरे वित्तवर्ष के सकल शुद्ध लाभ की बात करें तो यह 74,088 करोड़ रुपए रहा है।

कंज्यूमर बिजनेस ने दिलाई बढ़त: रिलायंस ने चौथी तिमाही में कुल राजस्व 2,39,082 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्तवर्ष की समान तिमाही से 2.8 फीसदी ज्यादा है। यह बढ़ोतरी कन्ज्यूमर बिज़नेस के बेहतरीन प्रदर्शन के बल पर दर्ज की गई। रिलायंस रिटेल ने पहले के मुकाबले अधिक गति से स्टोर खोलते हुए इस साल 3,300 स्टोर जोड़े। इस तरह रिलायंस रिटेल का कुल क्षेत्रफल 6 करोड़ 56 लाख वर्गफ़ीट हो गया है। चौथी तिमाही का कन्सॉलिडेटेड इबीआइटीडीए

सालाना आधार पर 21.9 प्रतिशत बढ़कर 41,389 करोड़ पहुंच गया। टैक्स के बाद टैक्स के बाद कंसोलिडेटेड लाभ सालाना आधार पर 18.3 प्रतिशत फीसदी बढ़कर 21,327 करोड़ हो गया।

चौथी तिमाही में जियो प्लेटफॉर्म्स का सकल राजस्व 14.3 प्रतिशत बढ़कर 29,871 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर जा पहुंचा। जियो प्लेटफॉर्म्स का तिमाही इबीआइटीडीए 16.9 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 12,767 करोड़ दर्ज किया गया। जियो प्लेटफॉर्म्स का तिमाही शुद्ध लाभ 15.6 प्रतिशत बढ़कर 4,984 करोड़ रहा। इस दौरान जियो का कुल डेटा ट्राफ़िक 23.2 प्रतिशत बढ़कर 30.3 बिलियन जीबी हो गया है। वॉयस ट्रैफिक 8 प्रतिशत बढ़कर 1.31 ट्रिलियन मिनट जा पहुंचा है। पूरे साल में जियो से 2 करोड़ 90 लाख ग्राहक जुड़े हैं।

अडाणी समूह को जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के हस्तांतरण पर जीएसटी लागू नहीं

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अडाणी समूह को जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का संचालन सौंपने के सौदे पर जीएसटी लागू नहीं है। अग्रिम निर्णय प्राधिकरण ने अपने एक फैसले में यह बात कही। एएआई ने अग्रिम निर्णय प्राधिकरण (एएआर) की राजस्थान-पीठ से पूछा था कि क्या अडाणी जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को व्यवसाय सौंपने पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होगा। एएआई ने जानना चाहा था कि क्या इस सौदे के गोइंग कंसर्न माना जा सकता है। जब किसी पूरे व्यवसाय को स्थानांतरित किया जाता है और भविष्य में उसे स्वतंत्र रूप से चलाया जाता है, तो इस स्थानांतरण को गोइंग कंसर्न कहते हैं। इस पर जीएसटी नहीं लागू है। एएआर ने 20 मार्च, 2023 के अपने फैसले में कहा कि आवेदक (एएआई) और अडाणी जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच 16 जनवरी, 2021 को हुआ समझौता गोइंग कंसर्न है। अडाणी समूह ने अक्टूबर, 2021 में एएआई से जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के संचालन, प्रबंधन और विकास का काम अपने हाथ में ले लिया था। भारत सरकार ने हवाईअड्डे को 50 साल के लिए पट्टे पर दिया है।

मारुति सुजुकी ने बलेनो के आरएस मॉडल को किया रिकॉल

नई दिल्ली एजेंसी। मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह बलेनो आरएस मॉडल की 7,213 इकाइयों को वापस मंगा रही है। कंपनी को आशंका है कि इस कार के वैक्यूम पंप (ब्रेक फंक्शन में मदद देने वाला पुर्जा) में खामी है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि 27 अक्टूबर 2016 से एक नवंबर 2019 के बीच विनिर्मित इस मॉडल के वाहनों को वापस लिया जाएगा। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा, ''ऐसी आशंका है कि ब्रेक फंक्शन में मदद करने वाला वैक्यूम पंप में संभवत- खराबी है। प्रभावित वाहन में ब्रेक पैडल को दबाने में मुश्किल भी आ सकती है। कंपनी ने कहा कि प्रभावित वाहनों के मालिकों को मारुति सुजुकी की अधिकृत डीलर कार्यशालाओं से खराब कलपुर्जों को बदलने के बारे में जानकारी मिलेगी। इन्हें निःशुल्क बदला जाएगा। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि वह 24 जून 2022 से सात जुलाई 2022 के बीच विनिर्मित अर्टिगा और एक्सएल6 मॉडल के 676 वाहनों के लिए सर्विस अभियान भी चलाएगी, उसमें भी आगे के ड्राइवशाफ्ट में खामी होने की आशंका है। इस वर्ष जनवरी में कंपनी ने आल्टो के10, एस-प्रेसो, इको, ब्रेजा, बलेनो और ग्रांड विटारा में एयरबैग कंट्रोलर में खामी की वजह से 17,362 इकाइयां वापस ली थीं।

निर्यात में सुस्ती के बावजूद अर्थव्यवस्था में लचीलापन बरकरार



नई दिल्ली एजेंसी। भारत की आर्थिक गतिविधि मार्च में लचीली रही, हालांकि निर्यात की कमजोर गति और बेरोजगारी में वृद्धि ने देश के लिए विकास के अनुमानों को घटा दिया है। अर्थव्यवस्था के कई मानक इस बात के संकेत दे रहे हैं कि भारत एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रही थी। ब्लूमबर्ग की ओर से संकलित आठ उच्च आवृत्ति संकेतकों वाले समग्र गतिविधि ट्रैकर इस बात की पुष्टि करता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मई के बाद पहली बार ब्याज दरों में 250 बेसिस अंकों की वृद्धि के प्रभाव का आकलन करने के लिए ब्याज दरों को स्थिति रखने का फैसला किया है। खुदरा और थोक महंगाई में भी महीनों बाद कमी दर्ज की गई है। पिछले हफ्ते वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कोशिश कर रही है कि अर्थव्यवस्था में तेजी बनी रहे, हालांकि उन्होंने ओपेक+ उत्पादन में कटौती और यूक्रेन में रूस के युद्ध से जुड़े प्रभाव पर चिंता भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि भारत में निर्मित वस्तुओं और सेवाओं की मांग में कमजोरी भारत के आर्थिक विकास पर दबाव बना सकता है।

व्यावसायिक गतिविधि: क्रय प्रबंधकों के सर्वेक्षणों से पता चला है कि कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ने से आपूर्ति शृंखलाओं पर दबाव कम होने से विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि में सुधार हुआ है। भारतीय सेवा क्षेत्र की गतिविधियां मार्च में 12 साल के उच्चतम स्तर से घटीं हैं, जिससे कंपोजिट सूचकांक फरवरी के 59 से घटकर 58.4 पर आ गया। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की एसोसिएट डायरेक्टर पॉलियाना डी लीमा ने कहा, सेवा कंपनियों के एक बड़े हिस्से ने बढ़ती लागत से बचाव के लिए अपनी बिक्री की कीमतों में वृद्धि की है।

निर्यात: मार्च में निर्यात में 13.9 प्रतिशत की गिरावट आई। लगातार चौथे महीने इसमें गिरावट आई जबकि एक साल पहले की तुलना में इसमें 7.90 प्रतिशत गिर गया। बार्कलेज पीएलसी के अर्थशास्त्री राहुल बाजोरिया ने कहा, धीमी वैश्विक अर्थव्यवस्था से आने वाली चुनौतियों का निर्यात पर और ज्यादा असर पड़ना शुरू हो गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में एक साल पहले की तुलना में मार्च में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है क्योंकि प्रमुख मोबाइल उपकरण निर्माता चाइना प्लस वन की रणनीति के साथ भारत में उत्पादन इकाइयां स्थापित कर रहे हैं। एपल अब भारत में अपने लगभग 7 प्रतिशत आईफोन का उत्पादन करता है और अपनी खुदरा बिक्री को बढ़ावा देने के लिए उसने इसी सप्ताह मुंबई और दिल्ली में अपने स्टोर खोले हैं।

टाटा एआईए लाइफ फार्च्यून गारंटी पेंशन में प्रभावकारी अपग्रेड

मुंबई, एजेंसी। भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स (टाटा एआईए लाइफ) ने अपने प्रमुख एन्युटी (जीवन भर तक गारंटीड इनकम) प्लान, टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन का और भी प्रभावकारी वर्ज़न प्रस्तुत किया है। इस नए वर्ज़न में अधिक ज़्यादा एन्युटी दर और डेथ बेनिफिट्स जैसे कुछ महत्वपूर्ण सुधारों को शामिल किया गया है। इस योजना के लाभ लेकर ग्राहक सेवानिवृत्त होने के बाद आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और चिंतामुक्त होकर अपनी ज़िन्दगी के सुनहरे पलों का आनंद ले सकेंगे।

- *एन्युटी दरों में सुधारों का लाभ लेकर रिटायरमेंट के बाद आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना होगा और भी आसान*
- *एन्युटैंट की मृत्यु होने पर आश्रित परिवार सदस्यों को मिलेंगे ज़्यादा डेथ बेनिफिट*

जीवन प्रत्याशा में वृद्धि और बचत स्तरों में गिरावट ने आज देश के नागरिकों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद की आय को एक प्रमुख चिंता का विषय बना दिया है। सेवानिवृत्ति बचत में कमी वर्ष 2050 तक 85 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना कर पाने के लिए, भारतीय उपभोक्ताओं को सेवानिवृत्ति के बाद अपनी आर्थिक आत्मनिर्भरता के सभी प्रावधान करना ज़रूरी है। टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन प्लान ग्राहक की जरूरतों और मांगों के अनुरूप विभिन्न प्रकार के गारंटीकृत आय विकल्प प्रदान करता है। यह योजना ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद अपने जीवन को चिंता मुक्त बनाने के लिए पर्याप्त बचत करने में मदद करती है। यह योजना विभिन्न प्रकार के ग्राहकों के लिए उपयोगी है, विवाहित पुरुष और महिलाएं जो अपनी वर्तमान जीवन शैली को भविष्य में भी बनाए रखना चाहते हैं, उनके लिए भी यह उपयुक्त है। यह छोटे और मध्यम उद्यमियों के लिए एक बहुत ही उपयुक्त विकल्प है जो अपने जीवन में एक वित्तीय सुरक्षा कवच बनाना चाहते हैं। टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स के मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री. समित उपाध्याय ने कहा, सेवानिवृत्ति व्यक्ति के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है। नौकरी की जिम्मेदारियों की चिंता करने के बजाय खुद पर ध्यान केंद्रित करने का यह सबसे अच्छा समय होता है। हर व्यक्ति चाहता है कि सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहिए ताकि उनकी जीवनशैली उनके पास मौजूद धन पर निर्भर नहीं रहेगी। सेवानिवृत्ति के बाद आप अपने सभी खर्च आसानी से कर पाएं इसके लिए टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन योजना सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय आत्मनिर्भरता पाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक उत्कृष्ट वित्तीय उपकरण है।

लियो 1 से उच्च-स्तरीय स्कूलों में पढ़ना हुआ आसान

लियो1 से अब बड़े स्कूलों की फीस आसान किस्तों में भर सकेंगे अभिभावक

मुंबई, एजेंसी। अब आपका बच्चा शहर के नामी और सर्वश्रेस्ठ स्कूल / कॉलेज में आसानी से शिक्षा प्राप्त कर सकता है, यह मुमकिन किया है देश के तेजी से बढ़ते एडु - फिनटेक स्टार्टअप लियो1 (लियो वन) ने। इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा द्वारा प्रचारित यह स्टार्टअप देश में लगभग 30 लाख से अधिक बच्चो को एजुकेशन फीस फाइनेंसिंग की सुविधा प्रदान कर रहा है और13,000 से ज्यादा एजुकेशन इंस्टीटूशन्स इस स्टार्टअप के नेटवर्क से जुड़े हुए है।

फीस फाइनेंसिंग की इस सुविधा के अंतर्गत, लियो1 आपके बच्चे की पूरे सालभर की फीस स्कूल को एक बार में दे देता है और पेरेंट्स इस फीस का आसान मासिक किश्तों (जीरो कॉस्ट ईएमआई) में भुगतान कर सकते है वो भी बिना किसी अतिरिक्त ब्याज के। इसके साथ ही लियो1 से फीस फाइनेंस की सर्विस लेने पर यह बच्चो का एक

इन्सुरेंस (बीमा) भी करता है जिससे पेरेंट्स के साथ कोई भी अनहोनी होने पर बच्चों की पूरी फीस कंपनी देती है ताकि पढाई में कोई रूकावट न आये।

लियो1 के संस्थापक और मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित गजभिये ने बताया कि हमारा उद्देश्य देश के हर बच्चे तक क्वालिटी एजुकेशन पहुँचाना है और यही हर पेरेंट्स का सपना होता कि उसका बच्चा अच्छे से अच्छे स्कूल /कॉलेज में शिक्षा ले, लेकिन यह कुछ सीमित परिवारों तक ही संभव हो पाता है क्योकि इसमें सबसे बड़ी बाधा बड़े स्कूलों की फीस होती है।

भारत के नेट जीरो लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में टाटा पावर की पहल सस्टेनेबल इज एटेनेबल लोगों को जागरूक कर निभा रही अहम भूमिका

नई दिल्ली, एजेंसी। सस्टेनेबल इज एटेनेबल अर्थात् टिकाऊ विकास के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस स्लोगन के साथ भारत में हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के अपने दीर्घकालिक जन अभियान को रफ्तार देते हुए, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर और मीडिया कंपनी न्यूज18 मिल कर पृथ्वी दिवस 2023 पर 22 अप्रैल को टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के लिए एक प्रेरणादायक फिल्म रिलीज कर रही है। दे पावर को ग्रीन सिग्नल नामक यह फिल्म अपने ग्रह के लिए निवेश करने की सोच को बढ़ावा देती है।

लद्दाख के मनोरम प्राकृतिक दृश्यों के बीच फिल्माई गई यह फिल्म दर्शाती है कि कैसे सौर ऊर्जा में भविष्य की असीम संभावनाएं छिपी हैं। यह फिल्म हम सभी को स्विचिंग ऑफ (बिजली बंद करने) की चिंता किये बिना हरित ऊर्जा की ओर स्विच करने के लिए प्रेरित करती है। दे पावर को ग्रीन सिगनल फिल्म के जरिये टाटा पावर ने सभी भारतीयों से स्वच्छ ऊर्जा को अपना कर अपने ग्रह यानी पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा के लिए निवेश करने का आह्वान किया है।

फिल्म की नायिका एक आकांक्षी मुक्केबाज है। उसे लद्दाख में अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम से बिजली आपूर्ति की कमी के कारण समझौता करने की जरूरत नहीं पड़ती है। सौर ऊर्जा से उसका बॉक्सिंग क्षेत्र हमेशा रोशन रहता है, जिसमें वह अभ्यास करती है और इस खेल में बड़ा मुकाम हासिल करने के सपने देखती है। मुक्केबाजी में वैश्विक मंच पर देश का नाम रोशन कर रही भारतीय महिला मुक्केबाज उसकी आदर्श हैं। फिल्म की रिलीज के संबंध में जानकारी देते हुए टाटा पावर के ब्रांड एंड कम्युनिकेशंस चीफ श्री ज्योति कुमार बंसल ने कहा, पृथ्वी दिवस के मौके पर हम इस तथ्य पर जोर देना चाहते हैं कि सौर ऊर्जा देशभर में जीवन को रोशन कर रही है और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के भारत सरकार के दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रही है। फिल्म में इस तथ्य को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

आरबीआई ने कैजाद भरूचा को डिप्यूटी मैनेजिंग डायरेक्टर और भावेश झावेरी को एचडीएफसी बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी

मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन साल की अवधि के लिए एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक के रूप में श्री कैजाद भरूचा और बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में श्री भावेश झावेरी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उपर्युक्त नियुक्तियों को प्रभावी करने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ बैंक के निदेशक मंडल की बैठक नियत समय पर बुलाई जाएगी।

कैज़ाद भरूचा की संक्षिप्त प्रोफ़ाइल : कैज़ाद भरूचा 35 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ एक करियर बैंकर हैं। वह 1995 से बैंक से जुड़े हुए हैं। कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति में, वे कॉर्पोरेट बैंकिंग, पीएसयू, पूंजी और कमोडिटी बाजार, वित्तीय संस्थानों, हिरासत, म्युचुअल फंड, वैश्विक क्षमता केंद्र और वित्तीय के क्षेत्रों को कवर करने वाले थोक बैंकिंग, प्रायोजक कवरेज, और बैंक कवरेज के लिए जिम्मेदार हैं।

कार्यकारी निदेशक के रूप में अपने पहले के पद पर वे

कॉर्पोरेट बैंकिंग, उभरते कॉर्पोरेट समूह, व्यवसाय बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा वित्त, कृषि ऋण, ट्रैक्टर वित्तपोषण, वाणिज्यिक वाहन वित्त, वाणिज्यिक उपकरण वित्त, बुनियादी ढांचा वित्त, विशेष संचालन विभाग और समावेशी बैंकिंग के लिए जिम्मेदार थे। पहल समूह। बैंक में वे प्रमुख परिचालन समितियों में कार्यरत हैं। वह नामित निदेशक, वित्तीय खुफिया इकाई और नामित निदेशक, आंतरिक लोकपाल समिति भी हैं। श्री भरूचा के पास रिस्क मैनेजमेंट, क्रेडिट मैनेजमेंट, बैंकिंग और बिजनेस मैनेजमेंट का समृद्ध और व्यापक अनुभव है। श्री भरूचा पहले एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड और इंटरनेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में रह चुके हैं। बैंक में शामिल होने से पहले उन्होंने ट्रेड फाइनेंस और कॉर्पोरेट बैंकिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में एसबीआई कमर्शियल और इंटरनेशनल बैंक में काम किया। उन्होंने बाहरी बैंकिंग संबंधी समितियों में भी बैंक का प्रतिनिधित्व किया है।

भावेश झावेरी की संक्षिप्त रूपरेखा: श्री भावेश झावेरी एचडीएफसी बैंक के समूह प्रमुख - संचालन, नकदी प्रबंधन और एटीएम उत्पाद हैं। अपनी वर्तमान भूमिका में वे देश भर में व्यापार और संचालन के लिए जिम्मेदार हैं और बैंक के विविध उत्पाद सूट में कॉरपोरेट, एमएसएमई और रिटेल वर्टिकल के लिए एसेट, देनदारियों और लेनदेन के लिए एक निर्दोष संचालन निष्पादन क्षमता बनाने और वितरित करने के लिए जिम्मेदार हैं। भुगतान और नकद प्रबंधन, व्यापार वित्त और खजाना, और एटीएम उत्पाद की सेवाएं। उनके पास 36 से अधिक वर्षों का समग्र अनुभव है और उन्होंने बैंक में संचालन, नकदी प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण कार्यों का नेतृत्व किया है। श्री झावेरी 1998 में परिचालन समारोह में बैंक में शामिल हुए। वह वर्ष 2000 में बिजनेस हेड - होलसेल बैंकिंग ऑपरेशंस बने और 2009 में उन्हें ग्रुप हेड - ऑपरेशंस के रूप में नियुक्त किया गया। उन्होंने 2015 में सूचना प्रौद्योगिकी समारोह की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाली। ग्रुप हेड - आईटी के रूप में अपनी पिछली भूमिका में उन्होंने योगदान दिया है। परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाकर बैंक का डिजिटल परिवर्तन जिसके परिणामस्वरूप बैंक के विभिन्न उत्पाद प्रस्तावों में ग्राहक अनुभव में सुधार हुआ है।

तीरंदाजी विश्वकप

भारत में कंपाउंड मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता

अंताल्या (एजेंसी)। ज्योति सुरेखा वेनम और उनकी जोड़ीदार ओजस देवताले ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे की टीम को 159-154 से हराकर विश्वकप तीरंदाजी के पहले चरण में कंपाउंड मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता खोला।

भारत का यह मिश्रित कंपाउंड स्पर्धा में विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले ज्योति और अभिषेक वर्मा ने पेरिस में 2022 में विश्वकप के तीसरे चरण में स्वर्ण पदक जीता था। राष्ट्रीय ट्रायल्स में टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे वर्मा की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया तथा 16 निशानों में से 15 निशाने सही लगाकर अपनी 12वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंदी टीम को एकतरफा फाइनल में आसानी से हराया। ज्योति और 20 वर्षीय देवताले की दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल एक अंक गवाया नहीं तो स्कोर 160 में से 160 होता। ज्योति और देवताले ने लगातार 'परफेक्ट 10' का स्कोर बनाया और जल्द ही 120-116 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद भी उन्होंने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर आसानी से पहला स्थान हासिल किया।

स्टोक्स एक सप्ताह तक बाहर रहेंगे, धोनी फिट हैं : फ्लेमिंग

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपरकिंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी फिट हैं लेकिन ऑलराउंडर बेन स्टोक्स एक और सप्ताह तक नहीं खेल पाएंगे।स्टोक्स इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई की तरफ से पहले दो मैच खेले थे लेकिन इसके बाद वह पांव की चोट के कारण अगले चार मैचों में नहीं खेल पाए।

फ्लेमिंग ने चेन्नई की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सात विकेट से जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,'' बेन स्टोक्स चोटिल हो गए हैं और वह अभी एक सप्ताह तक बाहर रहेंगे। उनकी चोट गंभीर नहीं है और वह वापसी के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है।''

फ्लेमिंग ने कहा कि धोनी अपनी चोट से अच्छी तरह से निपट रहे हैं और उनको लेकर किसी तरह की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा,'' धोनी पूरी तरह ठीक है। वह अपनी चोट से अच्छी तरह से निपट रहे हैं। वह खेलने के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने हमेशा टीम को सर्वोपरि रखा है। अगर उनको लगता है कि वह चोट के कारण योगदान नहीं दे पाएंगे तो वह खुद ही बाहर हो जाएंगे।

ईद के मौके पर नूर अहमद ने किया आईपीएल में डेब्यू

लखनऊ (एजेंसी)। आईपीएल 2023 के 30वें मैच में गुजरात टाइट्स की टीम ने एक युवा खिलाड़ी को डेब्यू करवाया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ गुजरात ने टॉस जीता था। इस दौरान जब प्लेइंग इलेवन सामने आई तो उन्होंने नूर अहमद को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया। ईद के अवसर पर नूर को टीम के उपकप्तान राशिद खान ने डेब्यू कैप दी। ये खिलाड़ी कौन है और कहां से रहने वाला है, आइए हम आपको बताते हैं।

कौन है नूर अहमद

नूर लैफ्ट-आर्म चाइनामैन गेंदबाद हैं, जिनका जन्म 3 जनवरी 2005 को हुआ था। यानी कि वह अभी 18 साल के हैं। नूर अफगानिस्तान से आते हैं। उन्होंने अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए अभी तक 1 वनडे तो एक टी20 मैच खेला है। वनडे में वह विकेट लेने का खाता नहीं खोल पाए, लेकिन वह चर्चा में तब आए जब पिछले साल 14 जून को श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू करते हुए 4 विकेट हासिल किए थे। खास बात यह थी कि उन्होंने तब सिर्फ 10 रन ही दिए थे। यही कारण है कि इस रहस्यमयी गेंदबाज को गुजरात ने अपने साथ जोड़ने का फैसला किया। मिनी ऑक्शन में गुजरात टाइटंस ने उन्हें बेस प्राइस 30 लाख रुपये में खरीदा था।

वहीं, घरेलू क्रिकेट में नूर कुल 51 टी20 मैच खेलते हुए 47 विकेट ले चुके हैं। फर्स्ट क्लास में उन्होंने 4 मैचों में 21 विकेट और लिस्ट-ए में 9 मैचों में 16 विकेट लिए हैं। इसके अलावा नूर अहमद आईपीएल से पहले ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में भी डेब्यू कर चुके हैं। उन्हें मेलबर्न रेनेगेड्स टीम में चुना गया था। वह इस लीग में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने 15 साल और 350 दिन में ही बिग बैश में डेब्यू किया था।

इंपैक्ट प्लेयर के रूप में चमके – बता दें कि नूर गुजरात के लिए खेल चुके हैं, लेकिन तब वह इंपैक्ट प्लेयर के रूप में आए थे। गुजरात ने राजस्थान के खिलाफ हुए अपने आखिरी मैच में नूर को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा था। तब नूर अहमद ने इमेक्ट के तौर पर 2.2 ओवर गेंदबाजी करके 29 रन देकर एक विकेट चटकाया था। उन्होंने संजू सैमसन को पवेलियन की राह दिखाई। लेकिन अब नूर अहमद को अल्जारी जोसेफ की जगह टीम में शामिल किया गया है।

हरभजन ने तेंदुलकर से जुड़ी यादों को किया साझा, कहा-

विश्वकप 2003 के दौरान पाजी ने एक भी दिन प्रैक्टिस नहीं की

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोई भी क्रिकेटर संपूर्ण नहीं होता लेकिन अगर कोई पूर्णता के करीब है तो फिर हरभजन सिंह के दिमाग में एक ही नाम आता है और वह है सचिन तेंदुलकर का। हरभजन ने तेंदुलकर के 50वें जन्मदिन से पूर्व मीडिया से कहा, 'पाजी (तेंदुलकर को उनके जूनियर साथी इसी नाम से पुकारते हैं) संभवतः वह क्रिकेटर हैं जो संपूर्ण होने के काफी करीब है। निश्चित रूप से एक व्यक्ति के रूप में वह आदर्श व्यक्ति हैं तथा हमारे देश में उनके असंख्य समर्थकों और भगवान जैसा दर्जा मिलने के बावजूद जिंदगी को सम्मान और विनम्रता के साथ कैसे जीना चाहिए इसका वह शानदार उदाहरण हैं। हरभजन से जब तेंदुलकर से जुड़ी यादों को साझा करने के लिए कहा गया तो वह हंस पड़े। उन्होंने कहा, 'ढेर सारी यादें हैं। उन्होंने मेरे जीवन में मार्गदर्शक का काम किया है। उनसे जुड़ी कई व्यक्तिगत और भावनात्मक

यादें हैं जिन्हें मैं अपनी कहानी के लिए सुरक्षित रखूंगा लेकिन फिर भी मैं कुछ आपके साथ साझा कर सकता हूं। हरभजन ने कहा, 'तेंदुलकर की प्रतिभा को समझने के लिए एक छोटी सी कहानी ही पर्याप्त होगी। दक्षिण अफ्रीका में 2003 में खेले गए विश्वकप के दौरान पाजी ने एक भी दिन नेट्स पर बल्लेबाजी नहीं की थी। उन्होंने कहा, 'भारतीय गेंदबाजी आक्रमण अच्छा प्रदर्शन कर रहा था लेकिन जवागल श्रीनाथ, आशीष नेहरा, जहीर खान, अनिल कुंबले या मैंने टूर्नामेंट के दौरान नेट्स पर उन्हें एक भी गेंद नहीं की। तेंदुलकर ने उस टूर्नामेंट में 600 से अधिक रन बनाए जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ सेंचुरियन में खेली गई 98 रन की ऐतिहासिक पारी भी शामिल है जिसमें उन्होंने शोएब अख्तर की गेंद पर थर्ड मैन के ऊपर से छक्का लगाया था।

नोवाक जोकोविच 11 साल में पहली बार हमवतन सर्बियाई खिलाड़ी से हारे

बंजा लुका (एजेंसी)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सर्पस्का ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपने हमवतन डुसान लाजोविच से हार गए। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि जोकोविच को अपने हमवतन किसी खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। लाजोविच ने शुक्रवार को खेले गए इस मैच में 6-4 7-6 (6) से जीत दर्ज करने के बाद कहा, 'यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। जोकोविच मेरा अच्छा दोस्त और हमारे देश का नायक है। मैंने उसे हराने के बारे में सोचा तक नहीं था लेकिन ऐसा हो गया। जोकोविच को इससे पहले आखिरी बार सर्बिया के किसी खिलाड़ी से 2012 में हार का सामना करना पड़ा था। तब मैड्रिड में जांको टिप्सारेविच ने उन्हें पराजित किया था।

आज केकेआर वापसी करने के लिए रहेगी बेताब

जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी सीएसके

कोलकाता (एजेंसी)। लगातार तीन मैचों में हार से मुश्किल में फंसी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में जीत दर्ज करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम ने पिछले दोनों मैच जीते हैं और उसका लक्ष्य यहां लगातार तीसरी जीत दर्ज करके अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करना होगा। केकेआर के अभी छह मैचों में चार अंक हैं। उसकी शुरुआत अच्छी रही थी लेकिन पिछले तीन मैचों में उसे सनराइजर्स हैदराबाद, मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

इन तीनों टीम में से दिल्ली और हैदराबाद इस सत्र में संघर्ष कर रहे हैं जबकि मुंबई ने पिछले कुछ मैचों में ही वापसी की है। दिल्ली ने लगातार पांच मैच हारने के बाद केकेआर को हराकर

वर्तमान सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की थी। केकेआर को पिछले तीनों मैचों में बल्लेबाजों की सामूहिक नाकामी के कारण पराजय झेलनी पड़ी क्योंकि इस बीच उसके गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया था। पिछले मैच में दिल्ली के खिलाफ केकेआर के बल्लेबाजों ने 67 गेंदों पर रन नहीं बनाए और उसकी पूरी टीम 127 रन पर आउट हो गई थी।

केकेआर को अब जल्द ही अपने प्रदर्शन में सुधार करके वापसी करनी होगी क्योंकि अब किसी भी तरह की ढिलाई बरतना टीम को महंगा पड़ सकता है। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय ने पिछले मैच में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन उनके साथी बांग्लादेश के लिटन दास नहीं चल पाए थे। ऐसे में नारायण जगदीशन को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर रखकर गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत किया जा सकता है। दिल्ली के खिलाफ मैच में केकेआर के लिए आंद्रे रसेल का फॉर्म में लौटना सकारात्मक पहलू रहे और टीम को उनसे फिर से आक्रामक पारी की उम्मीद रहेगी। केकेआर के गेंदबाजों ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन सुनील नारायण पिछले मैच में नहीं चल पाए थे और वह चेन्नई के खिलाफ मजबूत वापसी करने की कोशिश करेंगे।

ईडन गार्डन्स केकेआर का घरेलू मैदान है लेकिन रविवार को यह धोनी के रंग में रंगा हो सकता है। इस करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज का यह इस ऐतिहासिक मैदान पर आखिरी मैच हो सकता है। यही वजह है कि इस मैच के टिकटों की भारी मांग है। चेन्नई सुपर किंग्स ने पिछले मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। रुतुराज गायकवाड और न्यूजीलैंड के उनके सलामी जोड़ीदार डेवोन कॉनवे टीम को अच्छी शुरुआत दिला रहे हैं। न्यूजीलैंड का बल्लेबाज स्पिनरों को अच्छी तरह से खेल रहा है तथा वह नारायण और वरुण चक्रवर्ती की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार लगता है।

चेन्नई की स्पिन तिकड़ी मोईन अली, रविंद्र जडेजा और महेश तीक्ष्णा भी अपना कमाल दिखाने के लिए तैयार होंगे लेकिन चेन्नई के लिए श्रीलंका का तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना तुरुप का इक्का साबित हुआ है। केकेआर के बल्लेबाजों को उनके सामने संभलकर खेलना होगा।

संभावित प्लेइंग 11

कोलकाता नाइट राइडर्स – जेसन रॉय, लिटन दास (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, नितीश राणा (कप्तान), आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, सुनील नरेन, अनुकुल रॉय, शार्दुल ठाकुर, उमेश यादव, वरुण चक्रवर्ती

चेन्नई सुपर किंग्स – रुतुराज गायकवाड़, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे, शिवम दूबे, मोइन अली, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), महेश ठीकशाना, तुषार देशपांडे, आकाश सिंह, मथीशा पथिराना

समय - शाम 7.30 बजे।

एशियन गेम्स में टीम इंडिया हिस्सा नहीं लेगी

बीसीसीआई ने पुरुष और महिला क्रिकेट टीम भेजने से किया इनकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीसीसीआई ने पहले भी 2010 और 2014 एशियन गेम्स में पुरुष और महिला क्रिकेट टीम को नहीं भेजा था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशियन गेम्स में पुरुष और महिला क्रिकेट टीम भेजने से इनकार कर दिया है। एशियन गेम्स 23 सितंबर से 28 अक्टूबर तक चीन में होना है। इस बार क्रिकेट को भी शामिल किया गया है। यह टी-20 फॉर्मेट में खेला जाना है। एशियन गेम्स का आयोजन पिछले साल होना था, पर कोरोना की वजह से इसे एक साल के लिए टाल दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एशियन गेम्स के शेफ डी मिशन भूपेंदर सिंह बाजवा ने कहा कि क्रिकेट को छोड़कर सभी खेलों की एंट्री भेज दी गई है। चीन में होने वाले एशियन गेम्स में 42 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। बाजवा ने कहा कि एंट्री की आखिरी डेट से पहले बीसीसीआई ने

सूचित किया कि इस साल क्रिकेट के बिजी शेड्यूल होने की वजह से पुरुष और महिला टीम एशियन गेम्स में भाग नहीं लेगी।

अक्टूबर-नवंबर में होना है वनडे वर्ल्ड कप – इस साल मेन्स वनडे वर्ल्ड अक्टूबर-नवंबर में भारत में खेला जाना है। वर्ल्ड कप से पहले सितंबर में एशिया कप भी खेला जाना है। जिसका आयोजन पाकिस्तान में होना है। हालांकि बीसीसीआई ने पहले ही घोषित कर दिया है भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी। हालांकि, भारत के मैच किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जा सकता है।

बीसीसीआई ने पहले भी एशियन गेम्स नहीं भेजी है टीम – बीसीसीआई ने पहले भी एशियन गेम्स में टीम नहीं भेजी है। 2010 और 2014 में एशियन गेम्स में क्रिकेट शामिल था। बीसीसीआई ने दोनों में तब भी पुरुष और महिला टीम को नहीं भेजा था। 2018 जकार्ता एशियन गेम्स में क्रिकेट को बाहर कर दिया गया था। चीन में होने वाले एशियन गेमस से क्रिकेट की वापसी हुई है। एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम को नहीं भेजने का बीसीसीआई का फैसला ऐसे समय पर आया है, जब ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की कवायद चल रही है।

भारत के डी गुकेश फीडे सर्किट लीडरबोर्ड में पहले स्थान पर पहुंचे

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाँच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद के बाद से भारत को उस दूसरे खिलाड़ी का इंतजार है जो विश्व शतरंज चैंपियनशिप की दिशा में आगे बढ़े।

खैर भारत को एक अच्छी खबर मिली है की फीडे कैंडिडेट में सीधे एक स्थान देने वाले फीडे सर्किट लीडरबोर्ड में अब एक भारतीय खिलाड़ी पहले स्थान पर पहुँच गया है। विश्व शतरंज चैंपियनशिप साइकल 2024 के अंतर्गत शामिल फीडे सर्किट लीडरबोर्ड में भारत के डी गुकेश पहले स्थान पर पहुँच गए है। भारत के 16 वर्षीय डी गुकेश नें पिछले दिनो मेनोरका ओपन का खिताब जीतने के बाद 10 बहुमूल्य अंक हासिल किए और यूएसए के दिग्गज खिलाड़ी वेसली सो को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। फिलहाल गुकेश 30.90 अंक के साथ पहले तो वेसली 30.80 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। इस सूची में नीदरलैंड के अनीश गिरि (29.3 अंक), यूएसए के लेवान अरोनियन (26 अंक) और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव (22 अंक) क्रमशः तीसरे से पांचवें स्थान पर चल रहे है।

एसआरएच पर जीत के बाद बोले जडेजा

मैं हमेशा अपनी टीम के लिए कुछ खास करने के लिए तत्पर रहता हूं

चेन्नई (एजेंसी)। भारत के हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने कहा है कि वह शुक्रवार को स्ना के खिलाफ मैन ऑफ द मैच के प्रदर्शन के बाद अपनी टीम सीएसके के लिए हमेशा कुछ खास करने की कोशिश कर रहे हैं। जडेजा ने शानदार गेंदबाजी की, जिसने हैदराबाद को 134/7 का स्कोर पर रोक दिया। इसके बाद सीएसके ने 18.4 ओवर में 138 रन बनाकर 7 विकेट से जीत दर्ज की।

सीएसके के गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो से मैच के बाद बात करते हुए जडेजा ने कहा कि वह अपनी गेंदबाजी से खुश हैं और हमेशा टीम के लिए कुछ खास करने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा, बहुत अधिक, बहुत अधिक। जिस तरह से मैं गेंदबाजी कर रहा हूं, मैं बहुत खुश हूं। मैं हमेशा अपनी टीम के लिए कुछ खास करने के लिए तत्पर रहता हूं। सब कुछ बहुत अच्छा लग रहा है। हम बस कोशिश करते हैं और गति जारी रखते हैं। पिछले तीन-चार मैचों से खेलना अद्भुत रहा है। जडेजा ने मैच में कुछ महत्वपूर्ण कैच लेने वाले रुतुराज गायकवाड़ को भी विशेष सराहना की। भारत के हरफनमौला खिलाड़ी ने महसूस किया कि ब्रुक का कैच महत्वपूर्ण था क्योंकि इसने सीएसके को खेल में ला दिया। जडेजा ने कहा, उसने शानदार कैच लपके। उसने गति निर्धारित की। मुझे पता है कि ब्रूक बहुत अच्छा हिट कर रहा है। मुझे लगता है कि वह कैच बहुत महत्वपूर्ण था। उस कैच ने हमें खेल में ला दिया। फिर स्पिनर आए और उन्होंने मध्य क्रम के कुछ विकेट लिए।

रेसलर-डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष विवाद पर फिर बोलीं विनेश फोगाट,कहा

क्यों हमारा सिस्टम बृजभूषण शरण जैसे माफियाओं के आगे नतमस्तक हुआ

पानीपत (एजेंसी) भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन शोषण के आरोपों की जांच कमेटी गठित हुए आज पूरे 3 महीने हो गए हैं, लेकिन रिपोर्ट का कुछ पता नहीं है। 21 जनवरी को गठित की गई 2 जांच कमेटियों को अपनी जांच रिपोर्ट महज 4 हफ्ते में पेश करनी थी, उन्होंने 12 सप्ताह बाद भी रिपोर्ट की भनक नहीं लगने दी। आरोप लगाने वाले खिलाड़ियों को भी ये बात समझ नहीं आ रही है। इसी बीच विनेश फोगाट ने इस मुद्दे पर फिर 2 ट्वीट किए हैं। हालांकि इस मामले में सांसद बृज भूषण शरण की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। क्यों हमारा पूरा सिस्टम बृजभूषण शरण जैसे माफ़ियाओं के आगे नतमस्तक हो गया है ??? क्या देश के खिलाड़ियों के प्रति किसी की कोई जिम्मेदारी नहीं रह गई है जो उसके शिकार हुए हैं ???.... विनेश के इस ट्वीट पर एक यूजर ने लिखा है कि बबीता फोगाट ले डूबी। वर्ना धरने वाले दिन ऑडी में चढ़कर नहीं भागते तो आज कुछ और ही परिणाम होता। मगर

भाजपा प्रेम तुम्हें ले डूबा। जिस पर विनेश ने जवाब दिया कि भाई साहब भागे नहीं हैं। आज भी सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे हैं और हमेशा लड़ते रहेंगे। इसके अलावा भी अनेकों यूजरों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है कि जब समर्थन में पूरा देश खड़ा था, तब तुमने हर किसी का अपमान किया और भाजपा के लीडर्स की बातों में आकर चलते रहे।

19 अप्रैल की शाम 7.03 बजे दूसरा ट्वीट- कटेंगे 'पर' मेरे फिर भी मेरी परवाज बोलेगी, मेरी खामोशियों में मेरी आवाज़ बोलेगी। कहां तक तुम मिटाओगे 'मेरी हस्ती' मेरा जज्बा, ये मिट्?टी जर्रे जर्रे से मुझे 'जांबाज़' बोलेगी.!!!

जंतर-मंतर पर रेसलर्स का प्रदर्शन और बड़े आरोप – 18 जनवरी को रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान विनेश फोगाट ने रोते हुए आरोप लगाए कि फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कोच नेशनल कैंप में महिला रेसलर्स का यौन उत्पीड़न करते हैं। विनेश ने यह भी कहा कि बृजभूषण खिलाड़ियों के होटल में रुकते थे, जो नियमों के खिलाफ है। टोक्यो ओलिंपिक में हार के बाद डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष ने मुझे खोटा सिक्का कहा। सांसद की सफाई, आरोप सही हुए तो फांसी पर लटक जाऊंगा इसी दिन संघ अध्यक्ष बृजभूषण सामने आए। उन्होंने कहा- किसी भी तरह का उत्पीड़न नहीं हुआ है। अगर हुआ है तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा।

अगुट को हरा कर कार्लोस अल्कराज बार्सिलोना ओपन के क्वार्टर फाइनल में

बार्सिलोना (एजेंसी)। स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने बार्सिलोना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हमवतन रॉबटर बॉतिस्ता अगुट को 6-3,7-5 से हराकर खिताब सुरक्षित रखने की ओर एक कदम और बढ़ा दिया। क्वार्टर फाइनल में गत विजेता अल्कराज का मुकाबला स्पेन के ही अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना होगा, जिन्होंने एमिल रूसुवुओरी को 6-4, 7-5 से हराया है।

दूसरी ओर, स्टेफानोस सिटसिपास ने डेनिस शापोवालोव को 6-3, 6-2 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

किया जहां उनका मुकाबला एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिन्हें ग्रिगोर दिमित्रोव ने वॉकओवर दिया वहीं कैस्पर रूड 15वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरंडोलो से 7-6 (5), 6-3 से हार गये। सेरंडोलो का मुकाबला अब 12वीं वरीयता प्राप्त डेनियल इवांस से होगा।

इस बीच चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने योशीहितो निशिओका को 6-1, 4-6, 6-3 से हराकर इस सत्र में 7वीं बार क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सिनर का अगला मुकाबला लोरेंजो मुसेटी से होगा, जिन्होंने कैमरन नॉरी को 3-6, 6-4, 6-1 से पराजित किया।

संक्षिप्त समाचार

महाराष्ट्र सरकार को सुप्रीम झटका, मराठों को आरक्षण रद्द करने के फैसले पर पुनर्विचार की याचिका खारिज

नई दिल्ली, पीटीआई। सुप्रीम कोर्ट ने अपने 2021 के एक फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। इनमें एक याचिका महाराष्ट्र की भी थी। 2021 के इस फैसले में शीर्ष अदालत ने शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश और सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए मराठों को आरक्षण प्रदान करने संबंधी राज्य के कानून को रद कर दिया था। पांच मई 2021 को पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सुनाया था फैसला जस्टिस अशोक भूषण (अब सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने पांच मई, 2021 को मराठों को आरक्षण प्रदान करने संबंधी फैसले से संबंधित याचिकाओं पर फैसला सुनाया था। पीठ का कहना था कि मराठा आरक्षण ने समानता के अधिकार का उल्लंघन किया था। साथ ही आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा तय करने वाले 29 वर्ष पुराने फैसले पर पुनर्विचार के लिए बड़ी पीठ को संदर्भित करने से इन्कार कर दिया था। महाराष्ट्र सरकार और अन्य ने पिछले वर्ष याचिका दाखिल कर 2021 के फैसले पर खुली अदालत में पुनर्विचार किए जाने की मांग की थी। जस्टिस एमआर शाह, संजीव खन्ना, बीआर गवई, एस. रविंद्र भट और वी. रामासुब्रमणियन की पीठ ने पुनर्विचार याचिकाओं पर विचार किया और 11 अप्रैल को उन्हें खारिज कर दिया।

गुजरात में बीजेपी का स्वच्छता अभियान जारी, सीएम भूपेंद्र पटेल ने झाड़ू लगाकर की शुरुआत

राजकोट, एजेंसी। बालाजी हनुमान मंदिर के बाहर सफाई अभियान में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल हुए। अभियान की शुरुआत उन्होंने खुद झाड़ू लगाकर की। इसके साथ ही उन्होंने इस दौरान मंदिर की आरती में हिस्सा लिया और सफाई कर्मियों से भी बातचीत की। दरअसल प्रदेश बीजेपी की तरफ से राज्य के 24 तीर्थ स्थलों पर सफाई अभियान शुरू किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि विभिन्न मंत्रियों द्वारा 15 से अधिक तीर्थ स्थलों पर सफाई की जाएगी। जगह-जगह हो रहे स्वच्छता अभियान में मुख्यमंत्री, सरकार के मंत्री, सांसद और विधायक समेत पार्टी के कार्यकर्ता भी शामिल हुए हैं। इनके अलावा इसमें नगर पालिका, नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी भी हिस्सा बने हैं। ऐसी खबर है कि ये अभियान श्मशान घाट, मठ और मंदिरों के बाहर भी चलाया जाएगा।

बच्चे के नामकरण समारोह में की हर्ष फायरिंग, गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। जेवर क्षेत्र के कस्बा जहांगीरपुर में बच्चे के नामकरण संस्कार में हुई हर्ष फायरिंग में सीने में गोली लगने के कारण रिस्तेदारी में आया एक व्यक्ति घायल हो गया। आनन-फानन उसे जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हरियाणा के सोलड़ा का रहने वाला प्रेमपाल राणा गांव करौल में अपनी ननिहाल में रहता था। करौल के रहने वाले उदयवीर की बेटी की शादी एक वर्ष पूर्व जहांगीरपुर के मोहल्ला ब्राह्मण पुवैया के रहने वाले धर्मेंद्र के साथ हुई थी। शुक्रवार को धर्मेंद्र के पुत्र के नामकरण संस्कार में करौल से दर्जनों लोग छोछक लेकर जहांगीरपुर आए थे, जिसमें प्रेमपाल भी शामिल था। शुक्रवार दोपहर खाना खाने के बाद छोछक की तैयारी हो रही थी, उसी दौरान रोहित द्वारा की गई हर्ष फायरिंग में सीने में गोली लगने से प्रेमपाल घायल हो गया। आनन-फानन उसे जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई।

शातिर चोर: दिनदहाड़े कटर से घरों की कुंडी काट 15 मिनट में करते थे चोरी, शगुन में ले जाते थे ताला, अब गिरफ्तार

गाजियाबाद, एजेंसी। साहिबाबाद के शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने दिनदहाड़े बंद घरों व फ्लैटों की कटर से कुंडी काटकर 15 मिनट में चोरी करने वाले गिरोह के सरगना समेत सात चोरों को गिरफ्तार किया है। इनमें चोरी के गहने खरीदने वाला एक सुनार भी शामिल है। 40 लाख रुपये के गहने, घटना में प्रयुक्त कटर, मिर्ची स्प्रे, लोहे की नुकीली राड व कार बरामद हुई है। सरगना दिल्ली एयरपोर्ट से दबोचा गया है। यह गिरोह चोरी करने के बाद घर में बंद ताला शगुन के तौर पर अपने साथ ले जाता था। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन विवेक चंद यादव ने बताया कि आरोपित वसीम, जावेद, विकास जायसवाल, सुरेश, अलाउद्दीन, रोशन और मोहम्मद अली हैं। सभी दिल्ली में जहांगीरपुरी व आसपास रहते हैं। वसीम गिरोह का सरगना है। 2014 से दिल्ली-एनसीआर में चोरी की वारदात कर रहा है। उसके खिलाफ दिल्ली में 118 मुकदमे दर्ज हैं। वह जनवरी के अंत में जेल से बाहर आया और फिर से चोरी करने लगा। गुरुवार को वह बंगाल के हलदिया में ससुराल जाने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था। पुलिस ने उसे एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया। उससे मिली जानकारी के आधार पर अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों में सुरेश सुनार है। वह चोरी के गहने खरीदता था। जावेद, अलाउद्दीन और विकास जायसवाल चोरी के गहने बिकवाते थे। अलाउद्दीन जावेद का बहनोई है। अलाउद्दीन का रिश्तेदार भी सुनार है। रोशन कार चालक है। इन्होंने शालीमार गार्डन और साहिबाबाद में तीन, कौशांबी में दो और विजय नगर में एक चोरी की थी। गिरोह का रफीक और असलम फरार है। रफीक पर चोरी के 69 मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ 25-25 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की जाएगी।

हत्या मामले में नाबालिग निर्दोष करार, दोबारा जांच के लिए कोतवाली प्रभारी को कोर्ट में पेश होने का आदेश

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। हत्या के एक मामले की सुनवाई के बाद जुविनाइल जस्टिस बोर्ड ने नाबालिग को निर्दोष करार दिया है। मामले की दोबारा से जांच कर ईकोटेक तीन कोतवाली के तत्कालीन इंचार्ज भुवनेश कुमार को 25 अप्रैल को बोर्ड के सामने उपस्थित होने का निर्देश दिया है। विनोद कुमार अपने परिवार के साथ कुलेसरा में रहते थे। उनकी पत्नी विमलेश का किसी अन्य व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग था। इस बात को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। 16 अक्टूबर 2021 को विमलेश ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर विनोद की हत्या कर दी थी। विनोद के भाई नरेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि नाबालिग घटना में शामिल नहीं था। हत्या के आरोप में नाबालिग पिछले लगभग 13 माह से जेल में ही बंद है। एक नाबालिग लड़की मामले में गवाह बनी थी। न्यायालय में मामले की सुनवाई चल रही थी। लड़की ने अपने बयान में कहा था कि वह आरोपितों को पहचानती है। न्यायालय के सामने लडकी ने आरोपित महिला व उसके प्रेमी को पहचान लिया लेकिन नाबालिग लड़के के घटना में शामिल होने से इंकार कर दिया।

राजनाथ सिंह ने प्रकाश सिंह बादल के स्वास्थ्य की ली जानकारी, तबियत बिगड़ने से अस्पताल में हुए थे भर्ती

नई दिल्ली, एजेंसी। शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद मोहाली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल से फोन पर बात की और अस्पताल में भर्ती प्रकाश सिंह बादल के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। रक्षा मंत्री ने स्वयं ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा, श्री सुखबीर बादल से बात की और अस्पताल में भर्ती पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। बता दें कि प्रकाश सिंह बादल को सांस लेने में हुई तकलीफ की शिकायत के बाद मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बादल को ऑब्जर्वेशन में रखा गया था। फिलहाल हालत स्थिर बताई गई है।

95 साल के प्रकाश सिंह बादल की स्वास्थ्य स्थिति पर डॉक्टर्स लगातार नजर बनाए हुए हैं। प्रकाश सिंह बादल को रविवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रह चुके बादल को पिछले साल जून में उदर रोग और दमा संबंधी समस्याओं की शिकायत के बाद भीअस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, फरवरी 2022 में उन्हें कोविड-19 के बाद की स्वास्थ्य जांच के लिए मोहाली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राजनाथ सिंह भी स्वंय कोरोना की महामारी से जूझ रहे हैं। 20 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कोरोना पॉजिटिव होने की सूचना मिली थी।

डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार, एक की मौत कई घायल

गाजियाबाद, एजेंसी। साहिबाबाद के लिंक रोड थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र साइट चार में एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार एक युवक की मौत हो गई।

घायलों को यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है जिसमें सामने आया है कि कार सवार लखनऊ से वैशाली आ रहे थे। मृतक की पहचान आदित्य प्रताप सिंह के रूप में हुई है।

गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में सूर्य नगर फ्लाईओवर के पास डिवाइडर से टकराई फॉर्च्यूनर कार को आदित्य प्रताप सिंह चला रहा था। जिस वक्त हादसा हुआ उस वक्त कार में पांच लोग सवार थे।

आदित्य प्रताप सिंह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्य था, जो दिल्ली के जाकिर हुसैन कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। आदित्य प्रताप सिंह के पिता का नाम नीलू प्रताप सिंह है। उनका बाराबंकी एवं लखनऊ में रियल स्टेट का कारोबार है। घायलों के नाम अनित, भव्य सिंह, एवं बन्नी है। घायलों को कौशांबी के यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महापौर पद के लिए भाजपा में घमासान

गाजियाबाद, एजेंसी। महापौर की टिकट को लेकर भाजपा में घमासान जारी है। महिला मोर्चा की टीम लखनऊ पहुंची प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह को कोर कमेटी द्वारा नेताओं की पत्नियों को टिकट न दिए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया।

संगठन और कोर कमेटी के लोग पहले से ही लखनऊ में मौजूद हैं। संगठन वार्ड व निकाय अध्यक्ष के प्रत्याशियों की सूची जारी कर सकता है, जिसके बाद ही गतिरोध पर विराम लगेगा।

गाजियाबाद महापौर के लिए निवर्तमान महापौर आशा शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दयाल के अलावा भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की पत्नी रितु शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल की पत्नी डॉ. रुचि गोयल और यशोदा अस्पताल, नेहरूनगर के निदेशक डॉ. दिनेश अरोड़ा की पत्नी शशि अरोड़ा का नाम कोर कमेटी ने बुधवार को लखनऊ भेजा था। इसकी भनक लगते ही बृहस्पतिवार को महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष पूनम कौशिक ने 30-35 नेत्रियों के साथ दिल्ली स्थित

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया था। नाराजगी नेत्रियों के बजाय नेताओं की पत्नियों को तरजीह देने को लेकर थी। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने बात कर इन्हें लखनऊ बुलाया था। पूनम कौशिक कि पहले पार्टी कार्यालय पर उन्होंने प्रदेश मंत्री एवं एमएलसी सुभाष यदुवंश से मुलाकात की और फिर मुख्यमंत्री आवास पर चौधरी भूपेंद्र सिंह व धर्मपाल सिंह को ज्ञापन दिया। मोर्चे ने अपनी बात रख दी है कि नेताओं की पत्नी के बजाय पार्टी के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं को ही तवज्जो मिलनी चाहिए। रार से भी फिर चर्चाओं का बाजार गर्म पिछले कुछ चुनाव में भाजपा में लगातार विवाद हो रहा है। अब महापौर के लिए शुरू हुई रार के बाद टिकट फाइनल होने को लेकर फिर से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। रार के बाद कई लोगों को निराशा की आशंका हो रही है तो वहीं कुछ को उम्मीद की नई किरण नजर आने लगी है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि भाजपा विवाद से बचती है। पूर्व के चुनावों में भी ऐसा देखा गया है कि कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज नहीं किया जाता है। इसीलिए पार्टी ऐसे किसी चेहरे को महापौर के पद के लिए उतार सकती है, जिस पर कोई अंगुली न उठा सके और जो निर्विवाद हो। किसको निराशा मिलेगी और किसे मौका, यह तो आधिकारिक सूची आने के बाद ही पता चलेगा। मगर चर्चाएं तरह-तरह की हैं।

बड़े भाई ने लिव-इन पार्टनर का गला दबाकर की हत्या, छोटे ने पकड़े पैर; साथ देने वाली बहन गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। महालक्ष्मी विहार में महिला की हत्या के बाद सड़क पर फेंके गए शव की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। महिला के लिव इन पार्टनर ने गला घोंटकर उसकी हत्या की थी। महिला की पहचान उत्तराखंड के मिराजपुर निवासी रोहिना नाज उर्फ माही के रूप में हुई थी।

उसके लिव इन पार्टनर ने अपनी बहन और भाई के साथ मिलकर हत्या की। बाद में मोटरसाइकिल पर शव रखकर घर से 19 किलोमीटर दूर ले जाकर सुनसान जगह फेंक दिया था। पुलिस ने हत्या में शामिल पार्टनर की बहन को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान भोलानाथ नगर निवासी पारुल के रूप में हुई है। महिला का पार्टनर विनीत पंवार व उसका भाई मनीष फरार है। पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त डा. जाय टिर्की ने बताया बताया कि 12 अप्रैल रात 10:40 बजे करावल नगर के महालक्ष्मी विहार में सड़क पर एक महिला का शव मिला था। मृतका की पहचान नहीं हुई थी, 15 अप्रैल को पोस्टमार्टम कराया तो पता चला महिला की गला घोंटकर हत्या की गई है।

वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग दिखे, दूसरे फुटेज में सिर्फ दो ही लोग नजर आए। पता चला कि मोटरसाइकिल से फेंककर गए हैं। जिसके बाद पुलिस ने 12 किलोमीटर क्षेत्र के फुटेज खंगालते हुए फर्श बाजार में पहुंची। वहां के एक फुटेज में दिखा एक शख्स कंधे पर शव को रखकर ले जार रहा है।

उसके साथ एक महिला भी मौजूद थी। पुलिस ने मृतका के साथ ही फुटेज में दिख रहे दोनों लोगों की पहचान की। पुलिस मृतका के घर गई तो ताला लगा मिला। पुलिस को पता चला रोहिना (लिव इन पार्टनर) पारुल के साथ रहती थी, वह घर खाली करके फरार है। वह घर का सामान तांगे पर लादकर ले गई।

पुलिस ने तांगे वाले को तलाश करना करना शुरू किया, वह इलाके में पुलिस को मिल गया। पुलिस ने उससे महिला के घर का पता किया। भोलानाथ नगर से सात किलोमीटर दूर कृष्णा नगर से महिला को किराये के घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित महिला ने पुलिस को बताया कि 12 अप्रैल को उसके भाई विनीत ने गला दबाया था, जबकि मनीष ने उसके पैर पकड़े थे। हत्या के बाद शव को कई घंटे बेड में छिपा दिया था। पुलिस ने बताया वर्ष 2017 में विनीत और रोहिना इंटरनेट मीडिया के जरिये मिले थे। दोनों अलग-अलग धर्म से थे। घर वालों को उनका यह रिश्ता पसंद नहीं था। चार वर्ष पहले दोनों घर से भाग गए थे। लेकिन उन्होंने शादी नहीं की और लिव इन में रहने लगे। विनीत मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित काकरीपुर गांव का रहने वाला था।

ओमान में नौकरी का झांसा देकर ठगे साढ़े 7 लाख, ऑस्ट्रेलिया से कॉल और फिर इंटरव्यू

गुरुग्राम, एजेंसी। नौकरी देने वाली कंपनी के अधिकारी बनकर ठग गिरोह ने गुरुग्राम के एक युवक से ओमान में नौकरी देने के नाम पर साढ़े सात लाख रुपये ठग लिए। युवक ने पालम विहार साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। डीएलएफ न्यू टाउन हाइट्स निवासी वेंकट रमन पटनायक ने बताया कि उनके पास दिसंबर 2022 में एक नौकरी कंपनी के अधिकारी ने फोन किया। उसने वेंकट से कहा कि आपको ओमान की एक कंपनी ने शार्ट लिस्ट किया है। कंपनी उन्हें मस्कट के वार्ली कार्यालय का सीएफओ बनाना चाहती है। इसके बाद कथित तौर पर सिडनी से फोन कर इंटरव्यू किया गया। ठगों ने सेलेक्ट कर उन्हें ऑफर लेटर भी ई-मेल से भेजा। इसके बाद उनसे इंप्लाई वेरिफिकेशन, मेडिकल टेस्ट, पीआरओ चार्ज, सिक्योरिटी बांड और एनओसी समेत अन्य कामों के लिए पैसे जमा कराए गए। साथ ही उनसे कहा कि कंपनी उन्हें यह पैसा ज्वाइनिंग के बाद लौटा देगी। वेंकट से 7,53,849 रुपये जमा कराए गए। इसके बाद उनसे छह लाख रुपये और मांगे गए। इस पर उन्हें ठगी होने का अहसास हुआ। उन्होंने थाने में ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। वेंकट ने पुलिस को बताया कि उनके पास भारत और आस्ट्रेलिया से कई बार फोन किया गया था।

कनाडा सरकार के 155,000 कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से इमिग्रेशन सेवाएं प्रभावित होंगी

टोरंटो , एजेंसी। इमिग्रेशन, रिफ्यूजी एंड सिटीजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) ने घोषणा की है कि, 155,000 से अधिक कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिक संघ द्वारा हड़ताल के बाद आवेदनों और पासपोर्ट सेवाओं के प्रसंस्करण में देरी और व्यवधान की उम्मीद की जा सकती है, जो अधिकांश सरकारी विभागों को प्रभावित करेगा। कनाडा के लोक सेवा गठबंधन (पीएसएसी), संघीय श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाला संघ, 19 अप्रैल को हड़ताल पर चला गया, जब वह मजदूरी और काम करने की अच्छी परिस्थितियों से संबंधित मुद्दों पर सरकार के साथ एक समझौते पर पहुंचने में विफल रहे। आईआरसीसी ने एक बयान में कहा, इस श्रम व्यवधान के दौरान, कुछ सेवाओं में देरी हो सकती है या बिल्कुल भी वितरित नहीं की जा सकती है। साथ ही, जनता को कनाडा की सरकार की कुछ इमारतों तक पहुंचने में परेशानी हो सकती है, जहां सेवाएं प्रदान की जाती हैं। कनाडा के आव्रजन निकाय ने कहा कि आवेदनों को संसाधित करने, आव्रजन से संबंधित नियुक्तियों, ईमेल, फोन या सोशल मीडिया के माध्यम से आईआरसीसी से संपर्क करने, कांसुलर नागरिकता और पासपोर्ट सेवाओं, नागरिकता समारोहों और कनाडा में रहने के विस्तार में व्यवधान और देरी की उम्मीद की जा सकती है। हालांकि, कुछ आईआरसीसी सेवाएं, जैसे ऑनलाइन आवेदन करना, आईआरसीसी को ावेदन भेजना, अपने ऑनलाइन खातों का उपयोग करना, आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करना, श्रम व्यवधान के दौरान उपलब्ध रहेगा। संघीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा, और कनाडा के बाहर वीजा आवेदन केंद्र भी उपलब्ध रहेंगे। रोजगार और सामाजिक विकास कनाडा (ईएसडीसी), जो देश की आव्रजन प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अमेरिका में बढ़ाई जा सकती है एच-1बी वीजा की संख्या

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में जाकर नौकरी करने का सपना देखने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। इस साल भारतीयों को 10 लाख वीजा जारी किया जा सकता है। ऐसी खबर है कि कार्य वीजा को भी प्राथमिकता दी जा रही है। दक्षिण और मध्य एशिया के अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने हाल ही में पीटीआई एजेंसी को एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने कहा कि वे कार्य वीजा को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। इनमें एच-1बी और एल वीजा, जो भारत के आईटी पेशेवरों द्वारा सबसे अधिक मांग वाले वीजा में शामिल हैं।

एच-1बी वीजा की सबसे ज्यादा मांग: अमेरिका की तरफ से प्रत्येक साल 85 हजार एच-1बी वीजा जारी किए जाते हैं। इनमें से करीब 20 हजार वीजा ऐसे हैं जो अमेरिका की यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के लिए जाने वाले स्टूडेंट्स को दिए जाते हैं। वहीं भारतीय पेशेवरों में एच-1बी वीजा की सबसे ज्यादा मांग होती है। ऐसे में एच-1बी वीजा की संख्या बढ़ती है तो भारतीयों को इसका फायदा मिल सकेगा। एच-1बी वीजा एक गैर-अप्रवासी वीजा

है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कर्मचारी रखने के लिए को अलग व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है, खासकर जो टेक्निकल एक्सपर्ट हों।

वीजा के लिए श्रमिकों को मिलेगी प्राथमिकता- लू: डोनाल्ड लू ने बताया कि टेक्नोलॉजी संबंधित कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस पर निर्भर रहती हैं। उन्होंने कहा, हम इस साल दस लाख से अधिक वीजा जारी करने वाले हैं। इतने वीजा जारी करना हमारे लिए भी एक रिकॉर्ड ही है। साथ ही उन्होंने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका में आने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के मामले में भारत अब दुनिया में दूसरे नंबर पर है।भारत में हमारे कुछ कांउस्लर सेक्शन में इंतजार करने का समय इन वीजा के लिए अब 60 दिनों से कम होगा। हमारा इस बात पर भी ध्यान रहेगा कि श्रमिकों के लिए वीजा को प्राथमिकता दी जाए, क्योंकि यह अमेरिकी और भारतीय अर्थव्यवस्था दोनों के लिए जरूरी है। डोनाल्ड लू ने ये भी कहा कि आईटी प्रोफेशनल्स जो एच-1बी वीजा पर हैं और अपनी नौकरी खो चुके हैं। इन्हें लेकर होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की तरफ से नई जानकारी दी गई है। इसे लेकर भी ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही अब हम जानते हैं कि 1 लाख से अधिक अमेरिकी भारत में भी रह रहे हैं।

क्वीन एलिजाबेथ की पड़पोते-पोतियों के साथ फोटो, केट मिडलटन ने शेयर की तस्वीर, इसमें हैरी-मेगन के बच्चे मौजूद नहीं

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन की पूर्व महारानी एलिजाबेथ का शुक्रवार को 97वां जन्मदिन था। इस मौके पर प्रिंसेज ऑफ वेल्स केट मिडलटन ने एलिजाबेथ की एक अनोखी तस्वीर शेयर की। इस फोटो में क्वीन पहली बार अपने पड़पोते-पोतियों के साथ नजर आ रही हैं। ये तस्वीर पिछले साल एलिजाबेथ के निधन से पहले बाल्मोरल में एक फैमिली ट्रिप के दौरान ली गई थी।

फोटो में एलिजाबेथ के साथ विलियम-केट के तीनों बच्चे प्रिंस जॉर्ज, प्रिंस लुइस और प्रिंसेज शारलट सहित कुल 10 बच्चे मौजूद हैं। हालांकि, इसमें हैरी-मेगन के बच्चे आर्ची और लिलिबेट नजर नहीं आ रहे हैं। केट ने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते

हुए लिखा- आज क्वीन एलिजाबेथ 97 साल की हो गई होतीं। ये तस्वीर उनके पोतों और पड़पोतों के साथ की है। इसके अलावा रॉयल फैमिली ने भी क्वीन के जन्मदिन पर एक तस्वीर शेयर की। इस पर लिखा हुआ था- आज महारानी एलिजाबेथ का 97वां जन्मदिन होता। इस खास दिन पर हम उनके शानदार जीवन और विरासत को याद कर रहे हैं। एलिजाबेथ के निधन से पहले हर साल अप्रैल में उनका जन्मदिन परिवार के साथ निजी तौर पर मनाया जाता था। इस दिन पूरे ब्रिटेन में रॉयल पार्क और महलों में सैनिक सलामी देते थे। इसके अलावा हर साल जून में क्वीन एलिजाबेथ का ऑफिशियल जन्मदिन भी मनाया जाता था। इस दिन लंदन के हॉर्स गार्ड परेड में वार्षिक मिलिट्री परेड ट्रूपिंग द कलर का आयोजन किया जाता था। इसके बाद महारानी बकिंघम पैलेस की रॉयल बालकनी में खड़े होकर अपने प्रशंसकों का धन्यवाद करती थीं। इस दौरान वो अपने बच्चों के साथ रॉयल एयर फोर्स की फ्लाईपास्ट भी देखती थीं। पिछले साल 8 सितंबर को हुआ था निधन ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का पिछले साल 8 सितंबर को निधन हो गया था। तब वो स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कासल में मौजूद थीं। वो ब्रिटेन पर सबसे ज्यादा साल (70 साल) तक राज करने वाली महारानी रहीं। उन्होंने 6 फरवरी 1952 को ब्रिटेन का शासन संभाला था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555